हिन्दी दैनिक

प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 09.11.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 107 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

आदिवासियों से जल, जंगल और जमीन छीनना चाहते हैं भाजपा के लोग : राहुल गांधी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सिमडेगा : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए संघर्ष किया था लेकिन भाजपा आदिवासी को वनवासी कहती है। ऐसा इसलिए क्योंकि, भाजपा के लोग आपका जल, जंगल और जमीन छीनना चाहते हैं। इसलिए वो आपको वनवासी कहते हैं। आदिवासी का मतलब है, उस जगह का सबसे पहला मालिक। इसलिए कांग्रेस आपको आदिवासी कहती है। वनवासी का मतलब है कि आप जंगल में रहते हो। इसलिए आपका जल, जंगल और जमीन पर कोई अधिकार नहीं है। इसलिए भाजपा आदिवासी को वनवासी कहती है। राहुल शुक्रवार को झारखंड के सिमडेगा में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन संविधान को बचाने में जुटी है जबकि भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है। महागठबंधन और कांग्रेस चाहती है कि समाज में समानता हो और देश को संविधान के माध्यम से चलाया जाए लेकिन भाजपा ऐसा नहीं चाहती। इस संविधान में आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग के लोगों की सुरक्षा निहित है लेकिन भाजपा

इसे खत्म कर बिरसा मुंडा की सोच को दबाना चाहती है। बाबा साहब अंबेडकर और महात्मा गांधी के विचारों को खत्म करना चाहती है। राहुल ने कहा कि हम चाहते हैं कि इस देश को 90 प्रतिशत लोग मिलकर चलाएं लेकिन भाजपा चाहती है कि इस देश को दो तीन लोग ही चलाएं नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, अंबानी और अडानी। राहुल गांधी ने कहा कि हमने जाति जनगणना की मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग जहां जाते हैं एक भाई को दूसरे भाई से लड़ाते हैं। एक धर्म को दूसरे धर्म से और एक जात को दूसरी जात से, एक भाषा को दूसरे भाषा से लड़ाते हैं और गुस्सा नफरत फैलाते है। राहुल ने कहा कि मणिपुर को जलने देने का काम भाजपा के विचारधारा ने किया है और आज तक प्रधानमंत्री वहां नहीं गए हैं। इसीलिए हमने 4,000 किलोमीटर की पदयात्रा कर लोगों से कहा कि नफरत की दुकान में मोहब्बत की दुकान खोलेंगे। हिंदुस्तान में सब लोग मिलकर एक साथ इज्जत से रहेंगे। साथ ही कहा कि हमारी सरकार यहां बनेगी तो आपके खाते में अभी हजार रुपये आता है लेकिन वह 2,500 खटाखट-खटाखटआएगा। आरक्षण को हम बढ़ाएंगे। एसटी का 26 प्रतिशत से 28 प्रतिशत, एससी का 10 से 12 प्रतिशत, ओबीसी का 14 प्रतिशत से बढ़कर 27 प्रतिशत करेंगे। राहुल ने कहा कि हर परिवार को 15 लाख का बीमा कवर मिलेगा। साथ ही किसानों को 3,200 रुपये क्विंटल धान के लिए हमारी सरकार देगी। गैस सिलेंडर 450 रुपये और राशन हर व्यक्ति को हर महीने साथ किलो दिया जाएगा। युवाओं के लिए हर ब्लॉक में डिग्री कॉलेज और डिस्ट्रिक्ट लेवल पर प्रोफेशनल कॉलेज, 500 एकड़ का इंडस्ट्रियल पार्क हर जिले में एवं एक मिलियन युवाओं को रोजगार देने का हम वादा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें हम लोगों ने अडानी और अंबानी के लिए कुछ नहीं किया। हम लोगों ने महिलाओं की बैंक अकाउंट में पैसा, किसानों को सही दाम, युवाओं को रोजगार, गैस सिलेंडर और आरक्षण देने की बात कही है। ये गरीबों की सरकार का काम है।

एक नजर

दुबई में भी गूंजे छठी मैया के गीत

दुबई : संयुक्त अरब अमीरात के शहर दुबई स्थित अल ममजार बीच पर लोक आस्था का पर्व छठ पूरे श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। शुक्रवार को व्रतियों ने यहां उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर छठी मैया का विधिवत पूजन किया। इस दौरान चारों ओर छठी मैया के गीत गुंजायमान हो रहे थे। अल ममजार बीच पर उत्तर प्रदेश और बिहार के लगभग 300 परिवार के लोगों ने छठ पूजा किया। आज भोर से ही व्रती महिलाओं और पुरुषों का बीच पर बने छठ घाट पर पहुंचना शुरू हो गया था। लोग समुद्र के पानी में खड़े होकर भगवान सूर्य के उदय होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। सूर्य के उदय होते ही लोगों का अर्घ्य देना शुरू हो गया। अनजान स्त्री-पुरुष भी अर्घ्य दिलवा रहे थे। लोग सूर्य भगवान और छठी मैया की जय-जयकार कर रहे थे। तो कुछ छठी मैया के परंपरागत गीत से माहौल को भक्तिमय कर रहे थे। अर्घ्य के बाद प्रसाद लेने का क्रम शुरू हुआ। लोग व्रती महिलाओं का पैर छूकर आशीर्वाद के साथ प्रसाद लेते हुए दिखाई दिए। इसके पूर्व गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर छठी मैया का पूजन किया गया।

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की रैली में उमड़ी भीड़

ढाका : बांग्लादेश के नया पलटन क्षेत्र में इस समय तिल रखने की जगह नहीं है। यहां से आज बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का जुलूस निकलना है। यह जुलूस माणिक मिया एवेन्यू पहुंचकर रैली में तब्दील हो जाएगा। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के हजारों समर्थक और कार्यकर्ता इसमें शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। इस वजह से यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। ढाका से छपने वाले अखबार प्रोथोम अलो के अनुसार, नया पलटन में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का मुख्यालय है। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद पार्टी की यह पहली रैली है। पार्टी ने इसे ₹राष्ट्रीय क्रांति और एकजुटता दिवस₹ नाम दिया है। जुलूस की अगुवाई पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर करेंगे। दोपहर करीब दो बजे पार्टी के हजारों कार्यकर्ता रंग-बिरंगे परिधानों और राष्ट्रीय और पार्टी के झंडों के साथ मालीबाग, मोतीझील और शाहबाग तक नजर आए। जुलूस में शामिल लोग शांतिनगर, मालीबाग, ककरैल, शाहबाग, कारवां बाजार और फार्मगेट के माध्यम से माणिक मिया एवेन्यू तक पहुंचेंगे।

फेमस टीवी एक्टर नितिन चौहान का निधन

मुंबई : टीवी शो स्प्लिट्सविला 5, क्राइम पेट्रोल और फ्रेंड्स में काम चुके मशहूर टीवी एक्टर नितिन चौहान का गुरुवार की रात निधन हो गया है। वे महज 35 साल के थे। उनकी अचानक मौत से टीवी इंडस्ट्री शोक में डूब गई है। उनके निधन की खबर सुनकर फैंस भी सदमे में हैं। एक्ट्रेस विभूति ठाकुर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए अपने दोस्त नितिन चौहान के निधन की जानकारी दी है।

हमारी सरकार को पूरा काम नहीं करने दिया गया : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

लातेहार : लातेहार में सीएम हेमंत सोरेन ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये चुनाव समय से पहले हो रहा है। हमारी सरकार को पूरा काम नहीं करने दिया गया। कहा कि इससे पहले इनकी डबल इंजन की सरकार थी। लेकिन उनके कार्यकाल में समय से पहले चुनाव नहीं हुआ। कहा कि हमारी सरकार बनते ही कोरोना आ गया। लोगों की सेवा करते-करते हमारे दो मंत्री चल बसे। एक जगरनाथ महतो और दूसरे हाजी हुसैन अंसारी। लेकिन राज्य की जनता को हमने असुविधा नहीं होने दी। यही नहीं, कोरोना काल में झारखंड देश को सबसे अधिक ऑक्सीजन सप्लाई करने वाला राज्य बनकर राष्ट्री फलक पर उभरा। उन्होंने कहा बैजनाथ राम, जो कि लातेहार से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार हैं, को हमने मंत्री बनाया। लेकिन मंत्री बनते ही चुनाव की घोषणा कर दी गयी। इनको काम भी नहीं शुरू करने दिया गया। कहा कि बैजनाथ राम को आप विधानसभा भेजें। इनको दिया गया हर वोट मेरा ही होगा। सीएम ने आग कहा कि आपकी अबुआ सरकार ने बिना किसी जाति, बिना किसी धर्म, बिना किसी अमीरी-गरीबी के आंकड़ें देखे बिना सभी झारखंडी के लिए काम किया है। रोटी - 11 लाख राशन कार्ड धारकों से संख्या बढ़ाकर 40 लाख परिवारों को जोड़ा है। सभी गरीब को कपड़ा - धोती साड़ी योजना से सभी को लाभ दिया गया है। सीएम ने कहा कि हम 25 लाख अबुआ आवास बना रहे हैं। शहरों के लिए 8 नए टाउनशिप लाएंगे जिससे हर झारखंडी को अपना घर 2028 तक मिलेगा। उन्होंने आगे कहा, हर झारखंडी परिवार को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है। इसका मतलब है मतलब है हर माह 1100 रुपये की सीधी सहयता हमेशा जारी रहेगी। पुरानी बिजली माफी हमेशा कायम रहेगी।

सरकार नहीं बनाते तो 20 हजार लोगों को जेल भेज देती भाजपा : हेमन्त सोरेन

खूंटी : पत्थलगड़ी मामले में हजारों लोगों पर दर्ज केस को लेकर हेमन्त सोरेन ने भाजपा पर हमला बोला। हेमन्त ने शुक्रवार को अड़की में विकास कुमार मुंडा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। हेमन्त ने लोगों को बताया कि झारखण्ड में 20 साल तक डबल इंजन की सरकार रही। डबल इंजन की सरकार में खूंटी के हजारों लोगों पर देशद्रोह का केस दर्ज हुआ। अगर सरकार नहीं बदलती तो यहां के 20 हजार लोगों को भाजपा जेल भेज देती। सरकार में आते ही हमने देशद्रोह का केस वापस लिया। हर चौक चौराहे पर भाजपा टक्कर देने वाले मिलेंगे हेमन्त ने कहा भाजपा वाले जानते हैं आदिवासी ऐसे नहीं मानेगा। इनको या तो गोली मारो या जेल में डालो। लेकिन यह भगवान बिरसा मुंडा की धरती है। हर चौक चौराहे पर भाजपा को टक्कर देने वाले लोग मिल जाएंगे। ये वीरों की धरती है। हेमन्त ने कहा कि असम का मुख्यमंत्री यहां आकर मंडरा रहा है। बेटी बचाने की बात करता है। मणिपुर में तो भाजपा की सरकार है। वहां कैसे बेटियों को नंगा कर घुमाया जा रहा है और ये लोग बेटी बचाने की बात करता है। उससे तमाड़ की जनता पूछे।

हेमन्त सोरेन ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्पित किया अर्घ्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : लोकआस्था, पवित्रता तथा सूर्य उपासना के महापर्व छठ के पावन अवसर पर रांची के हटनिया तालाब छठ घाट पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर झारखंडवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जयप्रकाश नगर, पहाड़ी टोला निवासी विष्णु उरांव (ट्रक ड्राइवर) की धर्मपत्नी पिंकी देवी, अलकापुरी, रातू रोड निवासी संजय चौधरी (ऑटो ड्राइवर) की धर्मपत्नी उर्मिला देवी, मेट्रोगली, बिरला मैदान निवासी सुरेश लोहरा (रिक्शा चालक) की धर्मपत्नी पूनम देवी एवं कचहरी चौक में पान दुकान चलाने वाले विनोद वर्मा आदि छठव्रती के परिजनों के साथ भगवान भास्कर को संध्या अर्घ्य अर्पित कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा की अलौकिक परंपरा निभाने की संस्कृति सदियों से चली आ रही है। छठ महापर्व प्रकृति, कृतज्ञता, सामाजिक तथा पारिवारिक एकता का प्रतीक है। मैं इस अवसर पर समस्त राज्यवासियों को छठ महापर्व की हार्दिक बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं देता हूं। छठी मईया एवं भगवान सूर्य देव से प्रार्थना है कि समस्त झारखंडवासियों के कल्याण के साथ-साथ सुख, समृद्धि, खुशहाली, शांति एवं निरोगी काया प्रदान करें।

गठबंधन सरकार की गलत नीतियों से झारखंड में बढ़े बांग्लादेशी घुसपैठिए : मोहन यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पलामू : जिले के तरहसी प्रखंड क्षेत्र के अमानत नदी किनारे मानगढ़ में शुक्रवार को चुनावी जनसभा में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शिरकत की। वे पांकी विधायक और भाजपा उम्मीदवार कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पांकी विधानसभा क्षेत्र से पिछली बार कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता

को अपार मतों से विजयी बनाया गया था, ठीक उसी प्रकार से आज लग रहा है कि शशिभूषण मेहता को जनता दोबारा मौका देगी। उन्होंने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई। भाषण की शुरूआत गोपाल कृष्ण भगवान और जय श्रीराम के जयघोष के साथ करते हुए कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिए की समस्या झारखंड में गहराती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान गठबंधन सरकार की नीतियों के कारण घुसपैठियों को यहां शरण मिल रहा है, जिससे झारखंड में मुस्लिम आबादी में तेजी से वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री यादव ने जोर देकर कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनती है, तो घुसपैठियों को बाहर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के पारंपरिक पर्व-त्योहार भी इस घुसपैठ के कारण खतरे में हैं।

राहुल गांधी से पूछना चाहिए आदिवासियों की जमीन कौन लूट रहा है : हिमंता बिस्वा सरमा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

खरसावां : असम के मुख्यमंत्री और झारखंड बीजेपी के सह-प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने आज खरसावा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की हिंदू समाज को बांटने की साजिश, ऐसा तो अंग्रेजों ने भी नहीं किया था। हमारे समाज के दुश्मन राहुल गांधी समाज को बांटना चाहते हैं। हेमंत सोरेन घुसपैठियों के लिए काम करते हैं। वे आदिवासी समाज के कल्याण के लिए काम नहीं करते। वे झारखंड के कल्याण के लिए काम नहीं करते। इसलिए हम लोग कहते हैं एकजुट रहो, सुरक्षित रहो। असम के मुख्यमंत्री ने कहा, राहुल गांधी को पूछना चाहिए कि कितने आदिवासी युवाओं को नौकरी मिली? आज झारखंड में आदिवासियों की जमीन कौन लूट रहा है और कौन उन्हें संरक्षण दे रहा है, एक नंबर हेमंत सोरेन और दो नंबर राहुल गांधी। एक आदिवासी नेता होने के नाते, क्या यह हेमंत सोरेन की जिम्मेदारी नहीं है कि वे झारखंड में एक भी घुसपैठियों को आने से रोकें। हम धर्म की बात नहीं करते, हम घुसपैठियों को बाहर निकालने की बात करते हैं। बिस्वा सरमा ने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। आज झारखंड में लगातार घुसपैठिए आ रहे हैं, इस सरकार(राज्य) ने हाईकोर्ट में कहा है कि घुसपैठिए नहीं आ रहे हैं।

भाजपा ने आदिवासी मुख्यमंत्री की छवि बिगाड़ने और नफरत फैलाने के लिए विज्ञापन पर करोड़ों फूंके : झामुमो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा है कि भाजपा के ऊपर से नीचे तक के नेताओं के भाषणों पर गौर करें तो यह समाज को तोड़ने के लिए सांप्रदायिक जहर से भरे हुए होते हैं। सार्वजनिक मंच पर लोगों के बीच भाजपा नेताओं के नफरती बोल और सोशल मीडिया पर भी यही घिनौनी हरकतों का सच सामने आने के बावजूद चुनाव आयोग की ओर से कोई भी कदम नहीं उठाया जाना गंभीर चिंता का विषय है। पांडेय ने शुक्रवार को दलित सॉलिडेरिटी फोरम, हिंदूज फॉर ह्यूमन राइट्स, इंडिया सिविल वॉच इंटरनेशनल, इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल और टेक जस्टिस लॉ प्रोजेक्ट की संयुक्त रिपोर्ट के हवाले से दावा किया है कि भाजपा ने आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की छवि को धूमिल करने और नफरत फैलाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किये। झारखंड चुनाव से पहले सोशल

मीडिया के माध्यम से झूठ और साम्प्रदायिकता फैलाने के लिए भाजपा ने छाया अकाउंट्स का उपयोग किया है। छाया अकाउंट के माध्यम से हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ सांप्रदायिक व विभाजनकारी सामग्री (कंटेंट) का युद्ध स्तर पर प्रसार किया गया। आदिवासी मुख्यमंत्री को अपमानित करने वाले पोस्ट डाले जा रहे हैं। पांडेय के मुताबिक, रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि चुनाव आयोग इस मामले में निष्क्रिय है जबकि इस पर चुनावी नियमों को लागू करने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मेटा प्लेटफॉर्म पर भाजपा ने तीन माह में राजनीतिक विज्ञापनों पर 2.25 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये हैं और छाया विज्ञापनों का एक जटिल नेटवर्क स्थापित किया है। पांडेय ने कहा है कि इस रिपोर्ट को कई नागरिक अधिकार संगठनों ने तैयार किया है। रिपोर्ट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ एक समन्वित अभियान और उनके आदिवासी पहचान को लक्षित करने की चर्चा भी की गयी है। झामुमो ने चुनाव आयोग से अपील की है कि वह भाजपा के इस कथित षड्यंत्र को रोकने के लिए कार्रवाई करें।

किसान आत्महत्या की फेक न्यूज फैलाने के आरोप में भाजपा सांसद के खिलाफ केस दर्ज

एजेंसी

नई दिल्ली : कर्नाटक में भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या और कुछ न्यूज पोर्टल्स के एडिटर्स के खिलाफ एक किसान की आत्महत्या से जुड़ी परिस्थितियों को लेकर फेक न्यूज फैलाने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। यह एफआईआर कर्नाटक के हावेरी जिले में साइबर अपराध, आर्थिक अपराध, नारकोटिक्स (सीईएन) पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 353(2) के तहत दर्ज की गई है। पुलिस ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी कि तेजस्वी सूर्या एवं अन्य के खिलाफ एक किसान की आत्महत्या के मामले को वक्फ बोर्ड के साथ भूमि विवाद से जोड़कर फर्जी खबर फैलाने का आरोप है। सूर्या ने 7 नवंबर को सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया था कि हावेरी जिले में एक किसान ने वक्फ बोर्ड द्वारा उसकी जमीन अधिगृहित किए जाने के बारे में पता चलने पर खुदकुशी कर ली। इससे सम्बंधित झूठी रिपोर्ट प्रकाशित करने के लिए कन्नड़ दुनिया ई-पेपर और कन्नड़ समाचार ई-पेपर के संपादकों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 2.4 करोड़ की अफीम समेत 29 लाख नकद के साथ एक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 7 नवंबर 2024 को मिली खुफिया सूचना के आधार पर चौपारण क्षेत्र के केन्दुआ मोड़ के पास एक फॉर्च्यूनर गाड़ी से भारी मात्रा में अफीम बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि यह अफीम दिल्ली-कोलकाता हाईवे पर बिहार की ओर तस्करी की जा रही थी। तलाशी के दौरान फॉर्च्यूनर गाड़ी से 48.184 किलोग्राम अफीम बरामद हुई, जिसकी बाजार में कीमत करीब 2 करोड़ 40 लाख 92 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने फॉर्च्यूनर गाड़ी नंबर पीबी

11डीसी 1002 को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक भागने की कोशिश में था। पुलिस की सतर्कता के कारण उसे जल्द ही पकड़ा गया और गाड़ी की गहन तलाशी ली गई। विशेष रूप से सीटों के नीचे और चेसिस में बने बॉक्स से कुल 16 पैकेट अफीम बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रांची निवासी विजय कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में विजय ने खुलासा किया कि यह अफीम खूंटी जिले से लाई गई थी, जिसे पंजाब और हरियाणा में सप्लाई करने की योजना थी। उसने बताया कि वह वर्षों से इस अवैध व्यापार में संलिप्त है और रांची में एक आलीशान मकान भी इसी कारोबार से अर्जित धन से बनाया है। पुलिस ने विजय के रांची स्थित आवास पर भी छापेमारी की, जहाँ से 29 लाख 23 हजार 180 रुपये नकद, एक क्रेटा कार, एक बुलेट बाइक और कई मोबाइल फोन बरामद किए गए। इस अभियान से पुलिस ने एक अंतरराज्यीय गिरोह का भी पदार्फाश किया है और आगे की छापेमारी खूंटी, पंजाब और हरियाणा में जारी है। बरामदगी में अफीम 48.184 किलोग्राम अनुमानित मूल्य 2 करोड़ 40 लाख 92 हजार रुपये, नकद राशि 29 लाख 23 हजार 180 रुपये, एक फॉर्च्यूनर गाड़ी, एक क्रेटा कार, एक बुलेट बाइक, एक रियलमी मोबाइल बरामद किए। छापामारी दल में अजीत कुमार विमल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही, अनुपम प्रकाश थाना प्रभारी चौपारण सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बल के सदस्य शामिल रहें। इस छापेमारी से पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार पर बड़ा प्रहार किया है और मामले में गहराई से जांच जारी है।

एक नजर

आज कल्पना सोरेन आएंगी बड़कागांव

बड़कागांव : गांडेय विधायक व स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन 9 नवंबर दिन शनिवार को बड़कागांव में चुनावी जनसभा को संबोधित करेगी। महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद के पक्ष में यह चुनावी जनसभा होना है जो बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल मैदान फुटबॉल ग्राउंड में होगा। उक्त जनसभा में बड़कागांव, केरेडारी, पतरातू से लाखों की संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10:00 बजे होगी व उक्त कार्यक्रम में महागठबंधन के कई नेता व पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

झारखंड के वंचितों के लिए चलाई जा रही कौशल विकास योजना

हजारीबाग : बेहतर सुविधाओं और उचित मार्गदर्शन की वजह से वंचित युवाओं और महिलाओं में कौशल का विकास काफी कम हो पाता है, इसे ध्यान में रखते हुए एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने झारखंड के हजारीबाग में वंचित युवाओं और महिलाओं के कौशल विकास के लिए एनजीओ नव भारत जागृति केंद्र के साथ साझेदारी की है। इस पहल के तहत, 'मिशन रोजगार' कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को व्यावसायिक प्रशिक्षण और आजीविका सहायता दी जाएगी। एसबीआई लाइफ ने एनबीजेके के 'मिशन रोजगार' कार्यक्रम को वित्तीय सहायता दी। इस अवसर पर एसबीआई लाइफ के पटना क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक श्री अमित कुमार साहा ने औपचारिक चेक एनबीजेके के सचिव और मुख्य पदाधिकारी श्री सतीश कुमार को सौंपा। एसबीआई लाइफ की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के अंतर्गत शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार के अनुकूल कौशल प्रदान करना है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।

हर्ष अजमेरा ने आधुनिक हजारीबाग के निर्माण का जारी किया संकल्प पत्र

हजारीबाग : हजारीबाग की जनता के समर्थन से सदर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार हर्ष अजमेरा ने शुक्रवार को आधुनिक हजारीबाग का संकल्प पत्र जारी किया।
इस अवसर पर उन्होंने एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया।
संकल्प पत्र में उन्होंने हजारीबाग के विकास और प्रगति के लिए 10 प्रमुख मुद्दों को प्राथमिकता दी है।
श्री अजमेरा का मानना है कि राजनीति में उनका प्रवेश केवल समाजसेवा और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुआ है, न कि केवल राजनीति करने के लिए। उनके संकल्प पत्र का मुख्य उद्देश्य एक न्यायपूर्ण, भयमुक्त, और सर्वांगीण विकास वाला हजारीबाग बनाना है। रोजगार के अवसर हजारीबाग के युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना। शिक्षा का सुधार,स्थानीय मुद्दों का समाधान,पेयजल संकट ग्राम वार्ड में आधुनिक जल संचयन तकनीक का उपयोग कर वर्षा जल संग्रहण को बढ़ावा देना। बिजली संकट हेतु 24 घंटे बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करना। सौर ऊर्जा योजना को बढ़ावा देना। सड़के एवं परिवहन प्रत्येक गांव को शहर से जोडने के लिए गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण करना करना। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में सार्वजनिक सुविधा उपलब्ध कराना। महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था महिलाओं की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन और मोबाइल एप्लीकेशन महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 24 घंटे सातों दिन हेल्पलाइन की शुरूआत कराया जाएगा।
सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था सार्वजनिक स्थलों बाजारों, पार्कों और बस स्टैंड पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे ताकि किसी भी असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जा सके।

एक वोट सात गारंटी भरोसा बरकरार गठबंधन सरकार : शैलेन्द्र यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में इंडिया गठबंधन का सयुंक्त रूप से प्रेसवार्ता में एक वोट सात गारंटी भरोसा बरकरार गठबंधन सरकार का लोकार्पण किया गया । जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की । 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति लाने, सरना धर्म कोड को लागू करवाने के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषा संस्कृति के संरक्षण को संकल्पित । दिसंबर 2024 से मंईया सम्मान योजना के अंतर्गत रूपया 2,500 की सम्मान राशि दी जाएगी । एसटी 28% एससी 12% ओबीसी 27% एवं अल्पसंख्यक के हितों का संरक्षण करने हेतु संकल्पित साथ ही पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय के गठन हेतु संकल्पित । राशन वितरण 07 किलो प्रति व्यक्ति किया जाएगा । साथ ही गैस सिलेंडर राज्य के हर गरीब परिवार को रूपया में दिया जाएगा । झारखंड के दस लाख युवक युवतियों को नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा । रूपया 15 लाख तक परिवारिक स्वास्थ्य बीमा दिया जाएगा । राज्य के सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज तथा जिला मुख्यालयों में इंजीनियरिंग मेडिकल कॉलेज और यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी । साथ ही रोजगार उपलब्ध कराने हेतु औद्योगिक प्रोत्साहन नीति लाते हुए राज्य के सभी जिला मुख्यालय में 500-500 एकड़ का औद्योगिक पार्क बनाया जाएगा । धान के एमएसपी को रूपया 2,400 बढ़कर 3,200 करने के साथ-साथ लाह, तसर, करंज, इमली, महुआ, चिरोंजी साल बीज आदि के समर्थन मुल्य में 50% तक की वृद्धि की जाएगी।

कसमार में लोक आस्था के महा पर्व छठ अर्घ्य के साथ संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

कसमार : प्रखंड के खैराचातर व आसपास के सभी तालाबों व नदियों में शुक्रवार को उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने साथ चार दिवसीय छठ व्रत संपन्न हो गया। उसके पहले गुरूवार की शाम में छठ व्रतियों की और से अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया। खैराचातर, बगदा, कसमार, मंजूरा, बरईकला, मधुकरपुर, गर्री, खुदीबेड़ा, दांतू, गोरियाकुदर सहित कई गांवों में भक्तिभाव व हर्षोल्लास के साथ समापन हो गया। श्रध्दालुओं के द्वारा माथे में दउरा लेकर पहुंचे, तो कोई लचकती ईख लेकर तालाबों के छठ घाट पहुंचा।सूर्योदय के समय लगभग डेढ़ घंटे पहले ही छठ व्रतियों जल में नतमस्तक हो खड़े हो गए । ठिठुरते पानीमें काफी देर

खड़े होने के बाद जैसे ही आदिदेव सूर्य की लालिमा की झलक देखने लगी।व्रतियों ने उन्हें सूप और फल की टोकरियों वाले अर्घ्य अर्पित करना शुरू कर दिया।इसके साथ-साथ हजारों लोगों ने भी भगवान भास्कर को दूध एवं जल का अर्घ्य अर्पित किया। इसके पूर्व गुरूवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को आस्था युक्त हजारों लोगों ने अर्घ्य अर्पित किया। मौके पर कौशल्या देवी, शशि शेखर ,खैराचातर मुखिया विजय जायसवाल, महेन्द्र जायसवाल, विनिता देवी, सुजित जायसवाल अधिवक्ता, अमित तिवारी, रंजीत जायसवाल, अमित जायसवाल, घनश्याम महतो, संजय जायसवाल, सुन्दर लाल, भोला कपरदार, सचिन जायसवाल, प्रशांत जायसवाल, रीशु जायसवाल, मनीष गौतम,प्रकाश महतो, प्रवीण भगत, विपिन महतो, अमृत महतो आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

नामांकन निरस्त होने से नहीं हूं निराश, अगली बार दुगने उत्साह से उतरेंगे चुनावी में : किशोरी राणा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : नव झारखंड फाउंडेशन के अध्यक्ष किशोरी राणा ने आज अपने कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया।वहीं संबोधित करते हुए कहा कि मैं विधानसभा के चुनाव में अपना नामांकन रद्द होने से निराश नहीं हूं।मैं अपने समर्थकों से भी अपील करता हूं कि वे भी निराश न हों बल्कि अगली बार आप सबों के सहयोग से दुगुने उत्साह के साथ पुनः चुनावी समर में अपना दम खम दिखाएंगे। श्री राणा ने आगे कहा कि समाज सेवा का उनका काम अनवरत चलता रहा है और आगे भी चलता रहेगा। बताते चले कि हजारीबाग सदर विधानसभा से निर्दलीय रूप से अपना नामांकन

दाखिल कराने वाले समाजसेवी सह नव झारखंड फाउंडेशन के संस्थापक किशोरी राणा ने विधानसभा चुनाव में सदर विधानसभा क्षेत्र से नामांकन कराया था । कुछ परिस्थितिवश नामांकन प्रपत्र में त्रुटि पाए जाने के कारण नामांकन अस्वीकृत हो गया था । वहीं कहा कि मैं चुनावी मैदान से बाहर हो गया हूं लेकिन समय घूम कर आता है । मैं आगामी चुनाव में अपनी दमदार उपस्थिति के साथ नजर आऊंगा आगे उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता लोगों की सेवा है और यह निरंतर जारी रहेगा । अपने समर्थकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मेरे नामांकन में शामिल हुए लोगों को कोटी कोटी धन्यवाद , मैं आप सबों के बीच जैसे सुलभ और सेवा भाव से रहा हूँ वैसे ही रहूंगा चुनाव आते जाते रहता है रिश्ता हमारा आपके दिल से है और यह अपनत्व हमेशा रहेगा।

मनीष जायसवाल व भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद नें घोषणा पत्र किया जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : सांसद मनीष जायसवाल व सदर विधान सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने चुनावी घोषणा संकल्प पत्र जारी किया है। मौके पर भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने जन कल्याण योजना चलाने की घोषणा की है। उन्होंने घोषणा पत्र जारी करते मतदाताओं से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि वह बरसों से सदर विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदलने का सपना देखते रहे हैं। मतदाताओं ने आशीर्वाद दिया तो सदर विधानसभा को झारखंड का सबसे विकसित विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे। मीडिया से मुखातिब होते भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र में पंचायत स्तर पर जन कल्याण केंद्र की स्थापना की जाएगी। ताकि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों को एक ही स्थान पर मिल सके। मासिक जन कल्याण शिविर के साथ 247 घंटे हेल्पलाइन के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने की पहल की जाएगी।

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल को राज्य का उत्कृष्ट मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। सदर और प्रखंड स्तर के अस्पताल के आधुनिकीकरण करते हुए सुपर स्पेशलिटी मेडिकल सेंटर में तब्दील किया जाएगा। गरीब तबके के लोगों के लिए मोबाइल क्लीनिक सेवा प्रारंभ की जाएंगी। जीवनरक्षक दवाओं की 247 घंटे उपलब्धता रहेगी। जिला से लेकर प्रखंड अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। क्षेत्र मे स्वास्थ्य सेवा के लिए उनकी टीम जनता के लिए काम करेगी।

सिरसी क्षेत्र में मुन्ना सिंह ने किया व्यापक जनसंपर्क

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग विधानसभा से कांग्रेस एवं इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने आज सिरसी नगरनिगम क्षेत्र में एक व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान में उन्होंने सिरसी, डामोडीह, रसूलीगंज, इमली कोठी, खान रोड, लेपो रोड (कब्रिस्तान चौक), अंसारी रोड, कटहल चौक, नमस्कार चौक, सिरका, यशवंत नगर मंदिर, और बड़का गांव रोड सहित कई क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थानीय निवासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान मुन्ना सिंह को जनता का अभूतपूर्व समर्थन और उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। हजारीबाग में पिछले एक दशक से भाजपा का प्रतिनिधित्व रहा है, लेकिन इस चुनाव में जनता का झुकाव मुन्ना

सिंह के प्रति स्पष्ट रूप से दिख रहा है। श्री मुन्ना सिंह की लोकप्रियता और उनकी सादगी से प्रभावित होकर जनता महागठबंधन के समर्थन में आने को तैयार है। उनका कहना है कि कांग्रेस के नेतृत्व में वे क्षेत्र के विकास और समस्याओं के समाधान की अपेक्षा रखते हैं। श्री मुन्ना सिंह ने कहा, ₹हजारीबाग की जनता के साथ मेरा पुराना और गहरा संबंध है। मैंने हमेशा उनकी समस्याओं को अपनी प्राथमिकता दी है। इस क्षेत्र में भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने पिछले कई वर्षों में विकास की ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। अब समय आ गया है कि जनता बदलाव का समर्थन करे, ताकि हम सब मिलकर एक समृद्ध और विकसित हजारीबाग बना सकें। इस अवसर पर मंटू सिंह, सीताराम यादव, मुकेश साव, इजहार अंसारी, अख्तर अंसारी, मंजू पांडे, गौतम सिंह, सदानंद सिंह, मुकेश राम, हितलाल राम, राघव सिंह, नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, मंडुल भैया, संतोष साव, दिलीप यादव, नितेश साव, राजेंद्र साव, सूरज पासवान, विजय राम, पोखन पासवान, विजय पासवान, नकुलदेव सिंह, चिंतामणि देवी, सुभाष रविदास, आचार्य मनोज पांडे, अविनाश यादव तथा महागठबंधन के अन्य वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहे। इस जनसंपर्क अभियान के माध्यम से महागठबंधन ने अपने प्रत्याशी के लिए समर्थन जुटाने के साथ-साथ जनता की अपेक्षाओं को समझने की कोशिश की। मुन्ना सिंह के इस अभियान ने क्षेत्र के मतदाताओं के बीच एक सकारात्मक संदेश भेजा है, और आगामी विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की संभावनाओं को और भी सशक्त बना दिया है।

संक्षिप्त खबरें

इस बार जनता बदलाव के मूड में, जनता का सपना जरूर पूरा होगा : बटेश्वर मेहता

हजारीबाग : बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के चलकुसा प्रखंड के सुदन,मानगो,अलगडिहा, बरियोन, मस्केडीह,चौबे, खरगू,चलकुशा चांदनी चौक,कटघरा,नरैना, दिगवार में बटेश्वर मेहता का भव्य स्वागत किया गया।बटेश्वर मेहता ने कहा की इस बार वही होगा जो जनता चाह रही।मैं जनता के सपने को कभी नकार नही होने देंगे।40 वर्षो से जनता के बीच में संघर्ष किए।आगे भी विधानसभा को झारखंड के दृष्टि पटल पर अलख जगाएंगे। क्षेत्र भ्रमण में हजारों महिला पुरुष का समर्थन मिला।

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ आस्था का महापर्व छठ संपन्न

बड़कागांव : आस्था का महापर्व छठ पूजा सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समापन हो गया। प्रखंड के लगभग 7 हजार घरों में छठ महापर्व किया गया। छठ व्रतियों ने रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया, वहीं दूसरे दिन सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, भाजपा नेता रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव के कई छठ घाटों पर जाकर छठ ब्रतीयों से मुलाकात की शुभकामनाएं दी। छठ महापर्व को लेकर प्रखंड के तमाम छठ घाटों को दुल्हन की तरह सजाया गया था। स्थानीय छठ पूजा समितियों द्वारा व्रतियों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। हर तरफ छठी मैया की गीत एवं जयकारे से छठ घाट गूंजायमान हो रहा था। आस्था का केंद्र बड़कागांव सूर्य मंदिर में भगवान सूर्य देव की पूजा के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं के काफी भीड़ देखी गई। बड़कागांव सूर्य मंदिर, गोसाई बलिया बड़कागांव पीपल नदी, गुरु चट्टी नदी, बादम नदी, बरवाडीह नदी, तलसवार नदी, सीकरी नदी, आदि प्रखंड के तमाम 84 गांव में छठ घाट अर्घ्य देने वाले छठ व्रतियों की काफी भीड़ देखी गई। छठ घाटों में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल के अलावा ओम बड़कागांव पुलिस पदाधिकारी चौकसी से करते नजर आए ।

छठ महापर्व पर ब्रह्मर्षि समाज ने झील परिसर में फल व दूध का किया वितरण

हजारीबाग : पूरे देश में छठ महापर्व धूम धाम से मनाया जाता है ,छठ पर्व में लोगो का पूजा-पाठ आस्था बहुत गहरा जुड़ा हुआ है,हजारीबाग झील परिसर में छठ महापर्व धूमधाम से मनाया जाता है,यह चार दिन का छठ महापर्व पूरी आस्था तन मन धन के साथ लोग मानते आ रहे है,सबसे पवित्र त्योहार होता है,ब्रह्मर्षि समाज हजारीबाग के द्वारा झील परिसर में स्टॉल लगाकर निशुल्क सेवा दिया जा रहा है, जिसमें फल, दूध, सूप, नारियल, चुकड़ा वितरण किया जा रहा है। ब्रह्मर्षि समाज बीस वर्षो से झील परिसर में स्टाल लगाकर छठ व्रतियों के लिए निशुल्क वितरण करते आ रहा है । यह नेक कार्य ब्रह्मर्षि समाज हजारीबाग के लोग अपने मन से खुशी खुशी आपस में सहयोग कर यह आयोजन करते है । हजारीबाग सदर विधान सभा प्रत्याशी कांग्रेस के मुन्ना सिंह एवं निर्दलीय प्रत्याशी आरोग्य अस्पताल के हर्ष अजमेरा भी छठ पंडाल में शामिल होकर दूध फल वितरण किए ।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय छठ पूजा संपन्न

विष्णुगढ़ : चार दिवसीय लोकआस्था का महापर्व पूरे प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई।छठ पर्व के अंतिम दिन उगते सूरज को अर्घ्य देने के लिए छठ व्रतीयों और उनके परिजन अपने घरों से पूजा सामग्रियों के साथ घाटों पर पहुंचे और घुटने तक पानी में खड़े होकर व्रतधारियों ने सूप,ईख,नारियल,मिट्टी के दिया बर्तन ,फल, फुल बैलपत्र,ठकुवा सूप, बांस की डलिया में पूजन सामग्री सहित गाय के दूध से भगवान सूर्य को अर्घ दिया । पुरे क्षेत्र के सुखसशांति मृद्धि की कामना की गई। वहीं हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विहिप एवं बजरंगदल जिला सह संयोजक वरुण कुमार के द्वारा जमुनिया नदी छठ घाट पर भक्ति जागरण का अयोजन किया गया।गुरुवार व सोमवार को क्रमशः संध्याकालीन एवं प्रातःकालीन अर्घ्य के दौरान प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम प्रस्तुति विहिप अध्यक्ष शंकर सोनी व अनुश्रेया कुमारी के साथ उनके पूरे भक्ति जागरण मंडली टीम के द्वारा की गई। हजारों की संख्या में शामिल श्रद्धालुओ में काफी उत्साह देखने को मिला। सुरेश वर्मा जी द्वारा सभी कलाकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया । वरूण कुमार ने कहा कि इस तरह के भक्ति जागरण आयोजन से छठ गीतों में भक्तगण लीन हो जाते हैं । उनके अंदर भक्ति भाव का संचार होने लगता है। कलाकारों के गीतों से लोग झूमने लगते हैं। वहीं प्रखंड प्रशासन पूरे दल बल श्रद्धालु भक्तों की सुरक्षा में लगे रहे।

पैगोड़ा चौक छठ पूजा समिति के द्वारा किया गया सूप, अगरबत्ती और दूध का वितरण

हजारीबाग : छठ पूजा पैगोड़ा चौक समिति के द्वारा पिछले 15 वर्षों से लगातार छठ पूजा के अवसर पर सुप, नारियल और प्रसाद का वितरण किया जा रहा है । इस वर्ष भी हिन्दू राष्ट्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण केशरी के अगुवाई में पैगोड़ा चौक के पास पंडाल लगाकर सभी छठव्रतीयो के बीच सुप प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर श्री केशरी ने लोगो को संदेश दिया कि आस्था और विश्वास के साथ हम सब अपने धर्म का पालन करते रहेंगे तभी हम अपने सनातन धर्म की रक्षा कर पाएंगे ।सनातन धर्म की रक्षा और हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने के लिए मैं आप सभी माताओं-बहनों से आशीर्वाद की कामना करता हूँ।

एग्जाम फी 10 रुपये, एक साल में भरेंगे सभी खाली सरकारी पद : सुदेश महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : आजसू ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी कर दिया। इसमें पार्टी ने कई वादे किए हैं। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने पत्र के प्रमुख बिंदुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनडीए की सरकार बनी तो एग्जाम फी 10 रुपया, 1 साल में सरकारी नौकरी के सभी खाली पद भरेंगे। साथ ही वृद्धा पेंशन 2500 रुपये भी दिया जाएगा।

ये हैं झारखंड नवनिर्माण के 9 संकल्प –

युवाओं को रोजगार, महिलाओं को अधिकार, किसानों की आय में सुधार, सामाजिक न्याय, शिक्षा एवं स्वास्थ्य, पर्यटन एवं खेलकूद विकास, झारखंडी भाषा संस्कृति एवं विरासत की रक्षा, जल जगंल जमीन की रक्षा,औद्योगिक विकास एवं निजी निवेश, स्वराज से सुशासन।

ये हैं आजसू पार्टी के 30 प्रमुख गारंटी

1. हर परिवार को हर साल न्यूनतम आमदनी सुनिश्चित की जाएगी 1 लाख 21 हजार की। 2.बीपीएल परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली। 3. 6 हजार से लेकर 25 हजार तक की इंटर्नशिप राशि। 4. निर्मल महतो युवा निर्माण योजना के तहत बेरोजगार स्नातक व स्नातकोत्तर छात्रों को 30 हजार सालाना। 5. नारी सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपए। 6. हर खेत तक किसानों को मुफ्त पानी एवं बिजली उपलब्ध कराई। 7. वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग को 2500 रुपए पेंशन। 8. झारखंड आंदोलन के वीर शहीदों के परिवार को 10 हजार रुपए प्रति माह। 9. बिनोद बिहारी महतो जन सुरक्षा योजना के तहत हर नागरिक को 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा। 10. भूमिहीन, खेतिहर मजदूर एवं कमजोर किसान परिवार के लिए 5 लाख का दुर्घटना बीमा। 11.भूमिहीन खेतिहर परिवार को 25 हजार रुपए। 12. कमजोर किसान परिवार को 12 हजार रुपए प्रति वर्ष। 13. रीब एवं कमजोर परिवार को 10 लाख रुपए का जीवन बीमा। 14. प्रत्येक महिला संकुल संगठन को 20 लाख रुपए का पूंजी अंशदान। 15. शिक्षक, सिपाही एवं पंचायत सेवकों की भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण। 16. दलितों के लिए अंबेडकर उदय योजना। 17. अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं के लिए शेख भिखारी अल्पसंख्यक विकास योजना। 18. झारखंडी कला, संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए वाद्य यंत्रों का वितरण। 19. विधानसभा सीटों की संख्या में वृद्धि एवं विधान परिषद का गठन। 20. हर रैयत को लैंड पासबुक। 21. अंतिम सर्वे खतियान आधारित स्थानीयता नीति बनाई जाएगी। 22. झारखंड आंदोलनकारियों के परिवार को सरकारी नौकरी में आरक्षण। 23. आबादी के अनुसार पिछड़ों को आरक्षण। 24. सभी भूमिहीनों को जमीन। 25. हर विधानसभा क्षेत्र में उद्योग की स्थापना। 26. पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय का गठन। 27. सरना धर्म कोड को मान्यता। 28. रोजगार एवं पुनर्वास आयोग का गठन। 29. अवैध खनन, जमीन लूट एवं परीक्षा पेपर लीक से जुड़े अपराधियों को 10 वर्ष की सजा। 30. पेसा कानून को सख्ती से लागू किया जाएगा।

प्रधानमंत्री के दौरे पर सुरक्षा में तीन हजार से अधिक जवान रहेंगे तैनात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 नवम्बर के दौरे को लेकर राजधानी रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दौरे को लेकर झारखंड पुलिस की ओर से पुलिस की तरफ सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। तीन हजार से अधिक पुलिसकर्मी सड़क से आसमान तक मोदी के दौरे के दौरान सुरक्षा की कमान संभालेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर 11 आईपीएस , 25 डीएसपी, 111 इंस्पेक्टर, 714 एसआई और एएसआई, 3000 जवान, 2 बीडीडीएस टीम, 2 हिट टीम, 4 कंपनी रैप को प्रतिनियुक्त किया गया है। डीजीपी अजय कुमार सिंह के आदेश पर आईजी अभियान एवी होमकर ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। डीआईजी अनूप बिलथरे ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री के रांची में ओटीसी ग्राउंड से लेकर न्यू मार्केट चौक तक 10 नवंबर को रोड शो होना है। रोड शो के दौरान मार्ग में पड़ने वाले ऊंचे भवनों में सुरक्षा के मद्देनजर जवानों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा सुरक्षा के अन्य मानकों को लेकर भी पुलिस के स्तर से तैयारी की जा रही है। रांची के अलावा गुमला और चंदनकियारी में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम को लेकर पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा की तैयारी शुरू कर दी है।

10 सीट पर चुनाव लड़नेवाली पार्टी 30 गारंटी दे रही : सुप्रियो भट्टाचार्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : जेएमएम के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता सचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को पीसी कर आजसू की ओर से जारी संकल्प पत्र पर तंज किया और सवाल उठाये। कहा कि एनडीए का अलग संकल्प पत्र है और आजसू का अलग। कहा ये पार्टी पहले गांव की सरकार बना रही थी, लेकिन ये रोजगारी की सरकार बनाने वाले हैं। ये क्या करने वाले हैं, ये समझना मुश्किल है। ये भी सवाल है कि ये कैसी और कैसे सरकार बनायेंगे, क्योंकि चुनाव तो ये पार्टी 10 सीटों पर ही लड़ रही है। जीतेंगे कितनों पर, ये तो समय बतायेगा, लेकिन सरकार की रूपरेखा तय कर दी गयी। जेएमएम नेता ने कहा ये 10 सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं और 30 गारंटी दे रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि 10 में से 9 के मंत्रालय भी बांट दिये गये हैं। सुप्रियो ने आगे कहा, आजसू का मुख्य दल यानी बीजेपी के अनुसार स्थानीय नीति की रूपरेखा बनेगी। वहीं आजसू का कहना है कि सर्वे सेटेलमेंट के जरिये समस्या का समाधान किया जायेगा। सुप्रियो ने कहा, बीजेपी ने गोगो दीदी योजना की शुरूआत की बात कही है। इसके तहत वे महिलाओं को 2100 रुपया देने की बात करते हैं। लेकिन आजसू ने इससे अलग बात कही है। कहा कि बीजेपी और आजसू को पहले तय कर लेना चाहिये, जीतने पर सरकार किसकी बनेगी। सुप्रियो ने आगे तंज करते हुए कहा कि एलजेपी जो एक सीट पर चुनाव लड़ रही है, इसने भी अपना अलग घोषणा पत्र जारी किय है। कल पता चलेगा कि वही एनडीए का असली घोषणा पत्र है। कहा एनडीए को बताना चाहिये कि राज्य में दरअसल किसकी सरकार बनेगी। आजसू की, लोजपा की या फिर वे खुद सरकार बनायेंगे। कहा कि राज्य की जनता ये सब देख रही है। कहा कि अजीब कॉन्ट्रोवर्सी है। मोदी कहते हैं एनडीए की सरकार बनेगी और आजसू कहती हैं, उनकी सरकार बनेगी। जेएमएम नेता ने कहा, एनडीए गठबंधन में सीएम बनने की इच्छा रखने वालों की लाइन लगी हुई है। इनमें से एक तो बाबूलाल मरांडी ही हैं। कहा, हमारे यहां हेमंत सोरेन सीएम फेस हैं। कहा बीजेपी के दो नेता झारखंड में खूब घूम रहे हैं।

बाहरियों और झारखण्ड विरोधियों को किसी भी हाल में समर्थन नहीं : मानव घोष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के मानव घोष ने कहा है कि झारखण्ड विरोधियों और अनेक बाहरी लोगों ने इस प्रदेश और इसके संसाधनों को लूटने को अपना अधिकार समझ लिया है और झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा हमेशा उनके खिलाफ है। घोष ने कहा कि मोर्चा किसी भी हाल में वैसे चरित्र के उम्मीदवारों का समर्थन नहीं करेगा जिन्होंने अतीत में झारखण्ड के अहित में तो काम किया ही है साथ ही झारखण्ड के संसाधनों को लूटने में उन्होंने कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि पहले भी पूर्व सांसद और झारखण्ड स्वायत्त शासी परिषद (जैक) के उपाध्यक्ष डॉ. सूरज मंडल ने वैसे अवान्छित लोगों को निर्वाचित न करने की मतदाताओं से अपील की है और इसके लिये झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा निरंतर अभियान चला रहा है। घोष ने कहा कि इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वैसे भ्रष्टाचारी, परिवारवादी, अपराधी, बाहरी नेताओं और झारखण्ड विरोधियों को किसी राजनीतिक दल ने अपना समर्थन दिया है या फिर वह निर्दलीय ही लड़ रहे हैं। घोष ने कहा चंपई सोरेन, उनके पुत्र बाबूलाल सोरेन, अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा, रघुवर दास की पुत्रवधु पूर्णिमा दास, सरयू राय जैसे लोगों का झारखण्ड आंदोलन में कोई योगदान नहीं है। न ही झारखण्ड की पृष्ठभूमि में उन सबका कोई योगदान है या यहाँ की मिट्टी से कोई वैसा संबंध ही है जिसके लिये मतदाताओं के द्वारा उन्हें समर्थन देकर झारखण्ड विधानसभा में भेजा जाये। घोष ने कहा कि अगले 13 नवम्बर को होने वाले 43 सीट के पहले चरण के झारखण्ड विधानसभा के लिये होनेवाले चुनाव में किसी प्रत्याशी को जिताने की बजाय वैसे प्रत्याशियों को हराना बहुत अधिक आवश्यक है क्योंकि पिछले 24 साल में वैसे ही निर्वाचित विधायकों ने अपनी उल्टी-सीधी हरकतों से मतदाताओं को प्रभावित कर चुनाव में जीत दर्ज की और विधानसभा में पहुँचकर उन्होंने कोई भी वैसा काम नहीं किया जिसके कारण झारखण्ड का विकास हो। घोष ने कहा कि झारखण्ड आंदोलन से जुड़े हुए आंदोलनकारी, उनके परिवार के सदस्यों और जिन लोगों के दिल में झारखण्ड के विकास के प्रति सच्ची आकांक्षा, योजना और समर्पण भाव है उन्हें ही वोट दिया जाना जरूरी है। घोष ने कहा कि झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जमीनी स्तर पर पहुँचकर वैसे उम्मीदवारों के खिलाफ में मतदाताओं को जागरुक कर रहा है।

मलेशिया में फंसे है झारखंड के 41 श्रमिक, सरकार से मदद की लगाई गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : मलेशिया में नौकरी करने गए झारखंड के 41 श्रमिक ढाई महीने से फंस गए हैं। उन्हें वेतन नहीं मिला है और अब वे भारत सरकार और झारखंड सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं। इन श्रमिकों ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि वे ढाई महीने से फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि वे डेढ़ महीने से कंपनी के अंदर बैठे रहे हैं। इसके बाद एक महीने से वे भारतीय दूतावास में बैठे रहें। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि उन्हें 3 महीने से वेतन नहीं मिला। शिकायत करने पर दूतावास के अधिकारियों ने कहा था कि वे उनका पैसा दिला कर उन्हें भारत वापस भेजेंगे। लेकिन 1 महीना हो गया, अभी तक कोई कारवाई नहीं हुई। वे 1 महीने से दूतावास में ही हैं। मलेशिया में फंसे ये श्रमिक हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह जिले के हैं। उनके परिजन चिंता में डूब गए हैं और सरकार से अपील कर रहे हैं कि उनकी वतन वापसी सुनिश्चित की जाए। प्रवासी श्रमिकों के लिए काम करने वाले सिकंदर अली ने झारखंड और केंद्र सरकार से अपील की है कि अपने राज्य से काम करने के लिए विदेश गए इन सभी मजदूरों की सुरक्षित वतनवापसी सरकार सुनिश्चित करे।

पहले के चुनाव की अपेक्षा इस बार पोस्टल बैलेट से मतदान में बढ़ोतरी संभावित : डॉ. नेहा अरोड़ा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा है कि इस बार विधानसभा चुनाव के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु कुल 2,60,814 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया जारी है। पोस्टल बैलेट के ये आवेदन पूर्व के किसी भी आम चुनाव से अधिक हैं। इससे संभावना है कि पहले के चुनाव की अपेक्षा इस बार पोस्टल बैलेट से मतदान में बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सुबह 5.30 बजे से मॉक पोल की प्रक्रिया शुरू होगी। सभी पोलिंग एजेंट से अपेक्षा की जाती है कि वे मॉक पोल के समय निश्चित रूप से अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहें। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रही थीं। इस अवसर पर उनके द्वारा स्वीप से संबंधित प्रचार सामग्रियों को भी जारी किया गया। उन्होंने कहा कि #VoteDeneChalo, सोशल मीडिया अभियान निर्वाचन आयोग की ओर से एक साथ पूरे राज्य में शनिवार को चलाया जाएगा। समय रहेगा शाम 5 से 7 बजे का। इसमें बीएलओ और बैग (बूथ स्तरीय जागरूकता समूह) सुबह से मतदान केंद्रों पर मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम करेंगे। कार्यक्रम के फोटो, वीडियो, आडियो आदि को वे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर #VoteDeneChalo के साथ पोस्ट एवं शेयर करेंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस अभियान में आमजन के साथ मीडिया के लोग भी अपने सोशल मीडिया एकाउंट से निर्वाचन संबंधी जागरूकता के कंटेंट इस हैशटैग के साथ पोस्ट एवं शेयर जरूर करें। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में अभी तक कुल 47 प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के सर्वाधिक 24 मामले गढ़वा जिले से सामने आए हैं। रांची जिले में भी 5 मामले में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 163. 20 करोड़ से अधिक के अवैध समान और नकदी की जब्ती की गयी है। इसमें सर्वाधिक जब्ती राज्य पुलिस ने की है।

एक नजर

हेमंत सोरेन सरकार में हिंदू होना मानो अपराध है : मरांडी

रांची : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में बसाने की योजना किसी से छुपी नहीं है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को बंगाल के माध्यम से झारखंड में बसाकर उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार में हिंदू होना मानो अपराध बन चुका है। मरांडी ने कहा कि पूरे राज्य में ऐसी समस्याएं फैली हुई हैं। चाहे वह अस्पताल में इलाज की बात हो या फिर आवास की। पहले तो प्रधानमंत्री आवास योजना को राज्य में लागू नहीं होने दिया और उनकी मंशा ये थी कि राज्य ने नई आवास नीति बना कर सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठियों को बांटे जाएंगे, जो कि प्रधानमंत्री आवास में संभव नहीं था। इसके कारण लाखों लोगों को उनके सपने के घर से वंचित रखा और बाद में अपनी आवास नीति को लाकर बहुत ही कम संख्या में दिए गए और इन आवासों को चुनिंदा समुदाय के लोगों को ही दिया गया, जिसमें काफी बड़ी संख्या बांग्लादेशी घुसपैठियों की है। जब हिंदू समाज के लोग अपने काम के लिए जाते हैं, तो उन्हें यह कहकर भगा दिया जाता है कि तुम्हें किसी भी सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा। क्योंकि, तुम हिंदू हो। बाबूलाल ने कहा कि राज्य की जनता के प्रति इस तरह की घृणा हेमंत सोरेन के मन में कई सालों से पनप रही है।

एनटीपीसी ने ऊर्जा के क्षेत्र में एक लंबा सफर तय किया : अनिमेष जैन

रांची : एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड मुख्यालय, रांची ने एनटीपीसी का 50वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एनएमएल और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिमेष जैन ने एनटीपीसी ध्वज फहराया । इस अवसर पर जैन ने कर्मचारियों को विद्युत उत्पादन में एनटीपीसी की 50 वर्ष की यात्रा शुरू करने के लिए बधाई दी। जैन ने कहा कि एनटीपीसी के कर्मचारियों के लिए यह बहुत गर्व और खुशी का दिन है। पचास साल की यात्रा कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। सात नवंबर, 1975 को एनटीपीसी ने ऊर्जा क्षेत्र में अपना पहला कदम रखा और तब से यह एक लंबा सफर तय कर चुका है। पिछले 50 साल समर्पण, कड़ी मेहनत और कर्मचारियों और सहयोगियों के योगदान की कहानी रहे हैं। संगठन ने कठिनाइयों का सामना किया, नए अवसरों का स्वागत किया और हर बार मजबूत होकर उभरा। सिंगरौली में स्थापित 200 मेगावाट की अपनी पहली थर्मल पावर यूनिट से लेकर एनटीपीसी अब 76+ गीगावाट ऊर्जा कंपनी बन गई है, जो देश में हर चौथा बल्ब जला रही है और बिजली की विश्वसनीय, सस्ती आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। पिछले कुछ दशकों में एनटीपीसी ने अपनी क्षमता और पोर्टफोलियो का काफी विस्तार किया है।

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न

रांची : राजधानी रांची के रातू प्रखंड क्षेत्र सिमलिया में छठ महापर्व धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार को छठव्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इसके साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा संपन्न हो गया। छठ घाट पर विक्रम झा, हर्ष झा, राहुल झा, रुचिका झा, सुमित पाठक, प्रतीक कौशिक, तन्वी कौशिक, पल्लवी झा, श्रुति झा,लक्ष्मण सहदेव, बबीता सहदेव, कमल सिंह,रेखा देवी,चेतना कुमारी, सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व संपन्न

रांची : राजधानी रांची के सभी छठ घाटों में लोक आस्था का महापर्व छठ उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को व्रतियों ने सुबह 06 बजकर 32 मिनट पर उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य दिया और धन, धान्य और आरोग्य की कामना की। अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने पारण कर निर्जला उपवास को पूरा किया। पंडित मनोज पांडेय ने शुक्रवार को कहा कि सूर्य षष्ठी का व्रत आरोग्य की प्राप्ति, सौभाग्य और संतान के लिए रखा जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार राजा प्रियव्रत ने भी छठ व्रत रखा था। उन्हें कुष्ट रोग हो गया था। इस रोग से मुक्ति के लिए भगवान भास्कर ने भी छठ व्रत किया था। स्कंद पुराण में प्रतिहार षष्ठी के तौर पर इस व्रत की चर्चा है। वर्षकृत्यम में भी छठ की महत्ता की चर्चा है। उल्लेखनीय है कि आस्था का महापर्व साल में दो बार चैत्र और कार्तिक माह में मनाया जाता है। छठ महापर्व की शुरूआत कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को नहाय-खाय के साथ हुई थी। इस दिन व्रतियों ने अरवा चावल, चना का दाल और कद्दु का सब्जी खाया था। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि यानी 6 नवंबर को खरना था। इस दिन रात में व्रतियों ने खीर का प्रसाद ग्रहण किया था। इसके बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हुआ था। पंचमी तिथि को व्रतियों ने अस्तचलागामी सूर्य को अर्घ्य दिया था जबकि शुक्रवार को छठ के चौथे दिन अरुणोदय काल में भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। व्रतियों के पारण के साथ चार दिनों तक चलने वाला छठ महापर्व संपन्न हुआ।

राहुल गांधी का रांची एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेताओं ने किया स्वागत

रांची : कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए शुक्रवार झारखंड के रांची एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित अन्य नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। यहां से वह हेलीकॉप्टर से सिमडेगा के लिए रवाना हो गए। वे सिमडेगा के महागठबंधन के प्रत्याशी भूषण बाड़ा के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी का लोहरदगा में भी कार्यक्रम तय है। यहां वह मौजूदा वित्त मंत्री और उम्मीदवार रामेश्वर उरांव के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। फिर शनिवार को जमशेदपुर में वे कोल्हान के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो करेंगे। इसके अलावा वह धनबाद में भी एक चुनावी रैली को भी संबोधित करेंगे।

रांची चौपाल पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए गोंदा और रातू थानों में आवेदन

रांची : सोशल मीडिया पेज रांची चौपाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने संबंधी आवेदन गोंदा थाना में हेमलाल कुमार मेहता और रातू थाना में धर्मेंद्र कुमार सिंह ने दिया है। आवेदन में कहा गया है कि रांची चौपाल विशेष रूप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और झामुमो के उम्मीदवारों के खिलाफ सामाजिक रूप से अन्याय पूर्ण और विशिष्ट ध्रुवीकरण अभियान चला रहा है। इन अनैतिक अभियानों का उद्देश्य अशांति फैलाकर समाज और मतदाताओं को गुमराह करना, झामुमो एवं झामुमो के नेताओं की छवि धूमिल करना और चुनावी प्रक्रिया को अनुचित रूप से प्रभावित करना है। फिलहाल, पुलिस आरोपों की जांच-पड़ताल कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए उत्साहित हैं रांची के नागरिक : संजय सेठ

रांची : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 नवंबर को रातू रोड में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो करेंगे। रांची के सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को केंद्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए रांची के नागरिक उत्साहित हैं। सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री 10 नवंबर रविवार को रांची में रोड शो करेंगे। शाम 4:00 बजे से यह रोड शो ओटीसी ग्राउंड से शुरू होगा और पिस्का मोड़, मेट्रो गली, दुर्गा मंदिर होते हुए न्यू मार्केट, रातू रोड चौक पर समाप्त होगा। प्रधानमंत्री के स्वागत में रांची के आसपास के क्षेत्र से 20 हजार से अधिक बाइक सवार रांची आएंगे। रांची से बाहर से आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था हेहल, पंडरा और आईटीआई के समीप की गई है। इसके अतिरिक्त पारंपरिक छऊ नृत्य के माध्यम से कलाकार प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे।सेठ ने कहा कि 501 ब्राह्मण शंख घड़ियाल बजाकर प्रधानमंत्री के विजय संकल्प को अपना आशीर्वाद देंगे। अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न मंचों के माध्यम से प्रधानमंत्री का पारंपरिक स्वागत किया जाएगा। सिख समाज भी पीएम के अभूतपूर्व स्वागत को तैयार है। रातू रोड के नागरिक स्वतः घरों को सजा रहे हैं। कई स्थानों पर प्रधानमंत्री पर पुष्प वर्षा की व्यवस्था हो रही है। रक्षा राज्य मंत्री ने रांची सहित रातू रोड के नागरिकों से यह आह्वान किया है कि प्रधानमंत्री के स्मृति में यह रोड शो और उनका अभिनंदन ऐतिहासिक हो, इसके लिए हम सभी कार्य करें। अपने-अपने घरों को बंदनवार से सजाएं। घरों के सामने रंगोली बनाएं ताकि प्रधानमंत्री यहां से अभिनंदन की अमिट छाप लेकर दिल्ली लौटें। सेठ ने कहा कि इस रोड शो में रांची की जनता प्रधानमंत्री को यह आश्वस्त कर देगी कि पूरा झारखंड डबल इंजन की सरकार बनाने को तैयार है। इस डबल इंजन की सरकार के वाहक प्रधानमंत्री मोदी बनेंगे। पत्रकार वार्ता में महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, पूर्व सांसद अजय मारू, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश भास्कर और हरविंदर सिंह बेदी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के मद्देनजर एसपीजी की टीम पहुंची रांची

रांची : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे के मद्देनजर शुक्रवार को एसपीजी की टीम रांची पहुंच गई है। प्रधानमंत्री 10 नवंबर को झारखंड दौरे पर आएंगे। यहां राजधानी रांची में वह रोड शो करेंगे। मोदी का रोड शो कार्यक्रम ओटीसी ग्राउंड से रातू रोड चौक तक होगा। दूसरी ओर, रांची पुलिस भी मोदी के आगमन और रोड शो को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने में जुटी है। ढाई किलोमीटर तक होने वाले इस रोड शो के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक ना हो, इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं। रांची डीआईजी, एसएसपी, सिटी डीएसपी, कोतवाली डीएसपी सहित कई पुलिस अधिकारी लगातार सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

बोकारो में विभिन्न छठ घाटों पर अर्घ्य देने को लेकर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चास : बोकारो में स्थित विभिन्न तालाब व सूर्य सरोवर समेत गरगा नदी के किनारे बने छठ घाटों पर शुक्रवार की सुबह उदीयमान भगवान भास्कर को दूसरा अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो गया। नगर के विभिन्न तालाब व सूर्य सरोवर समेत गरगा नदी छठ घाट पर शाम के बाद शुक्रवार की सुबह में भी उदीयमान भगवान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देने को लेकर बच्चे, युवा समेत अन्य श्रद्धालुओं को भीड़ उमड़ पड़ी। छठ पर्व के अवसर पर सुबह में भगवान सूर्य के उगते ही चास -बोकारो के हजारों श्रद्धालुओं ने एक साथ अर्घ्य दिया। नगर के सभी छठ घाट में टू टैंक गार्डेन, सिटी पार्क, जगन्नाथ मंदिर, कैंप 2 झंडा पार्क सूर्य सरोवर, सेक्टर 4 सूर्य मंदिर छठ घाट, कुलिंग पौंड, बारी कोओपरेटिव कॉलोनी, चास गरगा नदी छठ घाट में अर्घ्य देने को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ देखते बनती थी। छठव्रती समेत अन्य श्रद्धालु छठ महापर्व पर सूर्य सप्तमी को उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए अहले सुबह अपने-अपने छठ घाटों पर गए व सूर्योदय से पूर्व ही तालाब, सूर्य सरोवर व गरगा नदी का जल से स्नान कर भगवान सूर्य के उगने तक पानी में खड़े रहे। भगवान भुवन भास्कर की ओर से अपनी छटा बिखेरते ही अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। नगर के इन सभी छठ घाट में महिलाओं की ओर से गाए जा रहे छठ के भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा था। छठव्रतियों के घरों व सभी छठ घाटों पर अगरबत्ती, धूप व कपूर की सुगंध से पूरा वातावरण सुरभीत हो उठा। उदीयमान भगवान सूर्य को छठव्रती की ओर से हाथों में सूप व डलवा लिए जाने के बाद जल व दूध के साथ श्रद्धालुओं ने अर्घ्य दिया। स्वच्छता व पवित्रता के साथ मनाए जाने वाला आस्था और विश्वास का यह चारदिवसीय छठ महापर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में धूमधाम के साथ मनाया गया।

डूबते सूर्य को छठव्रतियों ने दिया अर्घ्य

धनबाद : लोक आस्था के महा पर्व छठपर्व गुरुवार को शाम को डूबते सूर्य को छठव्रतियों ने स्थानीय तालाब, नदी जोरिया में अर्घ्य दिया। सूर्य मंदिर छठ तालाब तेतुलमारी, कतरास नदी किनारे सिजुआ, वेस्ट मुडीडीह, निचितपुर टाउनशिप , सेन्द्रा जोरिया ,सोनारडीह, निछानी सहित अन्य छठ घाटों में छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को छठव्रतियों ने अर्घ्य दिया। कई स्वयंसेवी संस्था द्वारा छठव्रतियों के लिये फल नारियल पूजा सामग्री का वितरण किया गया। कोल फील्ड स्पोर्टिंग क्लब तेतुलमारी द्वारा सड़क की साफ सफाई की गई। जबकी सूर्य मंदिर कतरास कमिटी व अन्य संस्था द्वारा आकर्षक विधुत सज सज्जा किया गया। टुंडी / बाघमारा विधानसभा के प्रत्याशियों को छठ घाटों पर भी अपने अपने पक्ष में मतदान करने के लिये लोगो से जनसंपर्क करते दिखे।

छठव्रतियों के बीच पूजा सामग्री वितरित

बोकारो : प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी सखा सहयोग सुरक्षा समिति एवं जय झारखण्ड मजदूर समाज के संयुक्त तत्वावधान में समिति के संरक्षक सह महामंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय समिति के सदस्य एवं यूनियन के महामंत्री आदरणीय बी के चौधरी जी के नेतृत्व में स्थानीय टु टैन्क गार्डेन, तालाब, सेक्टर 3 में लोक आस्था, पवित्रता, विश्वास और उपासना का महापर्व छठ पूजा के शुभ अवसर पर अस्ताचलगामी सूर्य और उदीयमान सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के उपरान्त गुरुवार को संध्या 4 बजे छठ व्रती महिलाओं के लिए, फल, फूल, नारियल, सेव, गागर नीम्बु, अगरबत्ती, पान पत्ता, लकड़ी, गोयठा, माचिस इत्यादि का समिति के सदस्यों द्वारा सफलता पूर्वक वितरण किया गया एवं आज उदीयमान सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के समय समिति द्वारा छठ व्रती महिलाओं, श्रद्धालुओं, भक्त जनों, बच्चे, बच्चियों के लिए उत्तम चाय की व्यवस्था किया गया, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने चाय का भरपूर लुत्फ उठाया, इस अवसर पर छठ व्रती महिलाओं के लिए, भास्कर भगवान को अर्घ्य देने के लिए गाय का दूध की भी व्यवस्था किया गया, समिति के सदस्यों का जितना भी प्रशंसा की जाय कम है। श्री चौधरी ने इस अवसर पर बोकारो स्टील प्लांट निरंतर उत्पादन का रिकार्ड बनाए, और पूरा बोकारो परिवार सुख, अमन, चैन और शांति के लिए छठ मइया से प्रार्थना किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक राजन प्रसाद, बोकारो जनरल अस्पताल के निदेशक ,स्वास्थ्य सेवाएं ,प्रभारी बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक, कार्मिक हरि मोहन झा, महाप्रबंधक ,सिविल पी एस सिंह, एफ एस एन एल का यूनिट हेड त्रिपुरारी भास्कर विशेष रूप से उपस्थित होकर समिति के सदस्यों का हौसला बढ़ाया, एवं तमाम छठव्रतियों के लिए असीम शुभकामनाएं और बधाई दिया गया ।

रेलवे अस्पताल कॉलोनी में हर्षोल्लास के साथ मनी छठ पूजा

धनबाद : हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रेलवे अस्पताल कॉलोनी में छठ पूजा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अपने पड़ोसियों के संयुक्त तत्वाधान में पवित्रता के साथ आस्था चलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया एवं छठ पर्व पर सभी की मनोकामना पूर्ण हो यही मनोकामना के साथ छठ माता को पूजा अर्चना किया। पप्पू तलाब रेलवे कॉलोनी धनबाद छठ घाट में आशा देवी ने डूबते हुए सूर्य का पूजा अर्चना किया।मौके पर सुरेंद्र राम, लखन राम, चमारी राम, सत्यजीत सिन्हा, विष्णु प्रसाद, शंभू शरण सिंह, विकास कुमार वर्मा , सौरभ कुमार वर्मा, अनुराधा कुमारी, जागृति कुमारी, रजनी कुमारी, खुशबू कुमारी, कृष्णानंद, अनुराग कुमार, सव्वी कुमारी, श्रीकुमार का सराहनीय योगदान रहा।

लोक आस्था के महा पर्व छठ का अर्घ्य के साथ हुआ समापन

कसमार : प्रखंड के खैराचातर व आसपास के सभी तालाबों व नदियों में शुक्रवार को उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने साथ चार दिवसीय छठ व्रत संपन्न हो गया। उसके पहले गुरूवार की शाम में छठ व्रतियों की और से अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया। खैराचातर, बगदा, कसमार, मंजूरा, बरईकला, मधुकरपुर, गर्री, खुदीबेड़ा, दांतू, गोरियाकुदर सहित कई गांवों में भक्तिभाव व हर्षोल्लास के साथ समापन हो गया। श्रध्दालुओं के द्वारा माथे में दउरा लेकर पहुंचे, तो कोई लचकती ईख लेकर तालाबों के छठ घाट पहुंचा।सूर्योदय के समय लगभग डेढ़ घंटे पहले ही छठ व्रतियों जल में नतमस्तक हो खड़े हो गए । ठिठुरते पानीमें काफी देर खड़े होने के बाद जैसे ही आदिदेव सूर्य की लालिमा की झलक देखने लगी।व्रतियों ने उन्हें सूप और फल की टोकरियों वाले अर्घ्य अर्पित करना शुरू कर दिया।इसके साथ-साथ हजारों लोगों ने भी भगवान भास्कर को दूध एवं जल का अर्घ्य अर्पित किया। इसके पूर्व गुरूवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को आस्था युक्त हजारों लोगों ने अर्घ्य अर्पित किया। मौके पर कौशल्या देवी, शशि शेखर ,खैराचातर मुखिया विजय जायसवाल, महेन्द्र जायसवाल, विनिता देवी, सुजित जायसवाल अधिवक्ता, अमित तिवारी, रंजीत जायसवाल, अमित जायसवाल, घनश्याम महतो, संजय जायसवाल, सुन्दर लाल, भोला कपरदार,सचिन जायसवाल, प्रशांत जायसवाल, रीशु जायसवाल, मनीष गौतम,प्रकाश महतो, प्रवीण भगत, विपिन महतो, अमृत महतो आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

छठ पूजा पर प्रेम नगर के नवयुवक संघ द्वारा श्रद्धालुओं के लिए की गयी विशेष व्यवस्था

धनबाद : छठ पूजा के पावन अवसर पर जोड़ा फाटक स्थिति प्रेम नगर के नवयुवक संघ नवयुवक संघ ने छठ घाट जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर साफ सफाई, आकर्षक विद्युत साज सज्जा और नि:शुल्क व्यवस्थाओं का आयोजन किया। इसका उद्घघाटन बैंक मोड़ चेम्बर के संग्रक्षक व कोंग्रेसी नेता प्रभात सुरोलिया व स्थानीय नवयुवकों ने किया। 1985 से श्रद्धालुओं की सेवा में समर्पित नवयुवक संघ ने हर वर्ष की तरह न केवल छठ घाट तक पहुँचने में सहूलियत प्रदान की है, बल्कि पूरे इलाके में आकर्षक सजावट और सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की। छठ घाट पर जाने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क फल वितरण का आयोजन किया गया। साथ ही छठ घाट तक पहुँचने में कोई असुविधा न हो, इसके लिए संघ ने नि:शुल्क टोटो सेवा की व्यवस्था की। यह सुविधा विशेष रूप से उन बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए लाभदायक होगी, जो पैदल चलने में कठिनाई महसूस करते हैं। इसके आलावा सजावट और सेल्फी पॉइंट : पूरे इलाके को विद्युत की भव्य सजावट से सुसज्जित किया गया । आकर्षक लाइटिंग और रंग-बिरंगी सजावट से छठ घाट जाने वाले रास्ते का माहौल और भी पवित्र और मनोरम हो गया है। श्रद्धालुओं के यादगार पलों को संजोने के लिए आकर्षक सेल्फी पॉइंट भी बनाए गए हैं, जो भक्तों को विशेष आनंद और उत्साह का अनुभव कराएंगे। नवयुवक संघ का यह प्रयास छठ पूजा के इस महापर्व को सभी के लिए यादगार और सुखद अनुभव बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था । संघ के महासचिव पप्पू सिंह ने कहा कि यह पहल हमारे लिए गर्व का विषय है, और हमें उम्मीद है कि श्रद्धालु इस व्यवस्था का लाभ उठाएंगे और पूजा का आनंद लेंगे। मौके पर पप्पू सिंह डब्लू साव, राहुल रवानी, पप्पू रवानी, अप्पू सिंह मुकेश दीपू सिंह, सोनू, प्रेम इत्यादि उपस्थित थे।

निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव के पक्ष में उतरे बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रत्याशी

कतरास (धनबाद) : शुक्रवार को तेतुलिया में पत्रकार वार्ता आयोजित कर बहुजन मुक्ति पार्टी के बाघमारा विधानसभा के प्रत्याशी एनुल अंसारी,जेएलकेम प्रदेश महासचिव फैयाज अहमद,व बाघमारा के पूर्व प्रत्याशी बसपा नेता कन्हाई सिंह ने बाघमारा विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव को समर्थन देने का घोषणा किया है। फैयाज अहमद व एनुल अंसारी ने कहा कि हमलोग बाघमारा को बचाने के लिए निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव को समर्थन करता हूं कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों को सिर्फ दिग्भ्रमित किया है। तो भाजपा ने हमेशा मुस्लिमो को प्रताड़ित किया है।जलेश्वर महतो विधायक बनकर पीएचडी मंत्री रहे बावजूद बाघमारा की जनता पानी की घोर समस्या झेल रही है वहीं ढुल्लू महतो अपने आपको गरीब का बेटा बताकर जनता का सहानुभूति लेकर तीन बार विधायक बने लेकिन ढुल्लू ने सिर्फ बाघमारा को अशान्त करने कर के करोड़ो अरोबो की काली कमाई की है अब वे पुरी तरह परिवारवाद की राजनीति में उतर चुकें हैं इसलिए अल्पसंख्यक अपनी आंखें खोले और निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव के पक्ष में मतदान कर जनता का सेवक बनाने का काम करें। वहीं इस दौरान कन्हाई सिंह ने कहा कि बाघमारा को भाजपा और कांग्रेस ने बारी बारी से लूटने का काम किया। मौके पर हाजला बीन हक, पप्पू दुबे, दिलिप मिश्रा, कन्हाई सिंह,ओम प्रकाश चौहान सहित अन्य मौजूद थे।

आदित्य कुमार ने विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न सर्विलांस टीम का किया निरीक्षण

धनबाद : शुक्रवार को व्यय प्रेक्षक कुमार आदित्य ने 42-टुंडी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत स्थैतिक सर्विलांस टीम एवं चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। व्यय प्रेक्षक ने प्रतिनियुक्त स्थैतिक सर्विलांस टीम के वाहन जांच पंजी की जांच की। साथ ही उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि छोटे-बड़े सभी वाहनों की जांच करें। अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो जब्ती की वीडियोग्राफी करते हुए कार्रवाई करें एवं अविलंब सूचना दें। वाहन जांच पंजी का भी सही से संधारण करें। मौके पर लाइजनिंग ऑफिसर किशोर कुमार गोप मौजूद रहें।

कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोकारो के चंदनकियारी आएंगे, जनता को करेंगे संबोधित

बोकारो : बोकारो के चंदनकियारी में 10 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झारखंड के दो जिले गुमला और चंदनकियरी में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा को लेकर चंदनकियारी सहित निरसा, बोकारो, बेरमो, धनबाद, गिरिडीह, सिंदरी सहित आसपास के 10 विधानसभा के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। चंदनक्यारी की जनता खुश है कि आजादी के बाद पहली बार कोई प्रधानमंत्री चंदनक्यारी की धरती पर कदम रख रहे हैं। उक्त बातें चंदन कियारी विधायक सह नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने प्रधानमंत्री के सभा स्थल पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहीं। उन्होंने कहा कि चंदनक्यारी की जनता अपने उस यशस्वी प्रधानमंत्री को देखना और सुनना चाहती है जिन्होंने उन्हें 24 घंटे बिजली, प्रधानमंत्री आवास, नल से जल, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजन, किसान समृद्धि योजना सहित कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया है। चंदनक्यारी की जनता अपने उस यशस्वी प्रधानमंत्री को देखना और सुनना चाहती है जिन्होंने भारत को विश्व के पटल पर एक उन्नत और नए भारत के रूप में स्थापित करने का काम किया है। यहां की जनता अपने उसे प्रधानमंत्री को सुनना और देखना चाहती है जिन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व के तीसरे पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया है। आज भारत की सीमाएं सुरक्षित है। कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाकर उसे देश का अभिन्न अंग बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के चंदनकियारी आने मात्र से ही यहां के राजनीतिक दृष्टिकोण में काफी बदलाव होगा। वैसे लोग जो इस भ्रम में थे या हैं कि झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के गठबंधन की पार्टी उनका भला करेगी उनके आंखों से पट्टी हट जाएगी।

भेलाटांड़ दक्षिणेश्वर काली मंदिर में अष्टमंगल उत्सव का हुआ आयोजन

तेतुलमारी : टाटा भेलाटांड़ कॉलोनी स्थित दक्षीणेश्वर काली मंदिर में अष्टमंगला महोत्सव धुमधाम के संपन्न हुआ। पुजारी बाच्चु ठाकुर ने पूरे विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माता काली की पूजा अर्चना की। इस दौरान काफी संख्या में महिला पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए। माता के जयकारे से पूरा इलाका गुंज उठा। पूजन के बाद खिचड़ी महाभोग का वितरण किया गया। सैकड़ों महिला-पुरूष एक साथ जमीन पर बैठ महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में भेलाटांड़, सिजुआ, रामपुर, देवग्राम, कपुरिया, आदर्शनगरी, मालकेरा, श्यामबाजार सहित धनबाद, आसनसोल, पुरूलिया, रानीगंज के भी श्रद्धालु शामिल हुए। पुजारी बाच्चु ठाकुर ने बताया कि यहां जो भी सच्चे श्रद्धा से मां का आराधना करते है उनका मुराद पूरा होता है। यही वजह है झारखंड, बंगाल से लोग बड़ी संख्या में माता की पूजन में शामिल होने आते है।

मनोज कुमार सिंह ने इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस जनरल मैनेजर का किया पदभार ग्रहण

बोकारो : इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस के पूर्वी जोन के ग्रुप जनरल मैनेजर के पद पर मनोज कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण कर लियो। इससे पहले श्री सिंह दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। ईस्टर्न जोन के जीजीएम का पदभार ग्रहण करने के बाद उम्मीद है कि इस क्षेत्र पर्यटन व ट्रेनों में मिलने वाले खान-पान की व्यवस्था और बेहतर होगी। 2003-04 में बोकारो एआरएम के पद पर दे चुके है।

जनता के विश्वास को टूटने नहीं देंगे : शत्रुघ्न महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

धनबाद : बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो का जनसंपर्क अभियान जोर पकड़ चुका है। हर दिन क्षेत्र के विभिन्न गांवों और क्षेत्रों में सक्रिय रूप से जनसंपर्क कर रहे महतो को जनता से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। उनके अभियान में लोगों का उत्साह और आशीर्वाद लगातार बढ़ रहा है, जो आगामी चुनावों में उनकी जीत की ओर इशारा करता है। गुरुवार को महतो ने बाघमारा प्रखंड के मुराईडीह वर्कशॉप में बीसीसीएल के कर्मचारियों से मुलाकात की। इस दौरान कर्मचारियों ने महतो को भारी बहुमत से जीत दिलाने का भरोसा जताया। कर्मचारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया और उनके सेवा कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। महतो ने इस समर्थन के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, आपके आशीर्वाद से मुझे विश्वास है कि हम 20 नवंबर को विजय हासिल करेंगे। इसके अलावा, महतो ने बाघमारा प्रखंड के तेलमोचो, लोहपटटी पंचायत के महतो टोला, आमटाँड़, बरवा टोला और अन्य गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने इन गांवों में स्थानीय परिवारों से स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त किया। महतो ने कहा, जनता का उत्साह और समर्थन देखकर मेरा हृदय प्रफुल्लित हो गया है। मैं 20 नवंबर को कमल निशान पर वोट देकर भाजपा को विजय दिलाने की अपील करता हूं। महतो का जनसंपर्क अभियान दिन-ब-दिन तेज हो रहा है। उन्होंने लोहापट्टी पंचायत के कासी टाँड़ में भी पदयात्रा की और वहाँ की जनता से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि वह क्षेत्र के समग्र विकास के लिए काम करेंगे और किसी भी स्थिति में जनता के विश्वास को टूटने नहीं देंगे। महतो ने सभी समर्थकों से 20 नवंबर को कमल निशान पर मतदान करने की अपील की है और दावा किया कि भाजपा को बाघमारा में भारी मतों से जीत मिलने वाली है।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ लोक आस्था का पर्व छठ संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

धनबाद : लोक आस्था के महान पर्व छठ शुक्रवार की सुबह सूर्योदय भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही 4 दिवसीय छठ पर्व शांति पूर्वक सम्पन्न हो गया। छठव्रतियों व श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। क्षेत्र के लगभग सभी छठ तालाब, नदी जोरिया में उदयीमान सूर्य भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। सूर्य मंदिर छठ तालाब तेतुलमारी, कतरास नदी किनारे सिजुआ, वेस्ट मुडीडीह, निचितपुर टाउनशिप, सेन्द्रा जोरिया ,सोनारडीह, निछानी, जोगता सहित अन्य छठ घाटों में छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को छठव्रतियों ने अर्घ्य दिया। कई स्वयंसेवी संस्था द्वारा छठव्रतियों के लिये फल नारियल पूजा सामग्री का वितरण किया गया। कोल फील्ड स्पोर्टिंग क्लब तेतुलमारी द्वारा सड़क की साफ सफाई की गई। चिता स्पोर्टिंग क्लब चन्दौर पहाड़ी तेतुलमारी, स्टूडेंट पॉइंट तेतुलमारी व आदर्श युवा संगठन भूली रोड तेतुलमारी द्वारा छठ तालाब तेतुलमारी के समक्ष दूध का वितरण किया गया। जबकी सूर्य मंदिर कतरास कमिटी व अन्य संस्था द्वारा आकर्षक विधुत सज सज्जा किया गया। टुंडी /बाघमारा विधानसभा के प्रत्याशियों को छठ घाटों पर भी अपने अपने पक्ष में मतदान करने के लिये लोगो से जनसंपर्क करते छठ माँ को शीश नवाया ।

स्टेशनों से हजारों यात्रियों ने अपने परिवार के साथ दीपावली और छठ का मनाने के लिए की यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : दिवाली और छठ त्योहार के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ व मांग को ध्यान में रखते हुए, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा मंडल ने 28 अक्टूबर 2024 से 6 नवंबर 2024 तक यात्री सुविधाओं और सुरक्षा के लिए कई विशेष कदम उठाया। यात्रियों की आवश्यकता को देखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त 39 हॉलिडे स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं। इनमें से 9 हॉलिडे स्पेशल ट्रेनें आद्रा मंडल के बोकारो, चांडिल, पुरुलिया, आद्रा, जयचंडी पहाड़ आदि प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरीं। इस दौरान, केवल बोकारो स्टेशन से लगभग 10 हजार यात्रियों ने यात्रा की। वहीं, विभिन्न स्टेशनों से हजारों यात्रियों ने अपने परिवार के साथ दीपावली और छठ का त्योहार मनाने के लिए यात्रा की।

आरपीएफ का सुरक्षा घेरा व टिकट जांच टीम एलर्ट

बोकारो सहित आद्रा मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर, नियमित ट्रेनों एवं पूजा स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और स्टेशन परिसर में यात्री आवाजाही को सुचारू बनाने के लिए विशेष प्रबंध किया गया था। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वारों पर रेलवे कर्मचारी, टिकट चेकिंग स्टाफ एलर्ट मोड़ पर कार्यरत थे। वहीं, रेलवे सुरक्षा बल (RPF) स्टाफ 24 घंटे तैनात यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा के लिए तैनात रहे। कई बार स्थिति को देखते हुए फ्ढक्र कर्मियों द्वारा स्टेशनों पर कतार प्रबंधन किया गया, जिससे यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने और उतरने में सुगमता हो सके। साथ ही, रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ट्रेनों और स्टेशनों पर ज्वलनशील/प्रतिबंधित सामग्री की रोकथाम के लिए नियमित जांच अभियान भी चलाया गया।

आद्रा रेल मंडल की अपील-

त्योहार स्पेशल ट्रेनों की जानकारी यात्रियों तक पहुंचाने के लिए आद्रा मंडल द्वारा विशेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत, अतिरिक्त ट्रेन सेवाओं की जानकारी देने के लिए नियमित ट्वीट, सोशल मीडिया पोस्ट, समाचार पत्र विज्ञापन और प्रेस विज्ञप्ति जारी की गईं। दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा मंडल ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, यात्रियों से रेलवे कर्मचारियों के निर्देशों का पालन कर सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा में सहयोग देने की अपील की है।

उदयीमान सूर्य को अर्घ्य के साथ लोकआस्था का महापर्व छठ संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चैनपुर : चैनपुर में लोकआस्था सूयोर्पासना का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा शुक्रवार को उदयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। चैनपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में छठ पूजा की धूम देखी गई। शुक्रवार की सुबह चैनपुर के सफी नदी छठ घाट पर आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए पहुंचे घाटों पूजा अर्चना की गई। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व के तीसरे दिन यानी कि गुरुवार को श्रद्धालुओं द्वारा डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। गुरुवार को अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए भक्तों में खासा उत्साह रहा। श्रद्धालु आस्था के सैलाब में डूबे नजर आए। यह एक ऐसा पर्व है जिसमें उगते सूरज के साथ-साथ अस्त होते सूरज की भी पूजा की जाती है। छठ घाट के किनारे आस्था का रंग और छठ का छटा दिखाई दी। पूजा के साथ छठी मां के धार्मिक गीतों का दौर भी चला जिस पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे। छठ घाट पर चैनपुर पुलिस

प्रशासन एवं एसएसबी के जवानों का भरपूर सहयोग मिला। छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज चैनपुर के द्वारा छठ घाट पर लाइट, साउंड, टेंट व तोरण द्वार लगाकर छठ घाट की सुंदरता बढ़ाई गई। सुरक्षा के मध्य नजर छठ घाट पर चैनपुर पुलिस व एसएसबी के जवान पूरी तरह मुस्तैद नजर आए। छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए थे। पुलिस के जवान घाटों पर तैनात थे और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मुस्तैद थे। छठ पूजा के अवसर पर चैनपुर के लोगों ने अपने घरों को सजाया और पूजा अर्चना की। लोगों ने अपने परिवार और मित्रों के साथ मिलकर छठ पूजा मनाई।

छठ पूजा का महत्व

छठ पूजा लोकआस्था का महापर्व है जो सूर्य देवता की पूजा के लिए मनाया जाता है। यह पर्व चार दिनों तक चलता है और इसमें श्रद्धालु सूर्य देवता को अर्घ्य देते हैं। छठ पूजा का महत्व न केवल धार्मिक है, बल्कि यह पर्व सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी रखता है। यह पर्व लोगों को एकजुट करता है और समाज में सद्भावना और एकता को बढ़ावा देता है।

चार दिवसीय अनुष्ठान का हुआ समापन

सिल्ली/मुरी : सिल्ली-मुरी आसपास के क्षेत्रों में सूर्य उपासना और लोक आस्था के महापर्व छठ की चार दिवसीय अनुष्ठान का समापन पूरे हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण वातावरण में शुक्रवार को उगते हुए सूर्य को पूरे विधि विधान के साथअर्घ्य देकर एवं व्रतियों द्वारा पारण के साथ किया गया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत भी पूरा हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर का ध्यान स्मरण कर अपने परिवार की सुख समृद्धि और खुशहाल जीवन की कामना की। महिलाओं के द्वारा अनुष्ठान के दौरान संतान की लंबी उम्र की कामना की गई। ज्ञात रहे कि यह महापर्व झारखंड, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है साथ ही साथ विदेशों में भी धूमधाम से आयोजित होता है। इस कठिन व्रत को करने से धार्मिक महत्व और लाभ अवश्य प्राप्त होता है। यह त्यौहार सनातन धर्म को एक सूत्र में बांधने का भी काम करता है। छठ महापर्व मुख्य रूप से सूर्य देव और छठी मैया की उपासना का पर्व है। मान्यता है कि सूर्य देव के आशीर्वाद से व्यक्ति को निरोगी जीवन प्राप्त होता है और छठी मैया की कृपा से निसंतान दंपतियों को संतान की प्राप्ति होती है। इस व्रत को रखने से संपूर्ण मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं। इधर छठ महापर्व को लेकर हिंडालको की ओर से स्वर्णरेखा नदी के पावन तट एवं गूंज परिवार की ओर से सिल्ली के साहेबबांध की साफ सफाई एवं विद्युत सज्जा कर आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बंता,पतराहातू, लोटा, हलमाद, बांसारूली, रामपुर आदि के विभिन्न तालाबों में छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया। पावन घाट चारों तरफ से छठ गीत से गूंजयमान रहा। पावन तट के किनारे विभिन्न प्रकार की दुकानें भी सजी थी जिसका श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। छठ घाट पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। विधि व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था के लिए हिंडालको सुरक्षा विभाग के अधिकारी, सिल्ली थाना एवं मुरी ओपी के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल व्यस्त रहे।

एक नजर

महागठबंधन की सरकार ही जनता की हितैषी : जय प्रकाश यादव

छतरपुर (पलामू) : झारखंड राज्य के प्रदेश प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने गुरुवार को एनएच 98 स्थित राजद कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने उन्होंने कहा कि देश में भाजपा नफरत और वैमनस्य की राजनीति कर रही है। जिससे देश में नफरत का माहौल बना हुआ है। भाजपा देश को धर्म और जाति के नाम पर बांट रही है तथा आम जनता का शोषण कर रही है और जनता को मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में महागठबंधन की सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों के लिए कई योजनाएं चलाकर झारखंड की जनता को लाभान्वित कर रही है। हेमंत सरकार के द्वारा मैंया सम्मान योजना से सभी वर्ग की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। वही कई ऐसी योजनाएं हैं जिनका फायदा सुदरवर्ती क्षेत्र के लोग भी उठकर लाभान्वित हो रहे हैं। 2024 विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की सरकार बनाकर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत करें। जिसके लिए राजद प्रत्याशी विजय राम को अपार मतों से विजय बनाकर विधानसभा भेजने का कार्य करें।

निर्दलीय प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद ने की सभा

नावाबाजार (पलामू) : विश्रामपुर-मंझिआंव विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी और जनप्रिय नेता ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में आगामी चुनाव को लेकर प्रखंड नावा के जिला परिषद डाक बंगला मैदान, नावा बाजार में एक विशाल महासभा का आयोजन किया गया। सभा में हजारों की संख्या में क्षेत्रीय जनता, कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित हुए, जो ब्रह्मदेव प्रसाद के प्रति जनता के बढ़ते समर्थन का परिचायक रहा। इस सभा में ब्रह्मदेव प्रसाद ने अपने चुनावी दृष्टिकोण और क्षेत्र के विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता को विस्तार से बताया। उन्होंने क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बुनियादी सुविधाओं की कमी को दूर करने का आश्वासन दिया।

प्रसाद ने कहा कि वे एक स्वतंत्र आवाज के रूप में जनता के मुद्दों को विधानसभा में उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

एफिडेविट

मैं **कुमारी शिप्रा,** पिता **विनोद कुमार** निवासी 2 नं0 टाउन, रेड़मा, वार्ड नं0 - 26, पोस्ट + थाना - डालटनगंज, जिला - पलामू, राज्य - झारखण्ड, **शपथ पत्र संख्या 2695,** दिनांक 04-11-2024, शपथ पूर्वक ब्यान करती हूं जो इस प्रकार है-

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम वो पते की स्थायी निवासी हूं।

2. यह कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरी माता का नाम **उषा देवी** दर्ज है जिसका रजिस्ट्रेशन नं0 673, दिनांक 02.01.2002 ई0 है जबकि मेरे मैट्रिक के अंक प्रमाण पत्र, एडमिशन कार्ड, रजिस्ट्रेशन कार्ड एवं मूल प्रमाण पत्र में मेरी माता का नाम **उषा दर्ज** है जिसका रजिस्ट्रेशन नं0 T/JH007/057/14, यूनिक आई. डी. 5724270 है।

3. यह कि मेरी माता के आधार सं0 5930 7025 2764 एवं पैन सं0 ALPPD4759H में मेरी माता का नाम **उषा देवी** दर्ज है।

4. यह कि मैं अपने मैट्रिक के अंक प्रमाण पत्र, एडमिशन कार्ड, रजिस्ट्रेशन कार्ड एवं मूल प्रमाण पत्र में अपनी माता का नाम उषा के स्थान पर उषा देवी सुधार कर दर्ज करवाना चाहती हूं।

5. यह कि उपरोक्त शपथ पत्र में लिखी गयी बातों में किसी भी प्रकार की त्रुटि पायी जाती है तो उसकी सारी जवाबदेही मेरी होगी एवं मेरे उपर जो कानूनन कार्रवाई होगी वो मुझे मान्य होगी।

6. यह कि मैं यह शपथ पत्र उपरोक्त बातों को सत्यापित करने एवं अपने मैट्रिक के अंक प्रमाण पत्र, एडमिशन कार्ड, रजिस्ट्रेशन कार्ड एवं मूल प्रमाण पत्र में अपनी माता का नाम **उषा** के स्थान पर **उषा देवी** सुधार कर दर्ज करवाने वास्ते निष्पादित कर रही हूं। मैं कुमारी शिप्रा शपथपूर्वक एकरार करती कि इस शपथ पत्र में लिखी बातें मेरी जानकारी व विश्वास में सत्य है।

नामुदाग मैदान से तेजस्वी यादव ने विजय राम को जिताने की अपील की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

छतरपुर (पलामू): नौडीहा बाजार प्रखंड के नामूदाग उच्च विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को तेजस्वी यादव ने सभा की। जिसमें छतरपुर पाटन विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी विजय राम के पक्ष में वोट देने के लिए आम जनों से अपील की। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार में हेमंत सोरेन झारखंड का विकास कर रहे हैं। हेमंत सरकार द्वारा मैंया सम्मान योजना, बिजली बिल माफी योजना समेत कई ऐसी योजनाएं हैं जिससे आम जनता को लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि 2020 में बिहार में किए गए वादे के अनुसार 17 महीने की सरकार में 5 लाख लोगों को रोजगार दिया लेकिन विरोधियों की जोड़-तोड़ में सरकार को गिरा दी गई। भाजपा पर निशाना करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के राज्य में महंगाई, पलायन, गरीबी की कोई बात नहीं की जाती सिर्फ आपस में लड़ाई कभी हिंदू मुस्लिम को लेकर तो कभी कश्मीर को लेकर लड़ाया जाता है। भाजपा सिर्फ और सिर्फ नफरत की बात करती हैं जहां भाजपा नहीं जीत पाती वहां विधायक और प्रतिनिधि खरीद कर जोड़-तोड़ करने में लग जाते हैं। मोदी जी ने हर वर्ष 2 करोड लोगों को रोजगार देने की बात कही थी लेकिन 11 वर्ष बीत जाने के बाद 22 करोड़ युवाओं को नौकरी नहीं दे सके। पढ़ाई, दवाई और कमाई की बात कभी नहीं करते। वही बिहार भीआईपी पार्टी के मुकेश साहनी ने कहा कि दिल्ली में तानाशाह की सरकार और लोकतंत्र नहीं मानने वालों की सरकार है। भाजपा बांटने और नफरत की राजनीति कर समाज को बांटने का काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन पूर्व राजद जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने किया। उक्त कार्यक्रम में राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, बिहार के राज्यसभा सदस्य संजय यादव, बिहार विधायक शमीम अख्तर,नौडीहा बाजार प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारती, रामनाथ चंद्रवंशी विश्वनाथ राम घूरा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सरिया व आसपास के क्षेत्र में लोक आस्था का महापर्व छठ धूमधाम से संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सरिया (गिरिडीह) : लोक आस्था के महापर्व छठ सरिया व आसपास के क्षेत्र में धूमधाम से संपन्न हुआ। चार दिनों तक चलने वाले पर्व का समापन शुक्रवार को उदयगामी भगवान भास्कर को छठ व्रतियों के द्वारा अर्ग देकर इसका समापन किया गया। बताते चले की इस पर्व की शुरूआत नहाय खाय के बाद खरना के महाप्रसाद वितरण के पश्चात अस्लचलगामी सूर्य को एवं उद्यगामी सूर्य को अर्ग देकर इसका समापन किया जाता है। सरिया व आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों ने अपने परिवार, समाज एवं देश में सुख , संपदा व ऐश्वर्या की कामना को लेकर भगवान सूर्य देव को समर्पित इस पर्व को बड़े ही शुद्धता के साथ किया । महापर्व को लेकर सरिया के मैनेजर तालाब एवं राय तालाब में

नगर पंचायत बड़की सरिया के द्वारा व्यापक तैयारी की गई थी। साफ-सफाई के अलावा पूरे तालाब परिसर में बास का बेरिकेटिंग के अलावा पर्याप्त मात्रा में लाइट, चेंजिंग रूम का निर्माण एवं सड़कों की साफ सफाई का अभियान युद्ध स्तर पर चलाया गया था। वही इस दौरान कई समाजसेवी संगठनों के द्वारा छठ व्रतियों व मेले में पहुंचने वाले लोगों के लिए निशुल्क चाय कॉफी व दूध का वितरण कार्यक्रम भी किया गया। सरिया शहरी क्षेत्र के अलावा इस महापर्व को लेकर सरिया के उत्तर वाहिनी बराकर नदी, खेड़ूवा नदी, केरवादाल, खैराबाद, छोटकी सरिया, फकीरापहरी, बागोडीह, कोयरीडीह, पूनीर्डीह, रत्नाडीह, मोकामो, खेसकरी, कुसमाडीह, चीचाकी, बंदखारो, चिरुआ, केसवारी, नगर केसवारी, अमनारी, परसिया, चौधरीडीह , घुठिया पेसरा, चंद्रमारनी, आदि क्षेत्रों के विभिन्न जलाशयों में लोगों ने इस पर्व को मनाया।

विश्रामपुर क्षेत्र की जनसमस्याओं को दूर करना हमारी प्राथमिकता : अंजू सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू): 77-विश्रामपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी(सपा) उम्मीदवार अंजू सिंह का विश्रामपुर के विभिन्न गांव-पंचायत एवं टोले-मुहल्लो में जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। उन्होंने आज विश्रामपुर प्रखंड के विश्रामपुर हरहेपा, छिपादोहर, कोशियारा, रेहला, भालुआनी, बरवाडीह, नवाडीह, विश्रामपुर मंदिर आदि क्षेत्रों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस क्रम में वे कई जगहों पर मतदाताओं एवं ग्रामीणों के साथ बैठक की। उन्होंने छठ घाट पर मत्था टेक क्षेत्र के विकास एवं यहां के लोगों के लिए सुख, शांति, सुरक्षा व समृद्धि की कामना की। उन्होंने विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के तमाम जनता को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। अंजू सिंह ने कहा की वर्तमान विधायक के लंबे कार्यकाल में पूरे क्षेत्र में भ्रष्टाचार एवं लूट-खसोट का बोलबाला रहा है। बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है। काफी संख्या में लोग रोजगार की तलाश में पलायन को मजबूर हैं। जनता ने उन्हें मौका दिया, तो क्षेत्र की जनसमस्याओं को दूर किया जाएगा। प्रत्याशी अंजू सिंह एवं सपा के कार्यकलापों से कार्यकताओं के साथ-साथ आमजनों में काफी उत्साह है। अंजू सिंह हमेशा अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए सक्रिय रहीं हैं।

महागठबंधन के प्रत्याशी के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा झामुमो : राजेंद्र प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू): झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई, जिसमें उन्होंने बताया कि छतरपुर और बिश्रामपुर में कांग्रेस और राजद दोस्ताना संघर्ष कर रही है, इसलिए पलामू झामुमो के सभी कार्यकर्ता वहां तटस्थ रहेंगे और स्थिति पर नजर रखते हुए केंद्रीय नेतृत्व का इंतजार करेंगे साथ ही साथ दोस्ताना पार्टियों की प्रत्याशियों को जीत की शुभकामनाएं भी दीं। झामुमो अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा हमारी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा और उसके सभी नेता और कार्यकर्ता महागठबंधन के प्रत्याशियों के साथ मजबूती के साथ खड़ी है। डाल्टनगंज विधानसभा, पांकी विधानसभा और हुसैनाबाद विधानसभा के प्रत्याशियों का प्रचार हम सब एकजुटता के साथ कर रहे हैं। परंतु बिश्रामपुर और छतरपुर में महागठबंधन की पार्टी कांग्रेस और राजद दोस्ताना संघर्ष कर रही है, इसलिए हम सब तटस्थ हैं और दोनों पार्टियों के प्रत्याशियों के साथ हमारी शुभकामना है, हम सबकी इच्छा है कि महागठबंधन के प्रत्याशी ही जीते और हमारी सरकार झारखंड में बने। श्री सिन्हा ने आगे कहा डाल्टनगंज में के एन त्रिपाठी, पांकी में लाल सूरज और हुसैनाबाद में संजय यादव के लिए सभी नेता कार्यकर्ता मजबूती के साथ हर एक बूथ तक प्रचार कर रहे हैं। झामुमो पलामू को पूरी टीम हेमंत सोरेन जी को दुबारा मुख्यमंत्री बनाने के लिए मेहनत कर रही है।

जेएमएम प्रत्याशी भूषण तिर्की ने किया जनसंपर्क

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चैनपुर : गुमला विधानसभा के जेएमएम प्रत्याशी भूषण तिर्की ने गुरुवार को चैनपुर प्रखंड के तिलवारी क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया, जिसमें उन्होंने जेएमएम की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने लोगों से क्रम संख्या एक में तीर धनुष छाप पर मोहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। भूषण तिर्की ने कहा कि आपका एक-एक वोट से ही झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार बनेगी, जो झारखंड के आदिवासी, दलित, पिछड़ों के लिए दिन-रात कार्य कर रही है उसे और आगे बढ़ाएगी। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं और ग्रामीणों से मुलाकात की। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता भूषण तिर्की को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए जुट चुके हैं।

भूषण तिर्की का जनसंपर्क अभियान भूषण तिर्की ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों को जेएमएम की योजनाओं के बारे में बताया, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और आदिवासी कल्याण की योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि जेएमएम की सरकार ने झारखंड के विकास के लिए कई काम किए हैं और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने लोगों से समर्थन मांगा और कहा कि उनका एक-एक वोट जेएमएम की जीत के लिए महत्वपूर्ण है।

कार्यकताओं का उत्साह

झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता भूषण तिर्की को भारी मतों से विजयी

बनाने के लिए जुट चुके हैं। कार्यकताओं ने कहा कि वे भूषण तिर्की की जीत के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि भूषण तिर्की जेएमएम के एक मजबूत नेता हैं और उनकी जीत गुमला एवं झारखंड के विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

झामुमो के समर्थन में सुशील दीपक मिंज, भूषण तिर्की को विजयी बनाने की अपील

झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज ने विधायक भूषण तिर्की के लिए लोगों से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन की रक्षा करने वाली पार्टी झामुमो को तीर धनुष छाप पर मोहर लगाकर विधायक भूषण तिर्की को भारी मतों से विजयी बनाएं। सुशील दीपक मिंज ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार की प्रशंसा की, जिसे उन्होंने आदिवासी हितैषी सरकार बताया। उन्होंने आज मैया सम्मान योजना का उल्लेख किया, जिसने झारखंड की महिलाओं को सम्मान दिलाया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार झारखंड के विकास और आदिवासी समुदाय के हित में काम कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

हाथियों का उत्पात जारी, ग्रामीणों में दहशत

सरिया(गिरिडीह) : बीते चार दिनों से सरिया के विभिन्न क्षेत्रों में हाथियों के आतंक ने सरिया के लोगों को निराश कर रही है। किसानो की उपज को हाथियों ने अपना भोजन बना लिया है। हाथियों की तबाही से हमेशा किसानों को परेशानियों से जूझना पड़ता है बीते दिनों चार हाथियों के झुंड ने चंद्रमारनी, मंधनियां, बेहरवाटांड, भगत सिंह चौक एवं कई जगह पर किसानों के धान के फसल को रौंदा वहीं कितनों के चाहर दीवारी को ध्वस्त कर दिया। सूचना पाकर वन विभाग की टीम ने उत्पाद मचा रहे हाथियों पर काबू पाने में सफल रहे हैं ।सरिया क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीण दहशत में हैं। रात भर जग कर समय बीता रहे हैं तथा अपने फसलों कि रक्षा एवं देखरेख में जुटे हुए हैं। फसलों के नष्ट होने तथा रास्ते पर जा रहे राहगीरों को लागातार अनहोनी का खौफ सर पर लगातार मंडराता है। दूसरी ओर हाथियों के निरंतर बढ़ रहे आतंक के बावजूद वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अबतक हाथियों को उनके सही ठिकाने पर पहुंचाने में पूरी तरह कामयाब न हो सके हैं जिससे कि इस समस्या स्थायी हल निकल सके ।हालांकि रेंज ऑफिस के अधिकारियों द्वारा बताया जा रहा है कि फिलहाल हाथियों को बगोदर जंगल खदेड़ा गया है। जिससे ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति निरंकुशता बढ़ती जा रही है। किसानो का कहना है कि वन विभाग की रेंजर, वनपाल समेत अन्य कर्मचारी गांव में जाकर स्थिति देख लेते हैं और ग्रामीणों को सांत्वना देकर वापस लौट जाते हैं। लोगों को इसकी मुआवजा लेने में तलवे घिस जाते हैं। फिर भी उचित मुआवजा मुहैया नहीं हो पता है। हाथियों के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार उत्पात मचाने से दहशत बरकरार हैं। हाथियों के झुंड ने चंद्रमारनी के विचित्रवीर्य पांडेय, मुन्नी लाल, भगत सिंह चौक के समीप मनोज मंडल समेत अन्य लोगों के फसल तथा चाहर दिवारी को नष्ट किया।

समाज कल्याण समिति के द्वारा छठ घाट पर प्रसाद एवं दूध का किया गया वितरण

मुरी/सिल्ली : समाज कल्याण समिति मुरी सिल्ली की ओर से हिंडालको

स स्वर्णरेखा नदी के पावन तट पर छठ महापर्व के पावन बेला में श्रद्धालुओं के बीच स्टॉल लगाकर गुरुवार की संध्या में प्रसाद के रूप में फल वितरण एवं शुक्रवार की सुबह की बेला में सूर्य देव को अर्घ्य देने हेतु व्रतियों के बीच गाय का दूध समिति के सदस्यों द्वारा वितरण किया गया साथ ही श्रद्धालुओं के बीच चाय कॉफी का भी वितरण किया गया। इस पावन कार्य में पंचायत समिति सदस्य मुरी पूर्वी के अरविंद कुमार, कमलेश दुबे, प्रवीण पांडे, जयकांत मिश्रा,रमेश राय, भरत कुमार ठाकुर, राकेश सिन्हा,जितेश कुमार, जितेंद्र यादव,वीरेंद्र यादव,लालू यादव, राजेश यादव, शमार्नंद यादव, बुद्धा बनर्जी, छोटू,सोनू यादव, उमेश यादव का सराहनीय योगदान रहा।

उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हुआ छठ महापर्व

छतरपुर (पलामू) : आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को उदयगामी सूर्य को अर्घ्य के साथ समाप्त हुआ। चार दिनों तक चलने वाला महापर्व मंगलवार को नहाए खाए से शुरू हुआ जो शुक्रवार को सुबह संपन्न हुआ। छतरपुर नगर क्षेत्र के छठ घाटों पर छठ व्रत किया गया। जिसमें छतरपुर के मंदेया नदी, बिरसा मुंडा मसीहानी, खाटीन, लोहराही और मदनपुर के छठ घाटों पर छठव्रतियों अस्तचलगामी और उदयगामी भानु भास्कर भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की। पूजा के दौरान छतरपुर में साफ सफाई दिखी। वहीं छठ घाटों पर आकर्षक साज सज्जा दिखी। मंदेया नदी छठ घाट पर स्टार क्लब और फ्रेंड्स क्लब के द्वारा घाट की साफ सफाई की गई तथा विशेष सजावट की गई। पूजा के दौरान गंगा आरती की व्यवस्था की गई थी। पूजा के दौरान छतरपुर पुलिस भी चुस्त दिखी। सभी छठ घाटों पर पुलिस की तैनाती की गई थी।

अपने बच्चों एवं क्षेत्र के विकास के लिए एक मौका दे जनता : रूचिर तिवारी

मेदिनीनगर (पलामू) : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह भावी विधायक प्रत्याशी रुचिर कुमार तिवारी ने चैनपुर अंचल के ग्राम पूर्वडीहा,चेड़ाबार,दुलही,गांगी, नरसिंहपुर पथरा, लिधकी,किनी, हरिणामाड़, जयनगरा, रबदा आदि दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान कर आम जनता से अपने पक्ष में मतदान करने के लिए वोट मांगा। मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि पूर्व के सभी जनप्रतिनिधियों ने आम जनता को सिर्फ ठगने का काम किया। यहां तक की आम जनता के जन्मदाता से जुड़ा हुआ समस्या चाहे बालू का मामला हो चाहे 4 साल आर्मी की नौकरी का मामला हो या भ्रष्टाचार का किसी जनप्रतिनिधि ने कोई इस पर आंदोलन नहीं किया मेरे ऊपर आंदोलन करने के बाद मुकदमा भी दर्ज हुआ और आज पूर्व के जनप्रतिनिधि एवं पूर्व विधायक के पुत्र घड़ियाली आंसू रो रहे हैं जनता उनके इस घड़ियालों आंसू को समझ चुकी है पूर्व के सभी जनप्रतिनिधियों को जनता देख चुकी है इस बार बदलाव करेगी और 11 नंबर क्रमांक पर हसुआ बाली छाप निशान पर बटन दबाएगी। मौके पर अधिवक्ता त्रिपुरारी तिवारी ने कहा कि इस बार डाल्टनगंज विस के विकास के लिए गरीब मजदूर किसान एवं मिडिल क्लास के रोजगार पानी स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए एक बार रुचिर तिवारी को मौका दें । नगर सचिव सुरेश ठाकुर ने कहा कि अपने बच्चों के होठों पर लाना है लाली तो 13 तारीख को मतदान अवश्य किजीए जनसंपर्क अभियान को निरंजन कमलापुरी जमालुद्दीन, शंकर चंद्रवंशी, हर्ष तिवारी, जितेंद्र कुमार, सहित कई लोग थे।

भारत की आर्थिक प्रगति में समाज से अपेक्षा

प्रहलाद सबनानी

भारत में भी आर्थिक विकास की दर में तेजी तो दृष्टिगोचर है तथा प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हो रही है और आज यह लगभग 2500 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो गई है। प्रति व्यक्ति आय यदि 14000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो जाती है तो भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। अतः प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने के लिए भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की आय में वृद्धि करने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

विश्व के लगभग समस्त देशों में पूंजीवादी मॉडल को अपनाकर आर्थिक विकास को गति देने का प्रयास पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से हो रहा है। पूंजीवाद की यह विशेषता है कि व्यक्ति केवल अपनी प्रगति के बारे में ही विचार करता है और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के एहसास को भूल जाता है। जिससे, विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के चलते समाज में असमानता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विनिर्माण इकाईयों में मशीनों के अधिक उपयोग से उत्पादन में तो वृद्धि होती है परंतु रोजगार के पर्याप्त अवसर निर्मित नहीं हो पाते हैं। रोजगार की उपलब्धता में कमी के चलते समाज में कई प्रकार की बुराईयां जन्म लेने लगती हैं क्योंकि यदि किसी नागरिक के पास रोजगार ही नहीं होगा तो वह अपनी भूख मिटाने के लिए चोरी चकारी एवं हिंसा जैसी गतिविधियों में लिप्त होने लगता है। पूंजीवाद की नीतियों के अनुपालन के चलते वर्तमान में विश्व के कई देशों में सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो रहा है। परंतु, प्राचीनकाल में भारत में उपयोग में लाए जा रहे आर्थिक मॉडल को अपनाए जाने के कारण भारत में प्रत्येक नागरिक को रोजगार उपलब्ध रहता था। भारत में अतिप्राचीन काल से ग्रामीण क्षेत्र ही विकास के केंद्र रहते आए हैं। भारत का कृषि क्षेत्र तो विकसित था ही, साथ में, कुटीर उद्योग भी अपने चरम पर था। पीढ़ी दर पीढ़ी व्यवसाय को आगे बढ़ाया जाता था। नौकरी शब्द तो शायद उपयोग में था ही नहीं क्योंकि परिवार के सदस्य ही अपने पुरखों के व्यवसाय को आगे बढ़ाने में रुचि लेते थे अतः भारत के प्राचीन काल में नागरिक उद्यमी थे। नौकरी को तो निकृष्ट कार्य की श्रेणी में रखा जाता था।

भारत में भी आर्थिक विकास की दर में तेजी तो दृष्टिगोचर है तथा प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हो रही है और आज यह लगभग 2500 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो गई है। प्रति व्यक्ति आय यदि 14000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो जाती है तो भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। अतः प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने के लिए भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की आय में वृद्धि करने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत में आर्थिक विकास के साथ साथ मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या भी बढ़ रही है। परंतु, साथ में आय की असमानता की खाई भी चौड़ी हो रही है, क्योंकि उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवारों की आय तुलनात्मक रूप से तेज गति से बढ़ रही है। हालांकि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग, विशेष रूप से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों, के लिए कई विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं और इसका असर भी धरातल पर दिखाई दे रहा है। हाल ही के वर्षों में गरीबी

रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की संख्या में भारी कमी दिखाई दी है।

भारत में आर्थिक प्रगति के चलते सम्पत्ति के निर्माण की गति भी तेज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023 के अंत में आयकर विभाग में जमा की गई विवरणियों के अनुसार, 230,000 नागरिकों ने अपनी कर योग्य आय को एक करोड़ रुपए से अधिक की बताया है। यह संख्या पिछले 10 वर्षों के दौरान 5 गुणा बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2012-13 में 44,078 नागरिकों ने अपनी कर योग्य आय को एक करोड़ रुपए से अधिक की घोषित किया था। उक्त आंकड़ों में वेतन पाने वाले नागरिकों का प्रतिशत वित्तीय वर्ष 2022-23 में 52 प्रतिशत रहा है, वित्तीय वर्ष 2021-22 में यह 49.2 प्रतिशत था तथा वित्तीय वर्ष 2012-13 में यह प्रतिशत 51 प्रतिशत था। इस प्रकार एक करोड़ रुपए से अधिक का वेतन पाने वाले नागरिकों की संख्या में कोई परिवर्तन नहीं आया है। जबकि व्यवसाय करने वाले नागरिकों की आय और अधिक तेज गति से बढ़ी है। 500 करोड़ रुपए से अधिक की कर योग्य आय घोषित करने वाले नागरिकों में समस्त करदाता व्यवसायी हैं। 100 करोड़ रुपए से 500 करोड़ रुपए की कर योग्य आय घोषित करने वाले नागरिकों में 262 व्यवसायी हैं एवं केवल 19 वेतन पाने वाले नागरिक हैं। भारत के एक प्रतिशत नागरिकों के पास देश की 40 प्रतिशत से अधिक की सम्पत्ति है। अतः देश में आय की असमानता स्पष्टतः दिखाई दे रही है।

एक अनुमान के अनुसार यदि उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवार की आय में 100 रुपए की वृद्धि होती है तो वह केवल 10 रुपए का खर्च करता है एवं 90 रुपए की बचत करता है जबकि एक गरीब परिवार की आय में यदि 100 रुपए की वृद्धि होती है तो वह 90 रुपए का खर्च करता है एवं केवल 10 रुपए की बचत करता है। इस प्रकार किसी भी देश को यदि उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि करना है तो गरीब वर्ग के हाथों में अधिक धनराशि उपलब्ध करानी होगी। जबकि विकसित देशों एवं अन्य देशों में इसके ठीक विपरीत हो रहा है, उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवारों की आय में तेज गति से वृद्धि हो रही है जिसके चलते कई विकसित देशों में आज उत्पादों की मांग बढ़ने के स्थान पर कम हो रही है और इन देशों के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि की दर बहुत कम हो गई है तथा इन देशों की अर्थव्यवस्था में आज मंदी का खतरा मंडरा रहा है।

उक्त परिस्थितियों के बीच वैश्विक पटल पर भारत आज एक दैदीप्यमान सितारे के रूप में चमक रहा है। भारत में आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत के आसपास आ गई है और इसे यदि 10 प्रतिशत के ऊपर ले जाना है तो भारत में ही उत्पादों की आंतरिक मांग उत्पन्न करनी होगी इसके लिए गरीब वर्ग की आय में वृद्धि करने सम्बंधी उपाय करने होंगे तथा रोजगार के अधिक से अधिक अवसर निर्मित करने होंगे। प्राचीनकाल में भारत में उपयोग किए जा रहे आर्थिक दर्शन को एक बार पुनः देश में लागू किए जाने की आवश्यकता है। आज भारत में शहरों को केंद्र में रखकर विकास की विभिन्न योजनाएं (स्मार्ट सिटी, आदि) बनाई जा रही है, जबकि, आज भी 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामीण इलाकों में ही निवास करती है। इसलिए भारत को पुनः ग्रामों की ओर रूख करना होगा। न केवल कृषि क्षेत्र बल्कि ग्रामीण इलाकों में कुटीर एवं लघु उद्योगों की स्थापना की जानी चाहिए जिससे रोजगार के पर्याप्त अवसर ग्रामीण इलाकों में ही निर्मित हों और इन स्थानों पर उत्पादित की जा रही वस्तुओं के लिए बाजार भी ग्रामीण इलाकों में ही विकसित हो सकें। लगभग 50 गावों के क्लस्टर विकसित किए जा सकते हैं, इन इलाकों में निर्मित उत्पादों को इस क्लस्टर में ही बेचा जा सकता है और यदि इन इलाकों के स्थित कुटीर एवं लघु उद्योगों में उत्पादन बढ़ता है तो उसे आस पास के अन्य क्लस्टर एवं शहरों में बेचा जा सकता है। इससे स्थानीय स्तर पर ही उत्पादों की मांग को बढ़ावा मिलेगा एवं रोजगार के अवसर निर्मित होने से ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे परिवारों के शहरों की ओर पलायन को भी रोका जा सकेगा। अंततः इससे शहरों के बुनियादी ढांचे पर लगातार बढ़ रहे दबाव को भी कम किया जा सकेगा।

भारत में हिंदू सनातन संस्कृति की यह विशेषता रही है कि समाज में निवास कर रहे गरीब वर्ग के नागरिकों की सहायता के लिए सक्षम समाज हमेशा से ही आगे रहता आया है। यह सेवा कार्य विभिन्न मंदिरों, मठ्ठ, सामाजिक संस्थाओं, सांस्कृतिक संस्थाओं एवं न्यासों द्वारा सफलता पूर्वक किया जाता रहा हैं। एक अनुमान के अनुसार, भारत में प्रतिदिन लगभग 10 करोड़ नागरिकों के लिए अन्न क्षेत्रों में भोजन प्रसादी उपलब्ध कराई जाती है। इसी प्रकार कई सामाजिक, सांस्कृतिक एवं न्यासों द्वारा अस्पताल चलाए जाते हैं, जहां मुफ्त अथवा बहुत ही कम कीमत पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। कुछ संस्थानों द्वारा स्कूल भी चलाए जाते हैं जहां गरीब वर्ग के बच्चों को शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। इस प्रकार समाज के गरीब वर्ग को यदि भोजन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाएं मुफ्त अथवा कम कीमत पर उपलब्ध हो सकती हैं तो उनके द्वारा अर्जित की जा रही आय को अन्य उत्पादों को खरीदने में उपयोग किया जा सकता है जिससे अंततः विभिन्न उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज होती है। यह मॉडल भी केवल भारत में ही दिखाई देता है। वरना, अन्य विकसित देशों में तो कुछ भी मुफ्त नहीं है। विकसित देशों में नागरिकों को केवल अपनी प्रगति की चिंता है, समाज में गरीब वर्ग के अन्य नागरिकों के लिए कोई चिंता का भाव दिखाई ही नहीं देता है। अतः भारत में समाज के नागरिकों द्वारा गरीब वर्ग के सहायतार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को गति देने के प्रयास करने चाहिए, जिससे देश के विकास को और अधिक गति मिल सके।

(सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)

संपादकीय

ट्रंप के आने के मायने

रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति बन गए हैं। उन्होंने बहुमत के जादुई आंकड़ों से अधिक मत हासिल किए हैं जो अमेरिकी समाज में उनकी लोकप्रियता के दशार्ता है। वह 2016 में भी चुनाव जीते थे। उनकी यह दूसरी जीत इसलिए भी विशेष मायने रखती है कि इस बार उनकी पार्टी को सीनेट में भी बहुमत मिल गया है। चुनाव अभियान के दौरान डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमला हुआ था। इस घटना ने अमेरिकी समाज को गहरे तक झकझोर दिया था। हमले के समय ट्रंप ने जैसी हिम्मत और दिलेरी दिखाई थी उसे अमेरिकी मतदाता बहुत प्रभावित हुआ था। आम लोगों में या धारणा बनी कि आज की अस्थिर और संघर्ष से जूझ रही दुनिया में ट्रंप जैसे दृढ़ संकल्प वाले नेता की जरूरत है। उनकी ऐतिहासिक जीत में ट्रंप के व्यक्तित्व के इस करिश्माई पहलू की बड़ी भूमिका रही है। चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में डेमोक्रेटिक पार्टी के दो बड़े नेताओं ने ट्रंप को समर्थन देने की घोषणा करके हलचल मचा दी। कॉमेडी परिवार के सदस्य रॉबर्ट एस कैनेड़ी ट्रंप के समर्थन में आ गए। जनमत सर्वेक्षणों के मुताबिक वह पांच फीसद मतदाताओं की पसंद थे। उनके पहले बदलने से कड़ी टक्कर वाले ह्यस्विंग स्टेट' ट्रंप को भारी सफलता मिली। इसी तरह डेमोक्रेटिक पार्टी की एक और पूर्व नेता तुलसी गबार्ड. ने भी ट्रंप को समर्थन देने की घोषणा की। सैनिक होने के बावजूद तुलसी युद्ध विरोधी हैं। डोनाल्ड ट्रंप की जीत का असर अमेरिका की घरेलू राजनीति के साथ वैश्विक राजनीति पर भी पड़ेगा। घरेलू स्तर पर अमेरिकी समाज और राजनीति में ध्रुवीकरण की प्रक्रिया तेज होगी। विदेश मोर्चे पर ट्रंप बाइडेन प्रशासन से अलग राह पकड़ सकते हैं। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने कहा कि 'मैं युद्ध शुरू नहीं करूंगा बल्कि रोकने की कोशिश करूंगा।' उनकी इस घोषणा से उम्मीद बनती है कि रूस-यूक्रेन युद्ध अब जल्द समाप्त होगा। ट्रंप भारत को ट्रंप से काफी अपेक्षाएं भी हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि बाइडेन प्रशासन की शह पर कनाडा जिस तरह से भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है उस पर रोक लगेगी। हालांकि ट्रंप मनमौजी की किस्म के व्यक्ति हैं। वह किसी मुद्दे पर क्या रुख अपनाएंगे यह कहना मुश्किल है। फिर भी ट्रंप की नीतियों से भारत के हित एक हद तक सधेंगे ऐसा कहा जा सकता है।

चिंतन-मनन

विचारों की तरंगें

राजा की सवारी निकल रही थी। सर्वत्र जय-जयकार हो रही थी। सवारी बाजार के मध्य से गुजर रही थी। राजा की दृष्टि एक व्यापारी पर पड़ी। वह चन्दन का व्यापार करता था। राजा ने व्यापारी को देखा। मन में घृणा और ग्लानि उभर आई। उसने मन ही मन सोचा, यह व्यापारी बुरा है। इसे मृत्युदंड दे देना चाहिए।

नगर-परिभ्रमण कर राजा महल में पहुंचा। मंत्री को बुलाकर कहा, मंत्रीवर! न जाने क्यों उस व्यापारी को देखकर मेरा मन उद्विग्न हो गया और मन में आया कि उसको मार डाला जाए। मंत्री ने कहा, राजन्! मैं सारी व्यवस्था करता हूं। मंत्री व्यापारी के पास गया। औपचारिक बातें हुई। व्यापारी ने कहा, मंत्रीजी! चन्दन का भाव प्रतिदिन कम होता जा रहा है। मेरे पास चन्दन का बहुत संग्रह है। लाखों रूपयों का घाटा हो रहा है। मन चिन्ता से भरा है। राजा के सिवाय चन्दन को कौन खरीदे? राजा भी क्यों खरीदेगा? यह तो मरणवेला में प्रचुर मात्रा में काम आती है। मैं घाटे से दबा जा रहा हूं।

सच कहूं, आज जब राजा की सवारी निकल रही थी, तब राजा को देखकर मेरे मन में आया कि यदि आज राजा की मृत्यु हो जाए तो मेरा सारा चन्दन बिक जाए, अच्छे मूल्य में बिक जाए।

मंत्री ने सुना। राजा के उदास होने और व्यापारी को मृत्युदंड देने की भावना के जागने का रहस्य समझ में आ गया। विचार संप्रमणशील होते हैं। वे बिना कहे दूसरे तक पहुंच जाते हैं। विचारों की रश्मियां होती हैं और तरंगें पूरे आकाशमण्डल में फैल जाती हैं और सम्बन्धित व्यक्ति के मस्तिष्क से टकराकर उसे प्रभावित करती हैं।

कैसी होगी दूसरे कार्यकाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की विदेश नीति?

निरंजन मार्जनी

डोनाल्ड ट्रम्प दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए हैं। लगभग सारे चुनावी सर्वेक्षण और अनुमानों को गलत साबित करते हुए ट्रम्प ने अपनी प्रतिद्वंदी और अमेरिका की वर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पीछे छोड़ते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की।

दुनिया की महासत्ता होने के कारण अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव का असर पूरी दुनिया की राजनीति और अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऐसे में अमेरिका की विदेश नीति का रूख भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इससे विश्व व्यवस्था भी प्रभावित होती है। ट्रम्प की विदेश नीति क्या रह सकती है यह समझना जरूरी है।

राष्ट्रपति का चुनाव जीतते ही ट्रम्प को अलग अलग देशों के नेताओं की तरफ से बधाई संदेश भेजे गए। ट्रम्प ने कुछ नेताओं से फोन पर भी बात की। जिन नेताओं से ट्रम्प ने सबसे पहले बात की उनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान शामिल थे। इस बातचीत के मायने भी विदेश नीति की दृष्टि से देखते हैं।

मोदी के साथ बात करना भारत और अमेरिका के मजबूत रिश्तों को दशार्ता है। ट्रम्प के पहले कार्यकाल में भारत-अमेरिका संबंध मजबूत हुए इसकी एक वजह थी मोदी और ट्रम्प की व्यक्तिगत मित्रता। दोनों नेता एक दुसरे को अपना दोस्त कहते हैं। हालांकि कूटनीति राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर की जाती है लेकिन ऐसी व्यक्तिगत मित्रता भी कई बार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ट्रम्प के दुसरे कार्यकाल में भी भारत से अमेरिका के दृढ संबंधों की अपेक्षा है।

इसका मतलब है की भारत और अमेरिका के बीच सामरिक रिश्ते और आगे बढ़ सकते हैं। चीन की चुनौती का मुकाबला करने में भारत को अमेरिका का सहयोग मिल सकता है। पाकिस्तान के साथ अमेरिका के रिश्तों पर भी ट्रम्प पुनर्विचार कर सकते हैं। आतंकवाद के खिलाफ पहले भी ट्रम्प भारत का समर्थन और पाकिस्तान का विरोध कर चुके हैं। हाल ही में चुनाव प्रचार के दौरान ट्रम्प ने बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रही हिंसा की खुलकर आलोचना की थी। इस्लामिक आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई में ट्रम्प भारत के पक्ष में रहेंगे।

सुरक्षा के अलावा कूटनीति में भी विश्व स्तर पर भारत को संतुलन बनाए रखने की कवायद कम करनी पड़ सकती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते भारत को रूस और पश्चिमी देशों से अपने रिश्ते सामान्य रखने के लिए काफी प्रयास करने पड़ रहे हैं। रूस और रुसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति ट्रम्प का रूख बाइडेन प्रशासन जितना सख्त नहीं है। चुनाव प्रचार के दौरान ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों पक्षों की सहमति से समाधान खोजने की बात कही थी।

साथ ही नेतन्याहू और मोहम्मद बिन सलमान से बात करना भी ट्रम्प की आगामी नीति के संकेत हैं। अमेरिका की विदेश नीति में इस्राएल को पारंपारिक रूप से दशकों से सैन्य और आर्थिक समर्थन मिलता आ रहा है। लेकिन जो बाइडेन के कार्यकाल में अमेरिका में इस्राएल-हमास युद्ध में हमास और फिलिस्तीन को भी इजरायल के खिलाफ काफी समर्थन मिला है। लेकिन अब ट्रम्प के कार्यकाल में फिलिस्तीन और हमास पर अमेरिका का रूख कड़ा रह सकता है। उसी तरह सऊदी अरब से भी अमेरिका अपने करीबी रिश्तों को स्थिर रखना चाहेगा। अपने पहले कार्यकाल में ट्रम्प ने पश्चिम एशिया में कोई भी युद्ध शुरू नहीं किया था। बल्कि अमेरिका की मध्यस्थता से चार अरब देशों के इस्राएल के साथ कूटनीतिक संबंध प्रस्थापित हुए थे ।

अगर ट्रम्प रूस-यूक्रेन युद्ध और इजरायल-हमास युद्ध को खत्म करते हैं तो यह उनकी विदेश नीति की एक बड़ी सफलता होगी।

एक दिलचस्प बात यह है की राष्ट्रपति का चुनाव जीतते ही ट्रम्प ने जिन देशों के नेताओं से बात की, उनमें कोई भी यूरोपीय देशों के नेता नहीं थे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की ट्रम्प की यूरोप के प्रति नीति उनके पहले कार्यकाल जैसी ही होगी। 2016 से 2020 तक के अपने कार्यकाल में यूरोपीय देशों से ट्रम्प के रिश्ते बहुत अच्छे नहीं थे। यूरोपीय देशों ने अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी खुद उठानी चाहिए और अमेरिका पर हर वक्त निर्भर नहीं रहना चाहिए यह ट्रम्प की नीति रही है। साथ ही जो यूरोपीय देश नाटो के सदस्य हैं वे नाटो में पर्याप्त आर्थिक योगदान न देने की वजह से भी ट्रम्प यूरोपीय देशों से नाराज रहे हैं। अगर ट्रम्प यूरोप को समर्थन देना बंद करते हैं तो अपने आप यूक्रेन को मिलने वाली आर्थिक और सैन्य मदद में भी कमी आएगी जिससे रूस-यूक्रेन युद्ध के समाप्त होने के आसार बढ़ सकते हैं।

हालांकि यह जानना भी आवश्यक है की ट्रम्प एक ऐसे व्यक्ति हैं जो कूटनीति में व्यापारिक दृष्टिकोण रखते हैं। एक उद्योगपति होने के कारण ट्रम्प हमेशा लाभ और हानि के नजरिये से ही विदेश नीति को देखेंगे। अपने पहले कार्यकाल में भी ट्रम्प इसी नीति के लिए जाने जाते थे। इसका असर दक्षिण पूर्व एशिया, पूर्व एशिया और प्रशांत महासागर क्षेत्र पर पड़ सकता है। यूरोपीय देशों की तरह ट्रम्प दक्षिण कोरिया, जापान और ऑस्ट्रेलिया को भी सुरक्षा मामलों में आत्मनिर्भर होने के लिए कह सकते हैं। इससे इस क्षेत्र में चीन की गतिविधियों पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो सकता है।

ट्रम्प की जीत को अमेरिका में ही नहीं, पूरी दुनिया में एक उलटफेर के तौर पर देखा जा रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं है की ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में विश्व व्यवस्था में भी काफी बदलाव हो सकते हैं।

भारत : ईमानदारी और शुचिता बेहद जरूरी

सुनिधि मिश्रा

हाल ही में इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2045 तक मधुमेह के रोगियों की संख्या 134 मिलियन होने का अनुमान है। चिंता का विषय यह है कि भारत में मधुमेह का निदान औसतन 10 वर्ष पहले हो रहा है, जो पश्चिमी देशों की तुलना में काफी कम उम्र है। वर्तमान समय में हमारा देश एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती का सामना कर रहा है। वह है मेटाबोलिक सिंड्रोम। यह एक जटिल स्वास्थ्य समस्या है जो उच्च रक्तचाप, मधुमेह (उच्च रक्त शर्करा), असामान्य कोलेस्ट्रॉल स्तर और अधिक शरीर वसा जैसे कई लक्षणों का संयोजन है। अक्टूबर 2023 में, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने एक व्यापक अध्ययन जारी किया, जिसमें पाया गया कि भारत में मेटाबोलिक सिंड्रोम की दर पिछले पांच वर्षों में 15 फीसद बढ़ गई है। यह वृद्धि विशेष रूप से 30-45 वर्ष की आयु वर्ग में देखी गई है, जो चिंता का विषय है।

भारत में मेटाबोलिक सिंड्रोम की स्थिति चिंताजनक है। विशेष रूप से मधुमेह, ह्रदय रोग और मोटापे के संदर्भ में। इन तीनों स्थितियों का मेटाबोलिक सिंड्रोम से गहरा संबंध है और ये एक दूसरे को प्रभावित करती हैं। भारत को 'मधुमेह की राजधानी' के रूप में जाना जाता है, और यह उपाधि बिना किसी कारण के नहीं दी गई है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत में लगभग 77 मिलियन लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, जो विश्व में दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। मेटाबोलिक सिंड्रोम वाले व्यक्तियों में टाइप 2 मधुमेह विकसित होने का जोखिम 5 गुना अधिक होता है। भारतीय आबादी में इंसुलिन प्रतिरोध की उच्च दर पाई गई है, जो मेटाबोलिक सिंड्रोम का एक प्रमुख लक्षण है। मेटाबोलिक सिंड्रोम का दूसरा प्रमुख लक्षण श्दय रोग है जो कि भारत में मृत्यु का प्रमुख कारण है। भारत में हर साल लगभग 4.77 मिलियन लोगों की मृत्यु ह्रदय रोग के कारण होती है। एक अध्ययन के अनुसार, भारतीयों में ह्रदय रोग का खतरा पश्चिमी आबादी की तुलना में 3-4 गुना अधिक है। मेटाबोलिक सिंड्रोम वाले व्यक्तियों में ह्रदय रोग का जोखिम 2 से 3 गुना अधिक होता है। भारत में श्दय रोग के मामले युवा आयु वर्ग (30-40 वर्ष) में भी तेजी से बढ़ रहे हैं, जो मेटाबोलिक सिंड्रोम के बढ़ते प्रसार से जुड़ा हो सकता है। मोटापा भी मेटाबोलिक सिंड्रोम का एक प्रमुख घटक है और भारत में यह एक बढ़ती हुई समस्या है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 (2019-21) के अनुसार, भारत में 24 फीसदी महिलाएं और 22 फीसदी पुरुष मोटापे या अधिक वजन की समस्या से ग्रस्त हैं। शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा और भी अधिक है। एक अध्ययन के अनुसार, मेटाबोलिक सिंड्रोम वाले व्यक्तियों में कोविड-19 के गंभीर लक्षण विकसित होने का खतरा 3.4 गुना अधिक था। महामारी के दौरान लॉकडाउन और सामाजिक दूरी के कारण लोगों की शारीरिक गतिविधियां कम हुई और खान-पान की आदतें बिगड़ीं, जिसने मेटाबोलिक सिंड्रोम के जोखिम को और बढ़ा दिया। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में महामारी के दौरान मोटापे के मामलों में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो मेटाबोलिक सिंड्रोम का एक प्रमुख कारक है। महामारी के दौरान से ही वर्क खॅम होम और हाइब्रिड कार्य मॉडल के चलते लोगों की दिनचर्या में बड़े बदलाव आए हैं। एक ताजा सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में 68 फीसदी कर्मचारियों ने माना कि वर्क खॅम होम के दौरान उनकी शारीरिक गतिविधियां कम हुई हैं और 42 फीसदी ने अस्वस्थ खाने की आदतों में वृद्धि की सूचना दी। ये दोनों कारक मेटाबोलिक सिंड्रोम के जोखिम को बढ़ाते हैं। एक अनुमान के अनुसार, भारत में मेटाबोलिक सिंड्रोम से जुड़ी बीमारियों के इलाज पर हर साल लगभग 30 बिलियन डॉलर खर्च होते हैं। कोविड-19 महामारी के बाद की आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर, यह व्यय देश की अर्थव्यवस्था पर एक बड़ा बोझ है।

इस बढ़ती समस्या से निपटने के लिए व्यापक रणनीति की आवश्यकता है। सबसे पहले, जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। सरकार और स्वास्थ्य संगठनों को मेटाबोलिक सिंड्रोम के बारे में जन जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। लोगों को इसके लक्षणों, कारणों और परिणामों के बारे में शिक्षित करना

महत्त्वपूर्ण है। स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना दूसरा महत्त्वपूर्ण कदम है। नियमित व्यायाम और संतुलित आहार को बढ़ावा देना चाहिए। एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, नियमित व्यायाम करने वाले लोगों में मेटाबोलिक सिंड्रोम का जोखिम 30 फीसद तक कम हो जाता है। आहार में सुधार भी अहम है। पारंपरिक भारतीय आहार, जो फलों, सब्जियों और साबुत अनाज से समृद्ध है, को बढ़ावा देना चाहिए। प्रोसेस्ड और जंक फूड पर कर बढ़ाने जैसे नीतिगत हस्तक्षेप भी मददगार हो सकते हैं। हमें याद रखना चाहिए कि स्वस्थ समाज ही एक समृद्ध राष्ट्र का आधार है। मेटाबोलिक सिंड्रोम से लड़ना न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए महत्त्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे देश के समग्र विकास के लिए भी आवश्यक है।

विभिन्न घाटों में उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर महापर्व छठ का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : जिला के विभिन्न छठ घाटों में शुक्रवार को उगते हुए सूर्य देव को निर्जला उपवास रखने वाली व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के द्वारा अर्घ्य देने के साथ ही आस्था का महापर्व छठ का समापन हो गया। लोक आस्था का महापर्व छठ विशेष रूप से मनाए जाने वाला एक प्रमुख पर्व है,यह चार दिवसीय व्रत प्रकृति को समर्पित करने वाला हैं,यह पर्व सांस्कृतिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। दीपावली के समापन होने के बाद यह पर्व छठ नेम निष्ठा के साथ प्रारंभ होती है। यह पर्व चार दिनों तक चलता है,जिसमें व्रती निर्जला उपवास रखती है। मान्यता है कि व्रती अपने परिवार के जीवन में सुख, समृद्धि, बुद्धि, विवेक, स्वास्थ्य, शांति,को लेकर अपने आप को निर्जला उपवास रख श्रद्धा भाव से समर्पित रहती है। यह चार दिवसीय चलने वाला पर्व के अंतिम दिन उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देकर छठ पूजा की समापन की जाती है।

जेएलकेएम व कांग्रेस के आगे एनडीए का कुनबा हुआ मजबूत : हरेलाल महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चांडिल : इस विधानसभा चुनाव में ईचागढ़ विधानसभा की राजनीति हर पल नई मोड़ ले रही हैं। इस बीच ईचागढ़ में जेएलकेएम संगठन ध्वस्त होता दिख रहा है। वहीं, दूसरी ओर एनडीए गठबंधन का कुनबा बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को एनडीए के प्रधान कार्यालय, चिलगु में आजसू पार्टी के उम्मीदवार हरेलाल महतो के समक्ष जेएलकेएम के केंद्रीय महासचिव एवं विस्थापित अधिकार मंच के अध्यक्ष राकेश रंजन महतो व जेएलकेएम जिला सचिव सुखदेव महतो के नेतृत्व में सैकड़ों सक्रिय कार्यकताओं ने आजसू पार्टी का दामन थाम लिया। एनडीए उम्मीदवार हरेलाल महतो ने सभी का अपने पार्टी में स्वागत किया एवं बधाई दी। मौके पर हरेलाल महतो ने कहा कि ईचागढ़ विधानसभा का हर समाज-हर वर्ग इस बार परिवर्तन चाहता है। 35 वर्ष यानी एक पीढ़ी के बराबर होते हैं, इस पीढ़ी ने 35 साल से अपने क्षेत्र के भूमिपुत्र विधायक की आशा लिए बैठा है। इस बार निश्चित रूप से स्थानीय भूमिपुत्र की जीत होगी, ईचागढ़ के माटी की जीत होगी और हमलोग राज्य में एनडीए सरकार बनाने जा रहे हैं। आजसू पार्टी में शामिल हुए राकेश रंजन महतो ने कहा कि चांडिल डैम के विस्थापितों के समस्याओं का समाधान आजतक नहीं होने का मुख्य कारण यह है 35 साल से यहां का कोई स्थानीय विधायक नहीं बना है। उन्होंने कहा कि अपने घर के लोग ही अपनों का दुख दर्द को समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए उम्मीदवार हरेलाल महतो 2019 का चुनाव हारने के बाद भी लगातार पांच साल से जनता के सुख दुख में शामिल रहते हैं, जबकि अन्य सभी उम्मीदवार बरसाती मेंढक की तरह चुनाव में दिख रहे हैं।

झारखंड की अस्मिता, संस्कृति और संसाधनों पर भाजपा की गंदी नजर : कल्पना सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

ईचागढ़ : शुक्रवार को गांडेय विधायक सह झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना मुर्मू सोरेन ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के टिकर हाई स्कूल मैदान में आयोजित चुनावी सभा में हेलीकाप्टर से पहुंची। कल्पना मुर्मू सोरेन ईचागढ़ सीट से इंडिया गठबंधन की झामुमो प्रत्याशी सविता महतो के पक्ष में वोट करने की अपील की। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कल्पना मुर्मू सोरेन ने बीजेपी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। कहा कि झारखंड की अस्मिता, संस्कृति और संसाधनों पर भाजपा की गंदी नजर है, और यह समय है कि झारखंड के लोग अपने राज्य और अधिकारों की रक्षा के लिए खड़े हों। कल्पना सोरेन ने अपने संबोधन में लोगों को याद दिलाया कि झारखंड सरकार ने उनके हितों को हमेशा प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने हजारों लोगों का बिजली बिल माफ किया, मंईयां सम्मान पेंशन, राशन, हेलीकाप्टर से मजदूरों को दूसरे राज्य से लाने का काम किया है और विदेश में पढ़ाई के लिए विशेष योजनाओं को लागू कर झारखंड की जनता को राहत दी है। हेमंत सोरेन एकमात्र नेता हैं, जो झारखंड के लोगों की तकलीफों में उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने जनता को अपने हक और अधिकार के प्रति जागरूक रहने का आह्वान करते हुए कहा कि आज हम अपनी पहचान और भाषा के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। हमारी मातृभाषा और संस्कृति से अनभिज्ञ लोग, जो बाहर से आकर यहां प्रचार कर रहे हैं, झारखंड के असली मुद्दों से पूरी तरह कटे हुए हैं. भाजपा को झारखंड के संसाधनों और खनिज संपदा पर कब्जा करने की लालसा है, और वह झारखंड के अधिकारों को दबाना चाहती है।

एक नजर

स्वीप अंतर्गत जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आज

साहिबगंज : विधान सभा आम चुनाव 2024 के तहत स्वीप कोषांग जिला प्रशासन, साहेबगंज द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर 09 नवम्बर एवं 10 नवंबर को जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन चांद भैरव इंडोर स्टेडियम, साहेबगंज में किया गया है। जिसमें जिला के 18 वर्ष से 85 वर्ष तक के पुरुष एवं महिला प्रतिभागी नि:शुल्क भाग ले सकते हैं। बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 09 नवंबर को प्रात: 10:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिसमें 18 वर्ष से 20 वर्ष, 21 वर्ष से 30 वर्ष, 31 वर्ष से 40 वर्ष, 41 वर्ष से 50 एवं 51 वर्ष से 81 वर्ष तक के महिला एवम पुरुष प्रतिभागियों के लिए अलग अलग कैटेगरी बनाई गई है। सभी ग्रुप के एकल एवं द्वितीय वर्ग के विजेता प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार 3000, द्वितीय 2000 एवं तृतीय 1000 रुपए एवं अन्य पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा।

दो राउंड में होगी होम वोटिंग, आज से पहला राउंड

साहिबगंज : विधानसभा चुनाव 2024 के तहत जिला के राजमहल, बोरियो व बरहेट विधानसभा क्षेत्र के चिन्हित 85 प्लस मतदाताओं के लिए दो राउंड में पोस्टल बैलेट से वोटिंग होगी। पहला राउंड शनिवार 9 नवंबर से शुरू हो रहा है। जो 14 नवंबर तक चलेगा। वहीं दूसरा राउंड 16 नवंबर से 17 नवंबर तक चलेगा। इसके तहत राजमहल विधानसभा के साहिबगंज, राजमहल व उधवा, बोरियो विधानसभा के तालझारी, मंडरो व बोरियो एवं बरहेट विधानसभा के बरहेट, पतना व पाकुड़ जिला के बरहरवा के 85 प्लस मतदाता पोस्टल बैलेट से होम वोटिंग करेंगे।

पाकुड़ में आदिवासी समाज अपने अधिकारों को समझे : बाबूधन मुर्मू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पाकुड़ : लिट्टीपाड़ा भाजपा प्रत्याशी ने घूम-घूमकर जनता से अपने विचार साझा किया। शुक्रवार को लिट्टीपाड़ा में बाबूधन मुर्मू ने अपने समर्थकों के साथ कई गावों का भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। इस दौरान उनके साथ मंडल अध्यक्ष धनेश्वर साह, महामंत्री गणेश मंडल जी, सह संयोजक सुनील ठाकुर, बूथ अध्यक्ष निमय ठाकुर , बूथ अध्यक्ष शिवम बागती , रळ मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किस्टू सोरेन, ST मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य रुशील हेमब्रम ,प्रदेश मंत्री अनिता मुर्मू मौजूद रही। अभियान की यात्रा जबरदाहा बगती टोला में पदयात्रा शुरू की कमलघाटी पंचायत के हाथीगढ़ रसि टोला, तिगड़, विझा, तालझारी पंचायत के दुमसी एवं अन्य कई गावों में पहुंचे। इस दौरान लोगों से संवाद करते हुए श्री मुर्मू ने कहा कि इस बार किसी के बहकावे में नहीं आएं। आदिवासी समाज अपने अधिकारों के प्रति सजग रहे. लोग शिक्षा के महत्व को समझ चुके हैं और हम अपने बच्चों के लिए उत्कृष्ट सुविधाएं सुनिश्चित करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी समाज की जागरूकता और एकजुटता को देखकर यह स्पष्ट है कि लिट्टीपाड़ा में परिवर्तन होने जा रहा है। यह परिवर्तन लिट्टीपाड़ा को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक लेकर जाएगा। हम सभी परिवर्तन को सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से प्रयास कर रहे हैं।

एंजेला आर्चरी सेंटर ने बांटी पूजा सामग्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : श्री श्री सार्वजनिक छठ पूजा समिति सेक्टर 9 बोकारो एंजेला आर्चरी सेंटर के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी छठवृतियों के लिए पूजा सामग्री का वितरण का आयोजन किया गया। उपासना का महापर्व चार दिवसीय छठ पूजा के शुभ अवसर पर स्थलगामी सूर्य एवं उदयमान सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के लिए प्रत्येक वर्ष स्टॉल लगाई जाति है जिसमें हर तरह के पूजा सामग्री एवं दूध की भी व्यवस्था रहती है एंजेला आर्चरी सेंटर के द्वारा बड़ी धूमधाम से छठ पर्व को मनाया जाता है लगभग 20 वर्षों से एंजेला आर्चरी सेंटर के अध्यक्ष श्रीमती अंजना सिंह के नेतृत्व में उनके कार्यकताओं द्वारा सामग्री वितरण किया जाता है। एंजेला सिंह ने बताया कि हम लोगों की पूरी टीम इस छत पर की तैयारी को लेकर काफी उत्साहित रहते हैं और छठवृत्तियों लोगों को किसी भी तरह का परेशानियों का सामना न करना पड़े इसको लेकर हम सब अपनी पूरी निष्ठा से सेवा करते हैं और इससे हमारे सभी टीम के सदस्यों को बहुत ही उत्साह और जोश भर जाता है।

हरेलाल महतो के नेतृत्व में आजसू व भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली बाइक रैली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

कुकडू/चांडिल : एनडीए उम्मीदवार हरे लाल महतो के नेतृत्व में कुकडू में आजसू व भाजपा कार्यकताओं ने विशाल बाइक रैली निकाली। कुकडू प्रखंड के छतरडीह मोड़ से हाट तोला तक बाइक रैली निकाली गई। हाट तोला में सभी कार्यकताओं का जुटान हुआ, जहां नुक्कड़ सभा हुआ। इस अवसर पर एनडीए समर्थित आजसू उम्मीदवार ने लोगों से ईवीएम मशीन के क्रम संख्या 03 पर केला छाप पर बटन दबाकर वोट देने का अपील किया। हरेलाल महतो ने कहा कि हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई हैं। मैया सम्मान योजना के नाम पर चुनाव से पहले महिलाओं को ठगने का काम किया है, जबकि 2019 में हेमंत सरकार ने हर महीने दो हजार रुपये चुल्हा खर्च देने का वादा किया था। उसी तरह से हर साल पांच लाख नौकरी, नौकरी नहीं तो ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट युवाओं को पांच हजार व सात हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। हरेलाल महतो ने कहा हर बार ईचागढ़ में वैसे उम्मीदवार रहते हैं जो पांच साल तक जनता के सुख दुख में शामिल नहीं होते हैं लेकिन चुनाव के समय नोट के बदले वोट लेने के लिए आते हैं, वैसे लोगों को जनता पहचानें और नोट के बदले वोट की परंपरा का खुलकर विरोध करें। हरेलाल महतो ने बताया कि उन्होंने अपना एक संकल्प पत्र जारी किया है, जिसमें जनहित के दस काम करेंगे जिसकी गारंटी दे रहे हैं। उसके अलावा अन्य तमाम मुद्दों पर भी काम करेंगे, जो सरकार के स्तर पर संभव है। हरेलाल महतो ने जनता से एनडीए सरकार बनाने में सहयोग करने का अपील किया। नुक्कड़ सभा को भाजपा नेता देवाशीष राय, आजसू केंद्रीय सचिव अशोक साव उर्फ मांझी साव, भीम सिंह मुंडा, सचिदानंद महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो, कृष्णा पोद्दार, बादल महतो, गौरांग महतो आदि उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

लोक आस्था के महापर्व छठ का उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ हुआ समापन

पटमदा : पटमदा और बोड़ाम प्रखंड में लोक आस्था का महापर्व छठ धुमधाम के साथ मनाया गया। पटमदा प्रखंड के बेलटांड स्थित छठ तालाब,पटमदा थाना के पास स्थित छठ घाट,डिमना लेक स्थित छठ घाट में श्रद्धालुओं ने गुरुवार को अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। जबकि शुक्रवार को अहले सुबह सुबह छठ घाटों में सपरिवार पहुंचकर श्रद्धा पूर्वक उदयमान सूर्य देव को अर्घ्य दिया। इस दौरान सभी छठ घाट में प्रशासन सक्रिय दिखी। जबकि स्वास्थ्य विभाग की टीम भी डॉक्टर सोमेन दत्ता के नेतृत्व में सक्रिय दिखी।

अर्थ एंक्लेव सोसाइटी ने छठ घाट पर श्रद्धालुओं के बीच किया दूध का वितरण

आदित्यपुर : शुक्रवार को आस्था का महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर मोतीनगर आदित्यपुर-2 स्तिथ अर्थ एंक्लेव सोसाइटी की और से ऊषा अर्घ के दिन छठ घाट में आए सभी श्रद्धालुओ को अर्घ देने के लिए दूध का वितरण किया गया, साथ ही साथ सभी श्रद्धालुओ के बीच चाय बिस्किट और पानी का वितरण किया गया। इस मौके में अर्थ एंक्लेब सोसाइटी के सचिव हरेंद्र सिंह, ट्रेजर सुब्रता रक्षित, अपूर्व सहाय, संजीत झा, डॉ गौतम सिंह, रवि प्रसाद,महेश्वर सहाय, मनीष पाल सिंह, भूपेश्वर पाठक, संजय कुमार, आर ए बहादुर, राजेश कुमार, सी न झा एवम सोसाइटी के अन्य सदस्य मौजूद थे।

प्रेक्षकों ने किया अंतरराज्यीय चेक नाका का निरीक्षण

साहिबगंज : विधानसभा आम चुनाव 2024 निष्पक्ष निर्भिक एवं शांतिपूर्ण माहौल में विधान सभा आम चुनाव 2024 को लेकर परिपेक्ष्य पुलिस प्रेक्षक दिनेश कुमार यादव, 03 बरहेट सामान्य प्रेक्षक मजीद खलील अहमद ड्राबू एवं व्यय प्रेक्षक अनादि दीक्षित द्वारा राजमहल स्थित अंतरराज्यीय चेक नाका का औचक निरीक्षण किया गया। संबंधित चेक नाका के मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सिविल सर्जन ने छठ घाटों पर लगाए गए चिकित्सा शिविरों का किया निरीक्षण

साहिबगंज : जिला के छठ घाटों का गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा आस्था का महापर्व छठ पूजा को देखते हुए साहिबगंज के विभिन्न छठ घाटों में लगाए गए चिकित्सा शिविर मेडिकल टीम का निरीक्षण किए। टीम में प्रतिनियुक्त किए गए चिकित्सक एवं कर्मियों की उपस्थिति, जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता आदि का जायजा लिए। साथ ही मेडिकल टीम में प्रतिनियुक्त सभी चिकित्सकों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सिविल सर्जन ने सभी चिकित्सकों एवं कर्मियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी छठव्रती एवं श्रद्धालु गण छठ घाट पर पूजा अर्चना करने के लिए आने जाने वाले किसी भी तरह का चिकित्सा उपचार के लिए चिकित्सा शिविर में लोग आते हैं तो उनका चिकित्सक एवं कर्मी अपना अपना सत प्रतिशत योगदान देंगे।

भाजपा प्रत्याशी अनन्त कुमार ओझा ने किया जनसंपर्क

साहेबगंज : राजमहल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अनन्त कुमार ओझा ने साहेबगंज सदर प्रखंड के हाजीपुर पश्चिमी, हाजीपुर पूरब सहित विभिन्न पंचायतों में गांवों का दौरा कर जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने ने कहा जनसम्पर्क में जनता का प्यार और आशीर्वाद भरपूर मिल रहा हैं विपक्षी द्वारा गलत भ्रम फैलाकर यहाँ की जनता को ठगने का प्रयास किया जा रहा हैं मगर यहाँ की जनता ने मुझे दो बार अपना आशीर्वाद देकर विधानसभा भेजने का काम किया है उनका विश्वास पर दस सालों में क्षेत्र का विकास करके खड़ा उतरने का हर संभव प्रयास किया हूँ कहा कि साहेबगंज सदर प्रखंड में दस सालों में तेजी से विकास हुआ हैं। कहा कि शोभनपुर भट्ठा से हाजीपुर दियारा होकर राज गाँव तक 70 करोड़ की लागत से पीडब्ल्यूडी सड़क का निर्माण कराया गया। हाजीपुर दियारा में सड़क निर्माण कराया गया। आज गाँव का परिवेश बदल रहा।ग्रामीण आत्मनिर्भरता डेयरी खुलने से बढ़ी है। साहिबगंज मनिहारी गंगा पुल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। दियारा क्षेत्र के गाँव में आधारभूत सरंचनाएँ बढ़ने से उनके जीवन स्तर में बदलाव आ रहा है। दियारा सहित सदर प्रखंड में 22 घण्टे लगभग बिजली मिल रही हैं इसके लिए कई सब स्टेशन और पावर ग्रिड का निर्माण कराया गया। जर्जर तार पोल को बदलकर नया लगाया गया। गोपालपुर दियारा और कारगिल दियारा में पहली बार पक्की सड़क और बिजली का सपना पूरा हुआ। महादेवगंज में पुल का निर्माण हुआ। महादेवगंज चौक सहित कई चौक चौराहे मास्क लाइट लगाया जाएगा। कई पुल पुलिया का निर्माण साहेबगंज सदर प्रखंड में हुआ हैं। राज्य में भाजपा सरकार बनी तो संताल परगना से घुसपैठियों को भगाया जाएगा। दो लाख 87 हजार को सरकारी नौकरी दी जाएगी।ग्रेजुएट युवकों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए हर महीने दो हजार रुपये दो साल तक दिए जाएंगे। साथ ही 21 लाख पीएम आवास दिए जाएंगे। लोगों को बालू फ्री में दी जाएगी।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने की ब्याज दर में कटौती, भारतीय बाजारों को होगा फायदा

मुंबई।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने इस साल लगातार दूसरी बार ब्याज दर में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती की है, जिससे यह दर अब 4.75 फीसदी रह गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए सकारात्मक है, विशेष रूप से ऐसे समय में जब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) विकास, मुद्रास्फीति और मुद्रा स्थिरता के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है।

एक विशेषज्ञ ने कहा कि भारत में खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी है और यह आर्थिक विकास की संभावनाओं के लिए एक सकारात्मक संकेत है। विशेषज्ञों का मानना है कि फेड की इस नीति से भारत में निवेश आकर्षित हो सकता है, खासकर जब घरेलू स्तर पर ब्याज दर में कटौती के लिए तत्काल संभावना नहीं है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि आरबीआई ने तटस्थ मौद्रिक नीति की दिशा में कदम उठाया है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि तुरंत ब्याज दरों में कटौती की जाएगी। आरबीआई की हाल में की गई समीक्षा में लगातार 10वीं बार ब्याज दर को अपरिवर्तित रखा है, हालांकि बैंक का रुख तटस्थ बना हुआ है। दास ने कहा कि मुद्रास्फीति में अभी भी कई जोखिम हैं, जिससे ब्याज दरों में कटौती अभी जोखिमपूर्ण हो सकती है। आरबीआई के इस संयम के बावजूद अमेरिकी फेड की कटौती भारत जैसे बाजारों को उभरने का अवसर दे सकती है, जो कि वैश्विक वित्तीय प्रवाह में भारत के लिए अनुकूलता ला सकती है। सैमको सिक्योरिटीज के रिसर्च प्रमुख ने कहा कि फेड प्रमुख का लक्ष्य मुद्रास्फीति को 2 फीसदी के निशान पर लाना है, जो प्रतिबंधात्मक नीतियों की जरुरत को कम करता है। उन्होंने बताया कि बॉन्ड यील्ड में गिरावट आई है और यह अब 4.335 प्रतिशत फीसदी के नीचे आ गई है, जो भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए एक सकारात्मक संकेत है। उनका मानना है कि बाजार अब धीमी गति से ब्याज दर में कटौती की संभावनाओं के साथ आगे बढ़ सकता है, हालांकि मुद्रास्फीति में वृद्धि की संभावना बनी हुई है। फेड की नीति में बदलाव से भारत को विदेशी निवेश में फायदा मिल सकता है, जिससे भारतीय बाजार को स्थिरता और विकास का समर्थन मिल सकता है।

अगले साल पेश होने वाले बजट में टैक्स सिस्टम में सुधार की उठी मांग

नई दिल्ली ।

अगले साल पेश होने वाले बजट से पहले टैक्स सिस्टम में और सुधार की मांग उठने लगी है। उद्योग मंडल सीआईआई ने अगले वित्त वर्ष के बजट में कर प्रणाली में अधिक सुधारों को बढ़ावा देने का अनुरोध किया है। सीआईआई ने कहा कि पूंजी निवेश की रफ्तार बनाए रखने पर भी ध्यान देना होगा।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के प्रतिनिधियों ने राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा के साथ आगामी बजट पर हुई एक बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों, कृषि और सामाजिक क्षेत्र से संबंधित बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान देने के साथ पूंजीगत व्यय को 25 प्रतिशत बढ़ाने का भी अनुरोध किया। वित्त वर्ष 2025-26 का बजट एक फरवरी, 2025 को पेश किया जाएगा।

इसके लिए विभिन्न संगठनों के साथ चर्चा का दौर शुरू हो चुका है। सीआईआई के अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा कि अर्थव्यवस्था की आंतरिक मजबूती और वृद्धि आकांक्षाओं को देखते हुए भारत

के लिए सुधारों के अगले चरण की रूपरेखा तैयार करने का यह एक उपयुक्त समय है। पुरी ने कहा कि पिछले दशक में भारत एक तनावपूर्ण दुनिया में स्थिरता और विकास का प्रतीक बनकर उभरा है। हम इस स्थिति को मजबूत करने और प्रतिस्पर्धी भारत बनाने के लिए केंद्रीय बजट की ओर देख रहे हैं जो समृद्ध, समावेशी, न्यायसंगत, पर्यावरण के अनुकूल और तकनीकी रूप से उन्नत हो।

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, जेट एयरवेज के निवेशकों को लगा बड़ा झटका

- डूब जाएगा 1.43 लाख निवेशकों का पैसा, साढ़े 5 साल से बंधी थी उम्मीद

नई दिल्ली ।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जेट एयरवेज की पुनरुद्धार योजना को खारिज कर दिया और कंपनी के परिसमापन का आदेश जारी किया। यह फैसला 1.43 लाख निवेशकों के लिए बड़ा झटका है, जिनके पैसे अब डूबने का खतरा है। ये निवेशक पिछले साढ़े पांच साल से कंपनी के पुनरुद्धार की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उनके पैसे पूरी तरह डूबने की संभावना जताई गई है। कोर्ट ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) के फैसले को पलट दिया और निर्देश दिया कि जेट एयरवेज की संपत्ति बेची जाए और उसके लेनदारों को भुगतान किया जाए।

इसके अतिरिक्त, अदालत ने कालरॉक कंसोर्टियम की पुनरुद्धार योजना को खारिज कर दिया क्योंकि कंसोर्टियम ने अब तक कंपनी में कोई फंड नहीं लगाया था। इस निर्णय के बाद जेट एयरवेज के शेयरों में भारी गिरावट देखी गई, स्टॉक करीब 5 फीसदी गिरकर 34 रुपये पर बंद हुआ। 2 लाख रुपये से कम निवेश वाले निवेशकों में, जिनकी संख्या लगभग 1.43 लाख है, उनका कुल निवेश लगभग 19.29 फीसदी है। विशेषज्ञों का मानना है कि अब उनके निवेश के पूरी तरह डूब जाने का जोखिम बढ़ गया है। जेट एयरवेज के विमान अप्रैल 2019 से ही उड़ान नहीं भर रहे हैं, और तब से कंपनी के पुनर्गठन के प्रयास अधर में लटके हुए हैं। आखिरी उम्मीद कलरॉक कंसोर्टियम पर टिकी थी, जिसने अपनी पुनरुद्धार योजना में सार्वजनिक शेयरधारिता को 0.21 फीसदी कम करने का प्रस्ताव रखा था।

इसका मतलब सार्वजनिक शेयरधारकों के लिए बाजार मूल्य का अंत होता, लेकिन वे अपना पैसा वापस पाने की उम्मीद कर रहे थे।

अब, सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद, जेट एयरवेज के शेयरों को एक्सचेंज से हटा दिए जाने का जोखिम है, जैसा कि पहले डीएचएफएल के साथ हुआ था। इसका मतलब है कि निवेशक कंपनी के शेयर बेचने में असमर्थ हो सकते हैं, जिससे उनके फंड पूरी तरह से डूब जाने का जोखिम है।

फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में की कटौती

अधिकारियों ने फेडरल फंड्स रेट को 4.5 से 4.75 फीसदी के रेंज में घटाने का फैसला लिया

मुंबई।

फेडरल रिजर्व ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए अपनी बेंचमार्क लेंडिंग रेट में एक चौथाई प्रतिशत की कटौती की है। अधिकारियों ने सर्वसम्मति से फेडरल फंड्स रेट को 4.5 फीसदी से 4.75 फीसदी के रेंज में घटाने का फैसला लिया। यह कटौती सितंबर में हुई आधे प्रतिशत की कटौती के बाद की गई है। फेडरल ओपन मार्केट कमिटी ने अपने बयान में कहा, कमेटी का मानना है कि रोजगार और महंगाई के लक्ष्यों को हासिल करने में रिस्क लगभग संतुलित हैं। अर्थव्यवस्था का आउटलुक अनिश्चित है और कमेटी अपने डुअल मैंडेट के दोनों पहलुओं से जुड़े रिस्क को लेकर सतर्क है। नीति-निर्माताओं ने अब उस लाइन को हटाया है जिसमें यह भरोसा जताया गया था कि महंगाई 2 फीसदी के लक्ष्य की ओर स्थायी रूप से बढ़ रही है। हालांकि उन्होंने कहा कि महंगाई में केंद्रीय बैंक के लक्ष्य की ओर कुछ सुधार हुआ है।

समिति ने नौकरी के बाजार के बारे में भी अपने शब्दों में थोड़ा बदलाव किया है। फेड के बयान में कहा गया है कि इस साल की शुरुआत से श्रम बाजार की स्थिति में सामान्यीकरण हुआ है, और बेरोजगारी दर में कुछ बढ़ोतरी देखी गई है, लेकिन यह अब भी कम बनी हुई है। इस दौरान, एसएंडपी 500 इंडेक्स में अमेरिकी शेयर ऊपर बने रहे, जबकि ट्रेजरी के लाभ घटे और डॉलर के नुकसान में भी कमी आई। यह फैसला इस हफ्ते डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी चुनाव में जीतने के बाद आया है। ट्रंप ने सख्त टैरिफ लगाने, इमिग्रेशन पर रोक बढ़ाने और टैक्स कटौती को जारी रखने का वादा किया है। इन नीतियों से महंगाई और दीर्घकालिक ब्याज दरों में बढ़ोतरी का दबाव बढ़ सकता है, जिससे फेड आने वाले महीनों में दरों में कटौती के फैसलों को सीमित कर सकता है। फेड अधिकारियों के फैसले अब और अधिक जांच के दायरे में आ सकते हैं, क्योंकि ट्रंप का इतिहास फेड चेयर जेरोम पॉवेल की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने का रहा है। फेड की दरों में कटौती के चक्र की शुरुआत एक बड़े दर समायोजन के साथ हुई थी, लेकिन अब नीति निर्माता आगे दरों में कटौती के मामले में एक संतुलित और सावधान दृष्टिकोण अपनाना चाहते हैं।

टीसीएस ने एयर फ्रांस-केएलएम के साथ की मल्टी-ईयर डील

केएलएम को डेटा-संचालित एयरलाइन बनने में मदद करेगा टीसीएस

मुंबई। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने एयर फ्रांस-केएलएम के साथ मल्टी-ईयर डील साइन की है। इस डील के तहत टीसीएस एयर फ्रांस-केएलएम को एक डेटा-संचालित एयरलाइन बनाने में मदद करेगा। आने वाले तीन सालों में, टीसीएस एयरलाइन ग्रुप के डेटा को क्लाउड में माइग्रेट करने का कार्य करेगा, जिससे एयर फ्रांस-केएलएम को अपने डेटा केंद्रों से बाहर निकलने और क्लाउड की पूरी क्षमता का लाभ उठाने का मौका मिलेगा। टीसीएस का कहना है कि इस बदलाव से एयर फ्रांस-केएलएम को अपने संचालन को अनुकूलित करने, फैसले लेने में सुधार, कार्यक्षमता को बढ़ावा देने और दक्षता में वृद्धि करने में मदद मिलेगी। यह नया डेटा आर्किटेक्चर एयरलाइन के लिए एक स्थिर और अनुकूली एविएशन इंडस्ट्री को सपोर्ट करेगा। यह डील टीसीएस और एयर फ्रांस-केएलएम के बीच 30 सालों से चल रही सहयोग का हिस्सा है, जिसमें पहले से ही विश्वसनीयता, सोशल मीडिया, ग्राहक सेवा और ई-कॉमर्स को बढ़ावा दिया है। अब, टीसीएस एयर फ्रांस-केएलएम को उनके मुख्य व्यवसाय डेटा को क्लाउड पर स्थानांतरित करने में मदद करेगा, एयर फ्रांस-केएलएम ग्रुप के ईवीपी और ग्रुप सीआईओ ने कहा कि टीसीएस के साथ एक नया और रोमांचक अध्याय शुरू करने की खुशी है। नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए हम डेटा-संचालित एयरलाइन बन सकते हैं और अपने ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा कर सकते हैं। इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व फ्रांस, नीदरलैंड और भारत में स्थित टीसीएस डिलीवरी केंद्रों में 100 से ज्यादा पेशेवरों की एक समर्पित टीम करेगी। एयर फ्रांस-केएलएम 100 देशों में 320 स्थानों पर उड़ान भरने वाले 551 विमानों के बेड़े के साथ कई एयरलाइन ब्रांडों का संचालन करता है।

इमामी का तिमाही मुनाफा 19 प्रतिशत बढ़ा

- पिछले वर्ष की समान तिमाही के मुकाबले 19 प्रतिशत ज्यादा

नई दिल्ली ।

एफएमसीजी कंपनी इमामी लिमिटेड ने दूसरी तिमाही में अपने शानदार नतीजे जारी किए हैं। उसके चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वर्ष की समान तिमाही के मुकाबले 19 प्रतिशत बढ़कर 213 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। इससे कंपनी ने उत्कृष्ट कार्यक्षमता का प्रदर्शन किया है। कंपनी के निदेशक मंडल ने जारी बयान में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में भी एफएमसीजी कंपनी ने अच्छे नतीजे प्राप्त किए हैं। उसके शुद्ध मुनाफे में 19 प्रतिशत का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 213 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। अधिकारियों का कहना है कि इस अवधि में परिचालन से उसका राजस्व तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 891 करोड़ रुपए हो गया है। इस बड़े वृद्धि के पीछे उसके प्रोडक्ट लाइन का विस्तार और क्वालिटी निरंतरता में सुधारों का होना बड़ी भूमिका निभाई है। एफएमसीजी कंपनी के प्रतिपादन में बड़ी वृद्धि आई है जिससे कारोबार में नया उत्साह दिखा है। यह नतीजे कंपनी के भविष्य के लिए उम्मीदवारी को मजबूत करने में मददगार साबित हो सकते हैं और उसके विनिवेशकों को भी आत्मविश्वास दिलाने में सहायक हो सकते हैं।

अमेरिका के बाद अब चीन करेगा राहत पैकेज की घोषणा!

- दबाव में आ सकता है भारत का शेयर बाजार

मुंबई । अमेरिका के बाद अब चीन ने भारत के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। फेडरल रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में कटौती की है, जो अमेरिका में महंगाई को नियंत्रित करने के लिए किया गया है। चीन में नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की बैठक अब समाप्त होने वाली है और राहत पैकेज का ऐलान हो सकता है। चीन की ओर से 10 लाख करोड़ रुपए के और राहत पैकेज की संभावना है। यह कदम भारत के लिए बड़ी चुनौती बना सकता है और शेयर बाजार दबाव में आ सकता है। विदेशी निवेशक चीन की ओर बढ़ सकते हैं और भारतीय शेयर बाजार को नुकसान हो सकता है। पिछले महीने विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से बड़ी राशि निकाली थी, जिससे उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। अमेरिका में ब्याज दर कम होने से वैश्विक शेयर बाजार में तेजी आई है, जो भारत के शेयर बाजार को भी प्रभावित कर सकता है। इस संदर्भ में भारतीय रिजर्व बैंक भी रेपो रेट में कटौती करने का विचार कर सकता है। इस तरह की कटौती से भारतीय अर्थव्यवस्था को भी तरक्की मिल सकती है।

एफएसएसएआई ने अधिकारियों से कहा- ई-कॉमर्स कंपनियों के गोदामों में निगरानी बढ़ाएं

- 45वीं केंद्रीय सलाहकार समिति की बैठक में दिया निर्देश

नई दिल्ली । खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने सरकारी अधिकारियों से ई-कॉमर्स कंपनियों के गोदामों की निगरानी बढ़ाने और उपभोक्ताओं तक सुरक्षित भोजन पहुंचाने के लिए आपूर्ति कर्मचारियों के बारे में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करने को कहा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की 45वीं केंद्रीय सलाहकार समिति (सीएसी) की बैठक में यह निर्देश दिया गया। इस बैठक में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से नवंबर से मार्च तक के मुख्य पर्यटन सत्र की तैयारी में उच्च सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के लिए लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर निगरानी बढाने का आग्रह किया गया। लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सैलानियों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को वहां फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स मोबाइल लैब का उपयोग करने की सलाह दी गई। उन्होंने विभिन्न राज्यों के खाद्य आयुक्तों से ई-कॉमर्स मंचों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले गोदामों और अन्य सुविधाओं पर निगरानी बढ़ाने को कहा।

शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबार दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी रहने से बाजार नीचे आया। कंपनियों के दूसरी तिमाही के परिणाम उम्मीद के अनुसार नहीं रहने से भी बाजार गिरा है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार धन निकासी से भी बाजार पर दबाव पड़ा है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 55.47 अंक करीब 0.07 फीसदी नीचे आकर 79,486.32 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 51.15 अंक तकरीबन 0.21 फीसदी नीचे आकर 24,148.20 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी के 27 शेयर नीचे आये जबकि 23 के शेयर लाभ के साथ ही बंद हुए।

वहीं सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स का शेयर सबसे ज्यादा 2.62 फीसदी गिरा। इसके अलावा टाटा स्टील, एसबीआई, टाटा मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, अल्ट्रा सीमेंट और मारुति के शेयर भी नीचे आये।

दसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे ज्यादा 2.69 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। इसके साथ ही टाइटन, टेक महिंद्रा, नेस्ले इंडिया, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू और सनफार्मा के शेयर भी लाभ के साथ उछले। बाजार जानकारों के अनुसार विदेशी निवेशकों के लगातार पैसा निकालने से बाजार नीचे जा रहा है इसके अलावा कंपनियों के तिमाही परिणम उम्मीद के अनुसार नहीं रहने से भी बाजार पर दबाव पड़ा है। इसके अलावा अलावा आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया व दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज शेयरों में गिरावट से भी बाजार नीचे आया।

गत दिवस विदेशी निवेशकों ने 4,888.77 करोड़ रुपये बाजार से निकाले थे।

इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट पर खुला । घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान लगातार दूसरे दिन बिकवाली दिखी। सुबह के सत्र में सेंसेक्स 424.42 अंक गिरकर 79,117.37 पर जबकि निफ्टी 132.7 अंक गिरकर 24,066.65 पर कारोबार करता दिखा।

वहीं अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने उम्मीद के मुताबिक 25 बेसिस अंकों की दर से ब्याज दरें घटाई हैं। फेड के इस फैसले से उत्साहित वॉल स्ट्रीट लगातार दूसरे दिन रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 में 0.74 फीसदी की बढ़त रही, नेस्डेक कम्पो जिट 1.51 फीसदी चढ़ा और डाओ जोंस सपाट बंद हुआ। वहीं एशियाई बाजार में भी तेजी रही। चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 1.12 फीसदी ऊपर है, जबकि जापान का निक्केई 0.49 फीसदी उपर आया।

आईआरबी इंफ्रा का टोल राजस्व संग्रह अक्टूबर में बढ़कर 540 करोड़ हुआ

आईआरबी ने बताया कि उनके 17 टोलों में सर्वाधिक राजस्व महाराष्ट्र में हुआ

नई दिल्ली। आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ने अपने टोल संग्रह में अक्टूबर माह में वृद्धि की जानकारी दी और बताया कि इसे पिछले वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत बढ़कर 539.6 करोड़ रुपये हो गया है। यह एक पॉजिटिव संकेत है कि कंपनी अपनी दिशा में मजबूत बनी जा रही है। आईआरबी ने बताया कि उनके 17 टोलों में सर्वाधिक राजस्व महाराष्ट्र में हुआ है, जहां आईआरबी एमपी एक्सप्रेसवे ने 142.6 करोड़ रुपये का संग्रह किया। इसके बाद आईआरबी अहमदाबाद वडोदरा सुपर एक्सप्रेस टोलवे ने 66.2 करोड़ रुपये का योगदान दिया। कंपनी ने इस योजना में सीजी टोलवे से 32.7 करोड़ रुपये संकलित किए हैं। आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि उन्हें इस तरीके के रुझान से बड़ी उम्मीदें हैं और वे उम्मीद कर रहे हैं कि यात्रियों की संख्या में आगे भी वृद्धि होगी। आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत की राजमार्ग क्षेत्र की पहली एकीकृत अवसंरचना कंपनी है और वे देश की सबसे बड़ी एकीकृत निजी टोल रोड और राजमार्ग अवसंरचना डेवलपर हैं। उनकी परिसंपत्ति की मान्यता 12 राज्यों में 80,000 करोड़ रुपये से अधिक है। यह स्थिति दिखाती है कि कंपनी का भविष्य उज्जवल है और उन्हें आगे भी सफलता हासिल करने की उम्मीद है।

फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी को नहीं मिल रहा निवेशकों का रिस्पॉन्स

-विशेषज्ञों का मानना, स्विगी को अपने लागत ढांचे में करना होगा सुधार

नई दिल्ली।

फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी के 11,327 करोड़ रुपए के आईपीओ को दूसरे दिन भी निवेशकों से अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिली। गुरुवार शाम तक यह केवल 35 फीसदी या 0.35 गुणा ही सब्सक्राइब हुए। यह आईपीओ बुधवार को खुला था, और पहले दिन 12 फीसदी सब्सक्रिप्शन मिले। आंकड़ों के अनुसार, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) का हिस्सा 28 फीसदी, गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) का हिस्सा 14 फीसदी और रिटेल निवेशकों का हिस्सा 84 फीसदी ही सब्सक्राइब हुआ। कर्मचारियों के लिए आरक्षित हिस्सा सबसे ज्यादा 1.15 गुणा सब्सक्राइब हुआ। स्विगी के आईपीओ में निवेश करने का आखिरी दिन 8 नवंबर था, और कंपनी का प्राइस बैंड 371-390 रुपए के बीच तय किया गया है। कंपनी का अलॉटमेंट 11 नवंबर को होने की संभावना है और लिस्टिंग 13 नवंबर को एनएसई और बीएसई पर हो सकती है। स्विगी का आईपीओ सब्सक्राइब करने के प्रति निवेशकों की कम रुचि का एक प्रमुख कारण कंपनी की कमजोर वित्तीय स्थिति है। स्विगी की प्रतिद्वंदी जोमैटो, जो पहले ही स्टॉक मार्केट में अपनी जगह बना चुकी है, निवेशकों के लिए तुलनात्मक रूप से बेहतर विकल्प है। वित्तीय आंकड़ों के मुताबिक स्विगी ने वित्त वर्ष 2021-22 में 6,119 करोड़ रुपए की आय प्राप्त की, लेकिन साथ ही 3,628.90 करोड़ रुपए का घाटा भी उठाया। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी की आय बढ़कर 8,714 करोड़ हो गई लेकिन घाटा भी बढ़कर 4,179 करोड़ रुपए तक पहुँच गया। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी ने 11,634 करोड़ रुपए की आय अर्जित की, लेकिन घाटा घटकर 2,350 करोड़ रुपए हो गया। जून 2024 की तिमाही में कंपनी ने

3,310.11 करोड़ रुपए की आय के साथ 611.01 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा दर्ज किया। बाजार के विशेषज्ञों का मानना है कि स्विगी को अपने ऑपरेशन को लाभकारी बनाने के लिए अपने लागत ढांचे में सुधार करना होगा। फूड डिलीवरी बिजनेस में कड़ी प्रतिस्पर्धा, कम मार्जिन और लगातार बढ़ती लागत स्विगी के लिए चुनौतियां खड़ी कर रही हैं। हालांकि, कंपनी का राजस्व बढ़ा है, लेकिन निवेशकों को अभी भी इसकी दीर्घकालिक लाभप्रदता पर संदेह है।

जीडीपी आंकड़ों को जारी करने का समय अब शाम चार बजे हुआ

- पहले शाम साढ़े पांच बजे का समय था

नई दिल्ली ।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने जारी किए गए अपने आर्थिक आंकड़ों में बदलाव की घोषणा की है। शुक्रवार को घरेलू उत्पाद का अनुमान प्रकाशित करने के समय को चार बजे कर दिया गया है, जो कि पहले की साढ़े पांच बजे का समय था। मंत्रालय ने यह निर्णय लिया है कि जीडीपी आंकड़ों के प्रकाशन में और अधिक पारदर्शिता और सुगमता लाने के लिए होने बाले बंद होने वाले बाजारों के समय के अनुरूप हो। यह सुनिश्चित करेगा कि जीडीपी आंकड़ों का प्रकाशन किसी भी कारोबार में बाधा न डाले। इस नए समय सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर के लिए जीडीपी अनुमानों की प्रेस विज्ञप्ति 29 नवंबर 2024 को शाम चार बजे जारी की जाएगी। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि यह विशेष घोषणा संवेदनशीलता और पारदर्शिता में सुधार करेगा। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने इसी माह में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की जानकारी भी जारी की है। इस तरह के सुधार भारतीय वित्तीय बाजारों के प्रति आपूर्ति समय की वृद्धि करेंगे।

परमेसु बायोटेक आईपीओ से जुटाएगा 600 करोड़

- सेबी के समक्ष दस्तावेज किए दाखिल

नई दिल्ली। परमेसु बायोटेक लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 600 करोड़ रुपये जुटाने की घोषणा की है। इसमें उक्त राशि का 520 करोड़ रुपये का नया शेयर और 80 करोड़ रुपये का शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का परियोजन शामिल है। इस परियोजना के तहत, कंपनी ने नए संयंत्र स्थापित करने, कर्ज का भुगतान करने और उसे और विकसित करने के लिए गरीबों का लाभ उठाने की योजना बनाई है। इस निर्माणाधीन संयंत्र के माध्यम से प्राप्त होने वाले धन का एक हिस्सा मध्य प्रदेश में 1,200 टीपीडी का एक नया संयंत्र स्थापित करने में लगाया जाएगा। इसके अलावा, 85 करोड़ रुपये का कर्ज का भुगतान किया जाएगा और शेष राशि का उपयोग कंपनी के सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।सेबी के साथ पूंजी बाजार नियामक के समक्ष प्रारंभिक दस्तावेज जमा करने के बाद, परमेसु बायोटेक लिमिटेड अपनी इस आईपीओ की पूर्वस्थिति को मजबूत करने की उम्मीद कर रही है। इस प्रक्रिया के माध्यम से कंपनी ने अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक धन को जुटाने का संकल्प दिखाया है।

तेजस्वी बोले- जब भैंस नहीं पटक पाई तो भाजपा क्या पटकेगी , पीएम मोदी के सामने नहीं रगड़ेंगे नाक

गया। बिहार की चार विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में पांच दिन से भी कम समय है, इनमें गया जिले की बेलागंज और इमामगंज विधानसभा सीट भी शामिल है। 11 नवंबर को चुनाव प्रचार पर ब्रेक लग जाएगा। इससे पहले सभी सियासी दल जोर-शोर से मतदाताओं को रिझाने में लगे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में राजद नेता सह बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने चुनावी सभा को संबोधित किया। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि दिवाली हो गया, आज सुबह छठ भी हो गया, पर्व त्योहार हो गया। अब लोकतंत्र का त्योहार 13 को होना है।

कुछ लोग सोचते है सिर्फ छह महीना साल भर का है, लेकिन इसका संदेश पूरा देश में जायेगा। 2025 जितने के लिए उपचुनाव जितना होगा। यह लालटेन चुनाव चिन्ह नहीं देश की संविधान बचाने और तरक्की का चिन्ह है। नौ सीट इंडिया सीट जीते थे। अगर 10 और जीत जाते तो मोदी जी को भाग जाते।अगर देश में संदेश देना है तो संविधान, तरक्की,के लिए एकजुट होना पड़ेगा। अगर बैमानी नहीं होता तो 20 में सरकार को लगभग बना लिए थे। हमलोग काम करने वाले लोग है। असली दुश्मन बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई है। अमन चैन और देश व बिहार की तरक्की के लिए एकजुट होना होगा।

वहीं उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 17 महीने नहीं होते तो 15 लाख को नौकरी नहीं मिलता। आईटी पॉलिसी, टूरिज्म पॉलिसी बनाई है हमलोगों ने। लालू जी के शरीर में जितना खून था, भाजपा को रोकने में लगा दिया। जो बचा है उसे भी लगाएंगे। यह लालू और राजद का पार्टी है। सिर कट जाए तो कट जाए लेकिन मोदी के सामने नाक नहीं रगड़ेंगे। लालू को जेल भेज हम पर मुकदमा किया। आपने ताकत दिया है तभी लालू मोदी से लड़ते है। कभी विचारधारा से मुंह नहीं मोड़ा है। लालू सेना तैयार है। ईडी और सीबीआई से डराते हो। लालू नहीं डरा तो उसका लड़का डराए वाला है। क्या 20 साल से विपक्ष में है। 17 महीना सरकार में आए। भाजपा को दूर भगाने के लिए नीतीश को सीएम बनाए थे। मिट्टी में मिलने की कसम खाए थे।भाजपा में हिम्मत आमने सामने की नहीं होती है तो साजिश और बहुरूपिया का इस्तेमाल करती है। इनके पास मंत्र, तंत्र यंत्र है।राजद के पास आपके अलावा कुछ नहीं है। भाजपा के पास पैसा है।

नए नए लोग को भेज कर बांटना चाहती है। तेजस्वी गारंटी देता है कि खुद से गया के बेला को देखने का काम करेगा।किसी का हस्तक्षेप होने नहीं देंगे।गया में 10 सीट है। बेलागंज से राजद प्रत्याशी विश्वनाथ कुमार सिंह को जीताईए। एक रहना है बंटना नहीं है। भाजपा नीतीश के लोगो ने हमलोग के समाज को तंग किया गाली दिया है। सुरेंद्र यादव को धमकी देकर गए है केंद्र वाले मंत्री यहां लड़ाने और बांटने का काम कर रहे हैं। महाराष्ट्र में योगी जी बांटने के लिए क्या-क्या बोल रहे हैं? उन्होंने जदयू सांसद ललन सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि जिसको दस्त लगा है, वह शंख फूंक रहा है। 20 में हम बोलते थे नौकरी देंगे तो नीतीश कहते थे कि अपने बाप के पास से लायेगा नौकरी। वहीं उन्होंने कहा कि 11 नवंबर को लालू यादव बेलागंज आएंगे। सेहत ठीक नहीं है लेकिन आप लोगों से मिलने आ रहे है। नागपुर वाला लड़ाया तो लड़ेंगे नहीं नालंदा वाला और नागपुर वाला को दिखाना है। उधर महाराष्ट्र में योगी जी बांटने के लिए क्या-क्या बोल रहे हैं? यह आप लोगों को समझना है और एकजुट हो जाना है। जब भैंस हम लोगों को पटक ही नहीं सकी तो भाजपा वाले क्या पटकेंगे। उपचुनाव निर्भर करेगी अगली सरकार बिहार में होगी किसकी चुनावी सभा को संबोधित करते हुए वीआईपी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी ने कहा कि सिर्फ 8 महीने के लिए यह उपचुनाव है। सामाजिक न्याय मानने वाले लोग है। जो सभी जाति धर्मों को मानने वाले है। देश में नफरत की राजनीत हो रही है। बांटोगे तो कटोगे का बात कर रहे है। किसने दलित, किसने वैश्य, किसने ब्राह्मण बनाया।हजारों बार सोचते थे, हमलोगों के हाथों से पानी पीने के लिए। अब बताए किसने बांटा है। इसी चुनाव से तय होगा कि अगला सरकार किसका बनेगा। टेस्ट मैच को जीतने की जरूरत है। उसके बाद फाइनल भी जीतेंगे। उन्होंने कहा कि देश की राजनीति बांटने की राजनीति हो रही है।

इस तरह की भाषा का प्रयोग कर दो भाईयों को बांटने की तैयारी है। यह सब आप लोगों को सोचना है। मौसमी मेंढ़क बेलागंज को आया है लूटने वहीं चुनावी सभा को संबोधित करते हुए जहानाबाद के सांसद डॉ. सुरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि हमने बूरा से बूरा और अच्छा से अच्छा दिन देखा है। उन्होंने जदयू प्रत्याशी मनोरमा देवी पर तंज कसते हुए कहा कि मौसमी मेंढ़क बेलागंज को लूटने आए है। आठ माह का चुनाव है, अगर राजद प्रत्याशी विश्वनाथ यादव गलत करेंगा तो नौवें महीने कान पकड़ कर निकाल दिया जाएगा। हम जीते हैं बेलागंज जनता के लिए और मरेंगे भी तो आप लोगों के लिए। पीछले लोकसभा चुनाव में हमे हराया गया था, लेकिन इस बार इतना वोट दे दिया कि लोग पीछे से ही भागने लगे।

300 रुपये के विवाद में अधेड़ व्यक्ति पर हमला

इलाज के दौरान पावापुरी मेडिकल कॉलेज में मौत

नालंदा । नालंदा में बकाया पैसे को लेकर एक अधेड़ की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत अजयपुर गांव का है। मृतक की पहचान अजयपुर गांव निवासी स्वर्गीय बिलेट मिस्त्री के (55) वर्षीय पुत्र सदन मिस्त्री के रूप में की गई है। घटना गुरुवार की शाम की है, इलाज के क्रम में शुक्रवार को अधेड़ की मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक के पुत्र राकेश कुमार ने बताया कि 300 रुपये को लेकर गांव के ही संतोष यादव से गुरुवार की शाम में विवाद हो गया। कहासुनी के बाद मामले को शांत कर लिया गया। इसके बाद संतोष यादव अपने घर चला गया। वहीं, थोड़ी देर बाद संतोष यादव अपने सहयोगियों के साथ फिर आ धमका और मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में परिवार के आधा दर्जन सदस्य भी जख्मी हो गए। इसके उपरांत सभी लोगों को इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां सदन मिस्त्री की मौत हो गई।

परिजन ने बताया कि आरोपी नशे की हालत में था। पहली बार जब शाम के वक्त झगड़ा शुरू हुआ तो यह कहते हुए मामले को शांत कर लिया गया कि छठ पूजा के बाद 300 रुपये वे लौटा देंगे। लेकिन दूसरी बार आरोपी फिर से पहुंच गए और मारपीट कर दी। वहीं, इस मामले में नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी में जुट गई है। मृतक के पुत्र के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। आपसी बातों को लेकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसमें सदन मिस्त्री की इलाज के दौरान मौत हो गई है।

दो साल पहले ब्याही गई सविता की संदिग्ध मौत, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

सहरसा । सहरसा जिले में महिषी थाना क्षेत्र के झकड़ा में 20 वर्षीय महिला सविता देवी की संदिग्ध अवस्था में मौत का मामला सामने आया है। मृतिका के मायके वाले ससुराल वालों पर दहेज को लेकर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि, इस बाबत महिषी थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार ने बताया कि महिला की मौत हुई है। प्रारंभिक छानबीन में फांसी से मौत होने की बात सामने आई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के पीछे का कारण क्या है, इसकी जानकारी नहीं है, आवेदन अप्राप्त है। आवेदन के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

जानकारी के अनुसार, मृतिका की शादी दो साल पूर्व हुई थी। वह अपने पीछे 11 महीने का एक पुत्र छोड़ गई है। परिजन महिला के पति और उनके परिवार पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मृतिका के भाई अजय साह ने बताया कि मेरी बहन की शादी दो वर्ष पूर्व झकड़ा वार्ड 13 निवासी लक्ष्मण साह से हुई थी। सूचना मिलते ही महिषी थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मृत महिला का मायका महिषी थाना क्षेत्र के ही सिसोना गांव है और ससुराल महिषी थाना क्षेत्र के झखडा गांव वार्ड नं 13 है। मृत महिला सविता के भाई अजय साह ने बताया कि मेरी बहन की शादी झकड़ा गांव का रहने वाला लक्ष्मण साह से वर्ष 2022 में हुई थी। शादी के बाद से ही दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता था। गुरुवार रात पति सहित अन्य लोग फांसी से लटका कर मार दिया। शुक्रवार की सुबह जब छठ घाट से लौट कर घर आये तो मेरी बहन के घर के अगल-बगल के लोगों ने फोन किया कि आपकी बहन को मार दिया। उसके बाद जब अपनी बहन के घर पहुंचे तो अपनी बहन को मृत पाए। उसके बाद पुलिस को सूचना दिए, घटना के बाद ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हो गए।

पटना में दो युवकों के शव मिले, लोग शराब पीने से मौत की बात कह रहे, अलग-अलग कमरे से पुलिस ने किया बरामद

पटना। छठ महापर्व के अंतिम दिन यानी शुक्रवार को पटना में दो लोगों की लाश मिली है। कुछ लोगों का कहना है कि दोनों की शराब पीने से मौत हुई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि दोनों युवकों की लाश दीघा थाना क्षेत्र के बास कोठी 93 नंबर गेट के पास अलग अलग कमरे में मिली है। घटनास्थल से चिलम, ताश की पत्तियां और माचिस की तीलियां मिली हैं। जुआ और नशे की बात प्रथम दृष्टया सामने आ रही है। एफएसएल की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। कुछ लोगों से पूछताछ चल रही है। लोगों का कहना है कि दोनों मजदूर वर्ग से थे। इनकी पहचान वैशाली जिले के महुआ निवासी विक्की कुमार और सहरसा जिले के सोनबरसा कचहरी थाना क्षेत्र निवासी महादेव कुमार के रूप में हुई है। दोनों किराया लेकर रहते थे। विक्की कुमार दही पुरी और पानी पुरी का स्टॉल लगाता था। वहीं महादेव कुमार राजमिस्त्री का काम करता था। इस मामले में डीएसपी दिनेश पांडे ने कहा कि दो युवकों की संदिग्ध हालत में लाशें मिली हैं। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। इनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। दोनों दीघा इलाके में राजदेव राय के यहां किराया लेकर रहते थे।एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही दोनों की मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

बच्चे का मुंडन कराने देव सूर्य मंदिर आ रही ऑटो कुएं में पलटी, दो बच्चों की मौत, पांच से अधिक लोग घायल

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड में ईगुनियां टांड़ गांव के पास छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं से भरे एक ऑटो के कुएं मे पलट जाने से वाहन में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए देव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

बताया जाता है कि ऑटो पर सवार सभी यात्री कार्तिक छठ करने के बाद बरहेता गांव से बच्चे का मुंडन संस्कार कराने देव सूर्य मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान ईगुनियां टांड़ गांव के पास ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जहां पर वाहन पलटा, वहां जमीन पर समतल में एक कुआं था और ऑटो पलटने के बाद सवार समेत कुएं में जा गिरा। इस दौरान कुएं में डूबने से एक छह वर्षीय बालक और एक 15 वर्षीया बालिका की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही कार्तिक छठ मेला में ड्यूटी पर तैनात देव थानाध्यक्ष विकास कुमार और नबीनगर थानाध्यक्ष मनोज पांडेय सदल बल मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों के सहयोग से पलटे हुए ऑटो को कुएं से बाहर निकाला गया।

मौके की नजाकत को देखते हुए पुलिस अधिकारीद्वय ने स्थानीय गोताखोर सुदामा प्रसाद सिंह और सूर्यकुंड में तैनात एनडीआरएफ की टीम को घटना स्थल पर बुलाया और कुएं से दोनों बच्चों के शवों को बाहर निकलवाया। मृत बच्चों की पहचान गया जिले के गुरूआ थाना क्षेत्र के पेंदापुर निवासी संजय चौधरी की पुत्री सविता कुमारी (15) एवं बरहेता निवासी पप्पू चौधरी के पुत्र दिलखुश कुमार (छह) के रूप में की गई है। मृतकों में एक सविता कुमारी माता-पिता के साथ कार्तिक छठ पर्व पर अपने रिश्तेदार के घर बरहेता गांव आई हुई थी। छठ पर्व करने के बाद पूरा परिवार एक बच्चे का मुंडन संस्कार कराने ऑटो से देव सूर्य मंदिर आ रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ, जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई और आधा दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बरहेता निवासी पप्पू चौधरी का पुत्र आयुष कुमार (तीन), विकास चौधरी की पुत्री ज्योति कुमारी, बरंडा निवासी मुन्नी भुंईयां का पुत्र राजू कुमार (18), बरहेता निवासी प्रिंस राज (13) एवं अन्य शामिल हैं। सभी घायल देव थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं। औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज के बाद सभी घायलों की हालत में सुधार है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है। इस बीच देव थाना की पुलिस ने दोनों शवों को कब्जें में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। सूर्य मंदिर घाट पर स्नान के दौरान तालाब में डूबने से 12 वर्षीया बालिका की मौत

लोक आस्था के महापर्व कार्तिक छठ पर एक बालिका की छठी आहर में डूबने से मौत के बाद परिवार में मातम छा गया। घटना औरंगाबाद के सूर्य मंदिर तालाब की है। मृतका की पहचान शहर के रामडीहा निवासी प्रदीप चौधरी की पुत्री सोनी (12) के रूप में की गई है।

बताया जाता है कि रामडीहा निवासी प्रदीप चौधरी अपनी पत्नी और पुत्री के साथ सूर्य उपासना के लिए सूर्य मंदिर तालाब आए थे। उदयाचल सूर्य को अर्घ्य देने के पूर्व स्नान करने के दौरान किशोरी का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। घाट पर मौजूद लोगों ने तत्काल उसे बचाने का प्रयास किया और गंभीर हालत में उसे तालाब से बाहर निकाला। इसके बाद परिजन उसे लेकर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक घटना के बाद परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। घर में मातम पसरा है। रामडीहा मुहल्ले में शोक का माहौल है। कार्तिक छठ पर्व के मौके पर हुए इस दुःखद हादसे ने स्थानीय लोगों को झकझोर दिया है। घटना से एक बार फिर से तालाबों और नदी घाटों पर बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। लोगों का कहना है कि यदि तालाब में गहराई के पहले बैरिकेडिंग की गई होती तो यह हादसा नहीं होता। हादसे के बाद अधिकारियों ने इस घटना के बाद भविष्य में श्रद्धालुओं से सावधानी बरतने की अपील की है, ताकि आगे इस तरह की कोई अनहोनी न हो। हादसे के बाद स्थानीय निवासी और शासन-प्रशासन के लोगों ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना जताई है।

संक्षिप्त डायरी

अचानक घर में घुसा मगरमच्छ, सुबह का अर्घ्य देने जा रहे लोगों में दहशत; वन विभाग की टीम ने

भागलपुर। भागलपुर के नवगछिया पुलिस जिले से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। शुक्रवार की अहले सुबह एक मगरमच्छ एक शख्स के घर में घुस आया। यह देख घर के लोगों के होश उड़ गए। आननफानन में वन अधिकारियों को फोन किया। मौके पर पहुंचे वन अधिकारियों ने करीब चार घंटे के मशक्कत के बाद पर्यावरण विशेषज्ञ ज्ञान चंद ज्ञानी एवं डॉल्फिन मित्र की मदद से वन अधिकारियों ने सफलतापूर्वक मगरमच्छ को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि नवगछिया के पकड़ा गांव में सुबह-सुबह चीखें और हड़बड़ी का माहौल था। ऐसा दृश्य वहां के लोगों ने कभी नहीं देखा था। एक विशालकाय मगरमच्छ, लगभग आठ फीट लंबा, उप मुखिया राजीव कुमार के घर के आंगन में आराम फरमा रहा था।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह घटना शुक्रवार सुबह की है। राजीव कुमार के परिजन सुबह के छठ पूजा के कामों में व्यस्त थे। वह सुबह का अर्घ्य देने जा रहे थे। इसी बीच अचानक उनकी नजर आंगन में बैठे इस विशाल मगरमच्छ पर पड़ी, और उन्होंने बिना देर किए घर छोड़कर बाहर भागने में ही भलाई समझी। नवगछिया के पकड़ा के ग्रामीण भी इस खबर से हैरान रह गए और सभी का ध्यान इस अप्रत्याशित खतरे की ओर खिंच गया। वन विभाग को तुरंत सूचित किया गया, और टीम मौके पर पहुंची।

इस रेस्क्यू ऑपरेशन में वन विभाग की सतर्कता और साहस ने ग्रामीणों को राहत पहुंचाई। वनकर्मियों ने संयम और सावधानी बरतते हुए अंततः मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया। वन विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि यह जगतपुर पंचायत के अंतर्गत दिखाई दिया था जिसके बाद मुखिया द्वारा फोन किया गया था। यह मगरमच्छ सड़क को पार कर उपमुखिया के घर में घुस गया। उसके बाद दो बजे रात में ज्ञान चन्द्र ज्ञानी ने कॉल किया उसने बाद हम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंच कर मगरमच्छ को रेस्क्यू किया गया। यह आठ फीट लंबा है। अभी वजन नहीं किया गया है।

पप्पू यादव ने बोले- धमकियों से डरने वाला नहीं हूं, इस मुख्यमंत्री पर चाय बागान कब्जा करने लगाया आरोप

पूर्णिया । पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर लगातार अलग अलग नंबरों से जान से मारने की धमकी मिली है। इस मामले में दिल्ली के एक थाने में शिकायत दर्ज की गई है। यह धमकी पहली बार नहीं है, इससे पहले भी पप्पू यादव को कई धमकियाँ मिल चुकी हैं, जिसके बाद उन्होंने विभिन्न थानों में छह एफआईआर दर्ज कराए हैं। पप्पू यादव ने कहा है कि वे इन धमकियों से डरने वाले नहीं हैं और अपनी आवाज को और भी बुलंद करेंगे। उन्होंने यह बात पूर्णिया में एक निजी कार्यक्रम के दौरान कही। सांसद पप्पू यादव ने कहा कि जिस तरीके से अपराधियों द्वारा धमकी दी जा रही हैं। तेरे नाम पर सुपारी मिल गई है, हमको पैसा दे दिया गया है मारेंगे। फिर वीडियो पर यह पिस्टैटल है इसी पिस्टल से मरेंगे। ये एक मैंटल टॉर्चर है। उन्होंने कहा कि इसकी में पूरी जांच कीजिए, मलेशिया में मयंक सिंह बैठा हुआ है। अमन साहू को छत्तीसगढ़ में बीजेपी पनाह दी हुई है। अब मयंक और छोटा राजन का किया है। वो किया चाहता है पप्पू यादव को मारेंगे या कोई और लोग मारना चाहता है। उन्होंने कहा कि मेरे मामले में कोई न कोई बड़ी मछली है छोटी मछली तो नहीं होगा। क्यों मारना चाहता है ये भी विषय है और इस अपराधी को किसने संरक्षण दे रखा है। किसका संरक्षण प्राप्त है। वहकोई प्रमुख आदमी का राइट हैंड है। आप उसकी गिरफ्तारी ज्यादा है। आप मलेशिया जाइए।

आम आदमी को जीने का कोई राइट नहीं

उन्होंने कहा कि अभी तक छह ऋक्षफ हो चुका है। मै लगातार डीजीपी से जुड़े हैं। कऋ हेड क्वाटर, तीन एसपी, उऋऋ और कऋ सबके नॉलेज में दे रहा हूं। सवाल जबाव करते हुए सांसद कहा कि क्या आम आदमी को जीने का कोई राइट नहीं है।या अपराधी को इतना पनाह मिल रहे हैं कि किसी को मारने की कोशिश कर रहे हैं। पनाह दे कौन रहा है सिस्टम या सरकार। सरकार पॉलिटिकल और सिस्टम बिल्कुल मददगार होगा। यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि मैं कई बार कह चुका हूं कि मैं न भगवान से डरता हूं और न ही आदमी से डरता हूं।

बिहार के इस विश्व प्रसिद्ध सौर तीर्थस्थल में 15 लाख व्रतियों ने दिया अर्घ्य

औरंगाबाद । औरंगाबाद के विश्व प्रसिद्ध सौर तीर्थ स्थल देव में लोक आस्था के महापर्व कार्तिक छठ पर बिहार के कोने-कोने और पड़ोसी राज्यों से आए करीब 15 लाख छठव्रतियों ने गुरूवार की शाम अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य अर्पण के बाद अब छठ व्रतियों को उदयाचल सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए शुक्रवार की प्रातः बेला का इंतजार है। शुक्रवार को प्रातः बेला में उदयाचल सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ ही लोक आस्था का यह चार दिवसीय महापर्व पूर्ण हो जाएगा। कार्तिक छठ व्रत के दौरान सूर्य नगरी देव में सर्वत्र सूर्य भक्ति की गंगा बहती नजर आई। पूरा वातावरण धर्ममय और अध्यात्म बना रहा। छठ व्रतियों द्वारा गाए जा रहे छठ गीतों से पूरी देव नगरी गुंजायमान होती रही। गुरूवार को सुबह से ही औरंगाबाद की सभी सड़कें सूर्य नगरी देव जाती दिखी और श्रद्धालुओं का देव जाने का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। दोपहर बाद देव के पूरे इलाके में श्रद्धालुओं और छठ व्रतियों का सैलाब उमड़ा नजर आया। सभी छठ व्रती अस्ताचल सूर्य को अघर्य अर्पित करने पवित्र सूर्यकुंड की ओर जाते दिखे। इस दौरान सूर्यकुंड में स्नान कर सूर्य मंदिर तक दंडवत देने का भी सिलसिला जारी रहा। एक अनुमान के मुताबिक करीब 15 लाख छठ व्रतियों ने अस्ताचल सूर्य को अघर्य अर्पित किया। सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद छठव्रतियों ने त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना की और मन्नते मांगी।

अद्वितीय धार्मिक महत्ता के कारण देव में हर साल कार्तिक और चैत के महीने में चार दिवसीय छठ मेला लगा करता है। इस दौरान बिहार के कोने-कोने के अलावा पड़ोसी देश नेपाल और पड़ोसी राज्य बंगाल, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उतर प्रदेश, उत्तराखंड और अन्य राज्यों से श्रद्धालु और व्रती छठ करने देव आते है। कोरोना काल में यहां छठ करने आने वालों की संख्या में कमी आ गई थी।

दीपिका ने वीडियो शेयर कर बताया वर्कआउट का महत्व

छोटे परदे की अभिनेत्री दीपिका सिंह ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक मंडे मोटिवेशन वीडियो शेयर किया। अभिनेत्री इस वीडियो में वह सुपरसेट्स करते हुए पैरों और हाथों का वर्कआउट कर रही हैं। इस वर्कआउट के महत्व पर जोर देते हुए दीपिका ने बताया कि सुपरसेट्स का अभ्यास मांसपेशियों की सक्रियता को बढ़ाता है, जिससे मांसपेशियों की वृद्धि और ताकत में सुधार होता है। सुपरसेट्स के फायदे बताते हुए दीपिका ने कहा कि यह सेट्स के बीच आराम की अवधि को घटाकर कम समय में अधिक व्यायाम करने की अनुमति देता है। इसके अलावा, यह हार्ट रेट को बढ़ाकर कैलोरी बर्न और कार्डियोवस्कुलर फिटनेस में सुधार करता है। दीपिका ने वीडियो में एथलेजर पहन रखा था और हल्के वजन के साथ एक्सरसाइज कर रही थीं। उन्होंने अपने कैप्शन में लिखा कि सुपरसेट्स न केवल कसरत के समय को कम करते हैं, बल्कि हृदय की स्थिति को भी बेहतर बनाते हैं। अभिनेत्री का यह वीडियो उनके प्रशंसकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। पिछले महीने, दीपिका सिंह ने एक और वीडियो शेयर किया था जिसमें वह फाल्गुनी पाठक के गाने अइयो रामा पर डांस करती नजर आईं। हालांकि, यह वीडियो अनपॉलिश और बिना अभ्यास का था, जिसे लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया। ट्रोलिंग का सामना करते हुए दीपिका ने ट्रोलर्स पर निशाना साधते हुए लिखा कि नफरत करने वाले नफरत करेंगे, लेकिन वह इसे शालीनता से स्वीकार करती हैं। उन्होंने आगे लिखा कि वह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना चाहती हैं, भले ही उन्हें इसके लिए ट्रोलिंग का सामना करना पड़े। दीपिका ने कहा, हां, मैं बेहतर कर सकती हूं, लेकिन इसके लिए समय और अभ्यास की जरूरत होती है। अभिनेत्री ने अपनी बात को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनके पास माता-पिता, पति और उनके ओडिसी डांस टीचर जैसे समर्थक हैं, जिन्होंने उन्हें शालीनता और धैर्य के साथ जीवन की परिस्थितियों को स्वीकारना सिखाया है। दीपिका ने कहा कि जब उन्हें बिना कारण ट्रोल किया जाता है, तो यह दर्शाता है कि वह अपने काम में अच्छा कर रही हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका सिंह फिलहाल कलर्स चैनल पर प्रसारित शो मंगल लक्ष्मी में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। बता दें कि दीपिका को शो दीया और बाती हम में संध्या राठी की भूमिका के लिए जाना जाता है।

सामंथा ने किया वीडियो शेयर, हैवी वर्कआउट करते आ रही नजर

हाल ही में अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में वह जिम में हैवी वर्कआउट करती नजर आ रही हैं। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने डिस्ट्रेसिंग लिखा और सिटाडेल हनी बन्नी प्रीमियर का हैशटैग भी जोड़ा, जो उनके वर्कआउट के साथ-साथ उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट को भी प्रमोट करता है। सामंथा ने काले रंग की ओवरसाइज्ड टी-शर्ट, शॉर्ट्स और नी कैप पहनी हुई है। इस क्लिप में वह लगभग 40 किलो वजन उठाते हुए स्क्वैट्स कर रही हैं, जो उनकी फिटनेस के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। मालूम हो कि सामंथा रुथ प्रभु और वरुण धवन की जोड़ी सिटाडेल-हनी बन्नी में दिखाई देगी, जो राज और डीके द्वारा निर्देशित है। इस शो में वरुण धवन एक कुशल स्टंटमैन बन्नी का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सामंथा एक जासूस की भूमिका में नजर आएंगी। कहानी वरुण और सामंथा के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां वे अपनी पहचान बदलते हैं और एक रोमांचक मिशन पर निकलते हैं। इस शो में के के मेनन, साकिब सलीम और सिकंदर खेर भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं, जो इस प्रोजेक्ट को और भी दिलचस्प बनाते हैं। हाल ही में सामंथा ने राजस्थान में एक छोटी सी छुट्टी का आनंद लिया, जहां उन्होंने अपनी यात्रा की कई तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों में उन्हें मिट्टी के बर्तन बनाने के सत्र में भाग लेते और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते हुए देखा गया। सामंथा ने पहले भी जंगली जानवरों के साथ प्रकृति की खूबसूरती को समर्पित शानदार तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें उन्होंने लिखा था, 'बाघ के साथ प्रकृति की भव्यता देखी।' इस सप्ताह की शुरुआत में, सामंथा को जयपुर के हवाई अड्डे पर देखा गया, जहां पैपराजी ने उन्हें कैमरे में कैद किया। सामंथा की फिटनेस और उनके प्रोजेक्ट्स के प्रति उनकी लगन उनकी लोकप्रियता में चार चांद लगाते हैं।



फ्रेंच में बात करती नजर आ रही हैं उर्वशी रौतेला

हाल ही में सोशल मीडिया पर बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला एक वीडियो फ्रेंच में बात करती नजर आ रही हैं। वीडियो को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए उर्वशी ने लिखा, जब आपको फ्रांस से इतना प्यार मिलता है, तो उनकी भाषा को अपनाना ही सही लगता है। फ्रेंच में एक नए सफर की प्रेरणा के लिए धन्यवाद। इस वीडियो में उर्वशी शॉर्ट कस्टम-मेड चमकीला आउटफिट पहने हुए नजर आ रही हैं, जिसमें उनका लुक बेहद आकर्षक लग रहा है। उनका मेकअप और हेयरस्टाइल भी शानदार है, जो उनके ग्लैमरस अंदाज को और भी निखारता है। इस वीडियो में वह न केवल अपनी भाषा कौशल का प्रदर्शन करती हैं, बल्कि अपने फैन्स को एक नया आयाम भी दिखाती हैं। उनके फ्रेंच बोलने का तरीका उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता है और इसने उनके फैंस को प्रभावित किया है। उर्वशी रौतेला, जो मिस दिवा - मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 का खिताब जीतने के बाद प्रसिद्धि की ओर बढ़ी, के पास इस समय कई रोमांचक फिल्म प्रोजेक्ट्स हैं। अभिनेत्री जल्द ही नंदमुरी बालकृष्ण और बॉबी देओल के साथ फिल्म एनबीके 109 में नजर आएंगी। इसके अलावा, वह कमल हासन और शंकर के साथ इंडियन 2 और आफताब शिवदासानी और जस्सी गिल के साथ फिल्म कसूर में भी काम कर रही हैं। उर्वशी रौतेला की आगामी फिल्में अक्षय कुमार के साथ वेलकम 3 और रणदीप हुड्डा के साथ इंस्पेक्टर अविनाश 2 में भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगी। वह सनी देओल और संजय दत्त के साथ हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर द एक्सपेंडेबल्स के रीमेक बाप में भी अभिनय कर रही हैं। इसके अलावा, वह एक आगामी बायोपिक में परवीन बॉबी का किरदार भी निभाने वाली हैं। उर्वशी ने 2013 में फिल्म सिंह साहब द ग्रेट से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी, और इसके बाद वह सनम रे, ग्रेट ग्रैंड मस्ती, हेट स्टोरी 4 और पागलपंती जैसी कई सफल फिल्मों में दिखाई दीं। इसके अलावा, उन्होंने म्यूजिक वीडियो जैसे लव डोज और गल बन गई में भी अपनी विशेष पहचान बनाई है।

केदारनाथ के पहाड़ पर ट्रैकिंग की सारा अली खान ने

बीते दिनों बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने केदारनाथ के पहाड़ पर ट्रैकिंग की और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। उन्होंने केदारनाथ के ऊपर बादलों के बगीचे की एक झलक दिखाई है। सारा ने इंस्टाग्राम पर एक रील वीडियो शेयर किया, जिसमें वह पहाड़ पर ट्रैकिंग कर रही हैं। पिंक फुल स्लीव टॉप, स्वेटपैंट और बेसबॉल कैप पहने अभिनेत्री ने केदारनाथ की ओर इशारा करते हुए कहा : ये देखो वहां पे है केदारनाथ। इसके बाद वह पहाड़ पर चढ़ती हैं और उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है- पहाड़ तो खत्म हो गया। इसके बाद वह एक खूबसूरत जगह दिखाती हैं, जहां वह लंबी ट्रैकिंग के बाद पहुंची हैं। कैप्शन में उन्होंने लिखा- आज मैं ऊपर.. आसमान नीचे... कभी नहीं देखे ऐसे बादलों के बगीचे। बैकग्राउंड स्कोर के लिए, सारा ने संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित 1996 की फिल्म 'खामोशी : द म्यूजिकल' से कविता कृष्णमूर्ति और कुमार सानू द्वारा गाया गया ट्रैक 'आज मैं ऊपर' का इस्तेमाल किया। 4 नवंबर को, सारा ने अज्ञात स्थल से कुछ खूबसूरत क्लिक्स साझा की थी। इसमें सूरज की भी एक झलक थी। कैप्शन में उन्होंने लिखा था : दिवाली के बाद का शूट डे। वास्तविकता में वापस, अभी भी सूरज का पीछा करते हुए।' हालांकि, अभिनेता सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी अभिनेत्री ने यह नहीं बताया कि वह किस फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। 25 अक्टूबर को, सारा ने खुलासा किया कि वह फिल्म निर्माता अमर कौशिक और अभिनेता आयुष्मान खुराना के साथ हिमाचल प्रदेश के मनाली में अपनी अगली फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। जिसके बाद, वो 24 मीटर ऊंचे हिडिम्बा देवी मंदिर दर्शन करने पहुंची थीं। सारा ने निर्देशक और अभिनेता के साथ अलाव के पास बैठे हुए कई तस्वीरें साझा कीं। एक तस्वीर में, अभिनेत्री को काले और सफेद रंग की ग्रैफिटी हुडी के साथ गहरे रंग की जींस और इयरमफ्स पहने देखा गया। रंग कोड को ध्यान में रखते हुए, कौशिक और आयुष्मान ने भी काले रंग के कपड़े पहने थे।

नताशा की जिंदगी में आया कोई नया इंसान?

क्रिकेटर हार्दिक पंडया की पूर्व पत्नी एवं बॉलीवुड एक्ट्रेस नताशा स्टेनकोविक सोशल मीडिया पर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर कई हिंट दे रही हैं। नताशा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाला है, जिससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि शायद उन्होंने अपनी लव लाइफ में आगे बढ़ने का फैसला किया है। हाल ही में नताशा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की, जिसमें उन्होंने लिखा, अगर मैं गाड़ी चलाते हुए आपसे बात करूं, तो मैं वाकई आपको पसंद करती हूं। क्योंकि वो मेरा म्यूजिक सुनने का समय है। इस पोस्ट से यह इशारा किया गया कि शायद उनकी जिंदगी में कोई खास इंसान आ गया है। अब सवाल यह उठ रहा है कि नताशा किसे पसंद करती हैं? वह किसके साथ गाड़ी चला रही हैं और किसके साथ बातचीत कर रही हैं? हालांकि नताशा ने इस बारे में सीधे कुछ नहीं कहा है, लेकिन उनके पोस्ट ने उनके फैंस को कन्फ्यूज कर दिया है। फैंस अब यह जानना चाहते हैं कि नताशा की जिंदगी में नया कौन है। नताशा का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और अब इसे उनकी लव लाइफ से जोड़कर देखा जा रहा है। लोग यह अनुमान लगा रहे हैं कि नताशा शायद किसी को लेकर दिलचस्पी रख रही हैं, लेकिन इस बारे में अब तक नताशा ने कोई साफ-साफ बयान नहीं दिया है। अब यह तो वक्त ही बताएगा कि नताशा ने वाकई अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने का फैसला किया है या फिर यह सब सिर्फ अफवाहें हैं। लेकिन एक बात तो साफ है कि नताशा की इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है और उनके फैंस इस रहस्य के बारे में और जानने के लिए उत्सुक हैं। बता दें कि जब नताशा और हार्दिक का रिश्ता टूटने की खबरें आईं, तो दोनों के फैंस को हैरानी हुई थी। इसके बाद हार्दिक का नाम ब्रिटिश सिंगर जैस्मिन वालिया के साथ जुड़ा था, जिससे यह अफवाहें उड़ी थीं कि हार्दिक अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं।

माधवन 'अधीरष्टसाली' से फिर दिल जीतने को तैयार

बालीवुड अभिनेता आर. माधवन अपनी आगामी फिल्म 'अधीरष्टसाली' के साथ एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर माधवन ने अपने फर्स्ट लुक का पोस्टर साझा किया, जिससे फिल्म के प्रति उत्सुकता और बढ़ गई है। अभिनेता ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, गर्व से अपनी फिल्म 'अधीरष्टसाली' का पहला लुक जारी कर रहा हूं। यह मिथ्रान आर जवाहर द्वारा निर्देशित एक शानदार और कभी न भूल पाने वाली यात्रा रही है। पोस्टर में आर. माधवन दोहरी भूमिका में नजर आ रहे हैं। एक तरफ, वह एक बड़े व्यवसायी के रूप में दिखते हैं, जबकि दूसरी तरफ, वह ग्रामीण पृष्ठभूमि में एक आम और परेशान आदमी के रूप में दिखाई देते हैं। इस विविधता ने दर्शकों में फिल्म के प्रति और भी जिज्ञासा पैदा कर दी है। 'अधीरष्टसाली' का निर्देशन मिथ्रान आर जवाहर ने किया है, जिन्होंने 'यारदी नी मोहिनी' और 'थिरुचित्रम्बलम' जैसी सफल फिल्मों का निर्देशन किया है। यह फिल्म माधवन और मिथ्रान की पहली संयुक्त परियोजना है, जो दर्शकों को एक नई कहानी और अनुभव देने का वादा करती है। फिल्म की पटकथा लेखक जयमोहन ने लिखी है, जो अपने बेहतरीन लेखन के लिए जाने जाते हैं। फिल्म में आर. माधवन के साथ कई प्रतिभाशाली कलाकार भी शामिल हैं, जैसे शर्मिला मांड्रे, राधिका सरथकुमार, मैडोना सेबेस्टियन, साईं धनशिका, जगन, निरूप एनके, उपासना आरसी, मैथ्यू वर्गीस, उदय महेश, केएसजी वेंकटेश और रवि प्रकाश। इसमें शर्मिला मांड्रे मुख्य भूमिका में हैं, जबकि राधिका सरथकुमार माधवन की मां की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म की शूटिंग हाल ही में पूरी हुई है और इसमें 'हैरी पॉटर' फिल्म के विक्टोरिया स्ट्रीट पर भी कुछ दृश्य फिल्माए गए हैं। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं की है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई है। आर. माधवन के वर्कफ्रंट की बात करें तो, उन्होंने इस साल रिलीज हुई हॉरर फिल्म 'शैतान' में भी अहम भूमिका निभाई थी। 'अधीरष्टसाली' के अलावा, वह शशिकांत द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म टेस्ट में भी नजर आएंगे।

बहुप्रतीक्षित फिल्म आज़ाद का टीज़र जारी

दिग्गज कलाकार अजय देवगन और डायना पेंटी की बहुप्रतीक्षित फिल्म आज़ाद का टीज़र जारी हो चुका है। टीज़र की शुरुआत से ही यह स्पष्ट हो जाता है कि फिल्म एक महाकाव्य एक्शन-एडवेंचर होने का वादा करती है, जो अपनी अनोखी कहानी और भव्य दृश्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को आकर्षित करने के लिए तैयार है। फिल्म का टीज़र शेयर करते हुए प्रसिद्ध निर्देशक अभिषेक कपूर की अभिषेक कपूर ने सोशल मीडिया पर लिखा, हर जंग में, हर बहादुर योद्धा के साथ, एक वफ़ादार घोड़ा ज़रूर रहा है। आज़ाद टीजर आउट नाउ। विटनेस द एडवेंचर ऑन बिग स्क्रीन्स दिस जनवरी 2025। इस पोस्ट के साथ उन्होंने फिल्म के रिलीज़ होने की तारीख और सिनेमाघरों में एक्सक्लूसिव टीज़र प्रीमियर की भी जानकारी दी। आज़ाद में बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार अजय देवगन और डायना पेंटी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके साथ ही, फिल्म में अमन देवगन और राशा थडानी के रूप में नए चेहरे भी देखने को मिलेंगे, जो अपने डेब्यू से फिल्म को और रोमांचक बनाने का वादा करते हैं। फिल्म का निर्माण रोनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर द्वारा किया गया है, जो अभिषेक कपूर की सिनेमाई प्रतिभा को बड़े पर्दे पर फिर से पेश करने का काम कर रहे हैं। टीज़र से दर्शकों को फिल्म की भव्यता और नाटकीय तत्वों की एक झलक मिलती है। शानदार सिनेमैटोग्राफी और कहानी में छिपे इमोशन्स से भरी आज़ाद यकीनन दर्शकों के लिए एक विशेष अनुभव होगा। फिल्म की कहानी और इसके अद्वितीय कैरेक्टर्स को लेकर फैंस की जिज्ञासा अब और बढ़ गई है। दिवाली पर फिल्म के टाइटल का खुलासा करने के बाद, निर्माताओं ने इस टीज़र को जारी कर एक बार फिर दर्शकों की उम्मीदों को ऊंचा कर दिया है।

खूबसूरत आउटफिट में नई तस्वीरें साझा की माधुरी ने

हाल ही में, मशहूर एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लाल रंग की खूबसूरत आउटफिट में अपनी नई तस्वीरें साझा की हैं। एक्ट्रेस ने तस्वीरों के साथ एक शानदार कैप्शन भी दिया है, जिसमें उन्होंने लिखा, लाल मेरे दिल का हाल और साथ ही हैशटैग के साथ शनिवार, फोटो ऑफ दी डे, और प्रमोशंस भी जोड़े हैं।
शेयर की गई तस्वीरों में माधुरी खिलखिलाते हुए हंसती नजर आ रही हैं, जो उनकी अद्वितीय खूबसूरती को और भी निखारती हैं। उनके फैंस ने इन तस्वीरों पर काफी सकारात्मक प्रतिक्रियाएं दी हैं। एक प्रशंसक ने लिखा, ओएमजी, वहीं दूसरे ने कहा, क्या बात है और एक अन्य ने उनकी खूबसूरती की तारीफ करते हुए लिखा, आप इतनी खूबसूरत क्यों हैं? माधुरी दीक्षित की बहुप्रतीक्षित फिल्म भूल भुलैया 3 हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, जिसमें उन्होंने मंजुलिका के किरदार में दर्शकों का दिल जीता है। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए, माधुरी ने कहा, मैं डरावनी भूमिका में दर्शकों के सामने आने के लिए तैयार हूं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें हॉरर फिल्में ज्यादा पसंद नहीं हैं क्योंकि वह खुद डर जाती हैं, लेकिन इस प्रकार की फिल्में उनके लिए एक नई शुरुआत का संकेत देती हैं।
फिल्म 'भूल भुलैया 3' में माधुरी दीक्षित के साथ कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिका में हैं। अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में राजपाल यादव और संजय मिश्रा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। माधुरी दीक्षित का यह नया अवतार और उनकी अदाकारी ने न केवल दर्शकों का दिल जीतने में कामयाबी पाई है, बल्कि फिल्म की सफलता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी ये नई तस्वीरें और फिल्म की चर्चा उनके फैंस के बीच एक बार फिर से हलचल मचा रही हैं। बॉलीवुड की 'धक धक गर्ल' माधुरी दीक्षित एक बार फिर से सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी : झुका पीसीबी, 'हाइब्रिड मॉडल' अपनाने को तैयार, यूएई में खेलेगा भारत

कराची (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अपने पिछले रुख से पीछे हटते हुए अपनी मेजबानी में होने वाली 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम में बदलाव करने को तैयार है और भारत के मुकाबले यूएई में हो सकते हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इसका मतलब यह है कि टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल' में आयोजित किया जा सकता है क्योंकि मौजूदा सामाजिक-राजनीतिक माहौल और राष्ट्रीय टीम के लिए सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए भारत सरकार के अपनी टीम को पाकिस्तान की यात्रा करने की अनुमति देने की संभावना नहीं है। पाकिस्तान ने पिछली बार जब 2023 में एशिया कप की मेजबानी की थी तो इसका आयोजन भी 'हाइब्रिड मॉडल% में किया गया था जिसमें भारत ने अपने मैच श्रीलंका में खेले थे क्योंकि सरकार ने खिलाड़ियों को सीमा पार यात्रा करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र का कहना है कि पीसीबी को लगता है कि भले ही भारत सरकार पाकिस्तान दौरे को मंजूरी ना दे लेकिन कार्यक्रम में थोड़ा बदलाव किया जा सकता है क्योंकि पूरी संभावना है कि भारत अपने मैच दुबई या शारजाह में खेलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अपनी ओर से किसी भी बोर्ड को अपनी सरकारी नीति के खिलाफ जाने के लिए मजबूर नहीं कर सकता और यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इस मामले में अंतिम फैसला कब लेता है। जब अंतिम फैसला होने की संभावना है तब आईसीसी की अध्यक्षता भारत के जय शाह करेंगे। इस बीच पीसीबी आईसीसी पर अगले सप्ताह तक टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए दबाव डाल रहा है क्योंकि वैश्विक संचालन संस्था के कुछ शीर्ष अधिकारी अगले सप्ताह फिर से लाहौर का दौरा करने वाले हैं।

सूत्र ने कहा कि पीसीबी ने आईसीसी के साथ उस संभावित कार्यक्रम पर चर्चा की है जो उन्होंने कुछ महीने पहले भेजा था और वह चाहता है कि 11 नवंबर को उसी कार्यक्रम की घोषणा की जाए। उन्होंने कहा कि उन्होंने आईसीसी से कहा है कि संशोधित बजट के साथ एक वैकल्पिक योजना पहले से ही मौजूद है इसलिए संभावित कार्यक्रम जारी करने में देरी करने का कोई मतलब नहीं है। सूत्र ने कहा कि पीसीबी ने आईसीसी से यह भी कहा है कि वह बीसीसीआई पर यह पुष्टि करने के लिए दबाव डाले कि क्या वे अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाली प्रतियोगिता के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेंगे। सूत्र ने कहा कि पीसीबी चाहता है कि बीसीसीआई लिखित में दे कि उन्हें अपनी टीम पाकिस्तान भेजने के लिए अपनी सरकार से अनुमति मिली है या नहीं।

पीसीबी द्वारा प्रस्तावित अस्थायी कार्यक्रम के अनुसार अगले साल एक मार्च को लाहौर में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच

चैंपियंस ट्रॉफी का मुकाबला होना है। टूर्नामेंट 19 फरवरी 2025 को शुरू होगा जिसका पहला मैच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में होगा। फाइनल नौ मार्च को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में होगा। अस्थायी कार्यक्रम के अनुसार सुरक्षा और साजों-सामान से जुड़े कारणों से भारत के सभी मैच लाहौर में ही रखे गए हैं। सूत्रों के अनुसार पीसीबी कराची, लाहौर और रावलपिंडी में अपने स्टेडियमों के नवीनीकरण पर लगभग 13 अरब रुपये खर्च कर रहा है जहां चैंपियन्स ट्रॉफी के मैच होने हैं।

ऋषभ, रोहित और विराट हमारे निशाने पर रहेंगे : कमिंस

सिडनी (एजेंसी)। इस माह 22 नवंबर से शुरु हो रही बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज को लेकर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी रणनीति बनानी शुरु कर दी है। आगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल को देखते हुए ये सीरीज बेहद अहम मानी जा रही है। इसी को देखते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखना चाहती है। पिछले एक दशक से वह भारत से ये सीरीज नहीं जीत पायी है। ऐसे में इस बार कमिंस घरेलू धरती पर ये सीरीज जीतकर प्रशंसकों को खुश करना चाहेंगे। कमिंस ने कहा कि इस सीरीज में उसके निशाने पर आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के अलावा भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली हैं। कमिंस ने कहा कि ऋषभ जबरदस्त फार्म में हैं ऐसे में हमें उनपर अंकुश लगाना होगा। जहां तक रोहित और विराट की बात है ये दोनो ही हाल के समय में फार्म में नहीं हैं पर ये सोचकर कम आराम से नहीं बैठ सकते क्योंकि ये दोनो ही विश्व के बेहतरीन बल्लेबाज हैं जो कभी भी मैच पलट सकते हैं। विराट का रिकार्ड ऑस्ट्रेलिया में काफी अच्छा रहा है। ऐस में कमिंस ने कहा कि इन तीनों के लिए गेम प्लान तैयार हैं।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैच की बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज का आगाज 22 नवंबर से होने जा रहा है। न्यूजीलैंड से 0-3 से सीरीज हारने के बाद टीम इंडिया का मनोबल गिरा है। कमिंस ने ऋषभ को लेकर कहा कि, हां वह हमेशा खेल को बहुत तेजी से आगे बढ़ाता है इसलिए कुछ खिलाड़ियों के लिए, आपके पास कुछ ठोस योजनाएं भी होनी चाहिए। उसने न्यूजीलैंड के खिलाफ अच्छा खेला है, उसने पिछली बार ऑस्ट्रेलिया में एक अच्छी सीरीज खेली थी। हम जानते हैं कि जब वह आगे बढ़ता है तो वह खतरनाक हो सकता है इसलिए कोशिश करेंगे और कुछ अच्छी योजनाएं बनाएंगे और उम्मीद करेंगे कि वे सफल हों।

कुछ महीनों से हमारी परीक्षा की घड़ी चल रही है- डरबन टी20 से पहले बोले ऐडन मार्कराम

डरबन (एजेंसी)। बारबाडोस में जब से दक्षिण अफ्रीका ने भारत से पुरुष टी-20 विश्व कप फाइनल 2024 गंवाया है, तब से वह इस फार्मेट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली सीरीज से वह 3-0 से हार गए। इसके अलावा संयुक्त अरब अमीरात में आयरलैंड के खिलाफ सीरीज 1-1 से ड्रा रही। इसी बीच भारत के खिलाफ सीरीज शुरू होने से पहले दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्कराम ने स्वीकार किया है कि इस प्रारूप में पिछले कुछ महीने उनके लिए कठिन रहे हैं, लेकिन उन्हें अपनी टीम के लिए अच्छे दिन देखने की उम्मीद है, क्योंकि शुक्रवार को किंग्समीड में श्रृंखला के पहले मैच में उनका सामना भारत से होगा।

मार्कराम ने कहा कि अभी कुछ महीनों से इसका परीक्षण चल रहा है। जाहिर है, हमने इसके पीछे के कारणों, विकास के अवसरों, उन चीजों पर ध्यान दिया है जो लंबे समय में दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेटरों को बेहतर बनाने वाली हैं। मार्कराम ने कहा कभी-कभी आपको इस कठिन समय से गुजरना पड़ता है और उम्मीद है कि एक टीम के रूप में सुरंग के अंत में हमारे लिए कुछ रोशनी होगी। जाहिर तौर पर दक्षिण अफ्रीका के लिए मैच जीतना और सीरीज जीतना चाहता हूं। लेकिन आप बड़ी तस्वीर पर ध्यान दें, आप इस बात पर ध्यान दें कि इससे दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेट को आगे बढ़ने में कितनी मदद मिलेगी।

दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच 4 मैचों की टी20 श्रृंखला भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मेगा नीलामी की पृष्ठभूमि में हो रही है, जो 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होने वाली है। भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कई लोगों के लिए बड़े आईपीएल सौदों की उम्मीद कर सकता है। उन्होंने कहा कि जैसा कि हम सभी जानते हैं, खिलाड़ियों के लिए बहुत सी चीजें हो सकती हैं और हम भाग्यशाली हैं कि हम नीलामी होने से ठीक पहले (भारत) के खिलाफ श्रृंखला में खेल रहे हैं। यह काफी हद तक अच्छा प्रदर्शन करने का बोनस होगा।

भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया में जीत के लिए हाल में मिली असफलताओं से उबरना होगा : संदीप पाटिल

मुंबई (एजेंसी)। भारत क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज संदीप पाटिल ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय टीम को अगर जीत दर्ज करनी है तो उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली हार से उबरना होगा। पाटिल ने कहा कि कमजोर मनोबल के साथ कोई भी टीम नहीं जीत सकती। इसलिए खिलाड़ियों को पिछली गलतियों से सबक लेते हुए आगे बढ़ना होगा। जिससे टीम ऑस्ट्रेलिया में जीत की राह पर लौट सके। न्यूजीलैंड के खिलाफ हार के बाद भारतीय टीम की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की संभावना भी कम हुई है। अब उसके ऑस्ट्रेलिया के पांच टेस्ट मैचों में से चार जीतने होंगे। इसी को लेकर पाटिल का मानना है भारतीय टीम अभी भी काफी अच्छी है

और मेरा मानना है कि कीवी टीम के खिताफ लगे झटकों से वह नहीं डरी होगी।

पाटिल ने कहा कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर ही खेलना है। उन्हें यह भूलना होगा कि पिछली बार वहां क्या हुआ था। उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ हुई सीरीज में जो हुआ उसे भी भूलकर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि विश्व कप जीतने से पहले हम सभी अभ्यास मैच हार गये थे। इसी को देखते हुए आपको सकारात्मक सोचना होगा और सकारात्मक तरीके से खेलना होगा, तभी आपको अपनी पसंद के परिणाम मिलेंगे। पाटिल ने कहा कि जीत के लिए आक्रामक रुख अपना होगा क्योंकि अगर आप रक्षात्मक क्रिकेट खेलते हैं और जीतने के बारे में सोचते हैं तो ऐसा नहीं होने वाला है। हालांकि पाटिल ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली सीरीज में 3-0 की हार भारतीय टीम के लिए एक चेतावनी है। उन्होंने कहा कि सीरीज में यह हार एक चेतावनी की तरह थी। ऐसा नहीं है कि हमारी टीम खराब हो गयी है। कुछ महीने पहले उन्होंने टी20 विश्व कप जीता था। हमारी टीम में कुछ बड़े खिलाड़ी हैं जो इस हार से सबक लेकर दमदार वापसी करेंगे।

राहुल दूसरी पारी में अजीब तरीके से आउट हुए

मेलबर्न। बल्लेबाज केएल राहुल एक बार फिर असफल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे में लय हासिल करने के लिए राहुल को भारत ए की टीम में शामिल किया गया था पर उन्होंने यहां भी निराश किया। राहुल ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ जहां पहली पारी में केवल चार रन ही बना पाये। वहीं दूसरी पारी में वह 44 गेंदों पर 10 रन ही बना पाये और अजीब तरीक से आउट हुए। दूसरी पारी में ऑफ स्पिनर कोरी रोच्चिचोली की गेंद लेग स्टंप के बाहर जा रही थी पर इसके बाद भी राहुल का ऑफ स्टंप उड़ा ले गयी। राहुल ने इस दौरान गेंद को से पैड से धकेलने का भी प्रयास किया पर वह सीधे विकेट में चली गयी। इस प्रकार से राहुल को आउट होते देख सभी हैरान हो गये। यहां तक कि कमेंटेटर भी कुछ समझ नहीं पाये। राहुल के बोल्ड होने के बाद कमेंटेटर ने कहा, मुझे नहीं पता कैसे लेकिन यह आउट है। गेंद राहुल के दोनों पैरों के बीच से होकर विकेट पर जा लगी। इस मैच में सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरे राहुल ने 44 गेंदों पर 10 रन बनाये थे। इस प्रकार दूसरी पारी में भी भारतीय टीम लड़खड़ा गयी और उसके आधे खिलाड़ी 56 रनों के अंदर पेवेलियन लौट गये। अभिमन्यु ईश्वरन ने 17 रन जबकि साई सुदर्शन ने 3 रन बनाये। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने एक बार फिर निराश किया। वह 1 रन ही बना पाये।

वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने अल्जारी पर दो मैचों का प्रतिबंध लगाया

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में गुस्सा दिखाते हुए मैदान छोड़ना भारी पड़ा है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने अल्जारी पर दो मैच के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। इस मैच में अल्जारी ने कप्तान के एक फैसले पर नाराजगी जताते हुए मैदान छोड़ दिया था। ऐसे में टीम को कुछ समय के लिए 10 खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा था। कुछ देर बार जोसेफ वापस मैदान में आए और उन्होंने अपने कोटे के 10 ओवर पूरे किए। मगर जोसेफ से रवैये से नाराजगी जताते हुए वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने उन पर ये प्रतिबंध लगाया है। यह घटना इंग्लैंड की पारी के चौथे ओवर की है। अज्जारी कप्तान शाई होप की लगायी हुई फिल्डिंग से सहमत नहीं थे और उन्होंने इसे बदलने को कहा पर कप्तान इसके लिए तैयार नहीं हुए। इसपर अल्जारी ने तेज गेंदबाजी करते हुए ओवर पूरा कर दिया और मैदान से बाहर चले गये।।

भारतीय टीम वापसी करेगी, एक सीरीज हारने से खराब नहीं हो गयी : लाथम

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने भारतीय टीम की आलोचना करने वालों को करारा जवाब देते हुए कहा है कि एक सिरीज हारने का मतलब ये नहीं है कि भारतीय टीम कमजोर हो गयी है। लाथम ने कहा कि भारतीय टीम अभी भी काफी अच्छी है और वह शानदार वापसी करेगी। लाथम की कप्तानी में भी कीवी टी ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में भारतीय टीम को 3-0 से हराया था। स्वदेश पहुंचने पर लाथम ने कहा, भारतीय क्रिकेट वास्तव में विशेष है। हमने उनके खिलाफ बहुत खेला है। हमारे खिलाड़ी आईपीएल में उनके साथ खेलते रहे हैं। वे निश्चित रूप से हार में भी उदार थे और वे अभी भी एक शीर्ष स्तर वाली टीम हैं। वे निश्चित रूप से एकाएक खराब टीम नहीं बन जाते हैं और मुझे भरोसा है कि वे समय के साथ हालातों को बदल देंगे। लाथम ने कहा कि सीरीज की जीत इसलिए भी हमारे लिए अच्छी रही क्योंकि हमें इससे पहले श्रीलंका के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, जब हम कुछ सप्ताह श्रीलंका में थे, जहां चीजें हमारे अनुरुप नहीं थी तब भी हम निराश नहीं थे। ऐसे में मुझे लगता है कि जब आप कुछ ऐसा हासिल कर पाते हैं जो पहले हासिल नहीं हुआ, तो यह समय और भी खास हो जाता है। यह केवल जश्न मनाने के बारे में है। हमारे पास वहां ठीक होने के लिए कुछ अतिरिक्त दिन थे, इसलिए यह बहुत अच्छा था। न्यूजीलैंड टीम अब अपनी घरेलू धरती पर तीन मैचों की सीरीज में इंग्लैंड का मुकाबला करेगी। इसी को लेकर और लाथम ने कहा कि अब आक्रामक क्रिकेट का सामना करना उनकी टीम को एक अलग प्रकार की चुनौती होग। इंग्लैंड अपनी आक्रामक शैली के लिए जानी जाती है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह एक रोमांचक सीरीज होगी।

पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय में ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया

-सीरीज 1-1 से बराबरी पर आई

एडीलेड (एजेंसी)। हारिस रऊफ, सैम अयूब और अब्दुल्ला शफीक के शानदार प्रदर्शन से पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने यहां ऑस्ट्रेलिया को दूसरे एकदिवसीय मैच में 9 विकेट से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी की है। इस मैच में पाक टीम ने जीत के लिए मिले 163 रनों के लक्ष्य को केवल एक विकेट के नुकसान पर ही 26.3 ओवर में हासिल कर लिया। यह आस्ट्रेलिया में पाकिस्तान की सबसे बड़ी जीत है। इस मैच में पाक टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवरों में ही 163 रनों पर समेट दिया। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को आराम से हासिल कर लिया। पाकिस्तान की ओर हारिस रऊफ ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए जबकि बल्लेबाजी में सैम अयूब ने सबसे अधिक 82 रन बनाए।

163 रनों के लक्ष्य को पाकिस्तान ने आसानी से हासिल कर लिया। शफीक और अयूब ने मिलकर पहले विकेट के लिए 137 रन जोड़ बनाये। मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस इनपर दबाव नहीं डाल पाये। अयूब ने 71 गेंदों पर 82 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और छह छक्के शामिल थे। वहीं शफीक 69 गेंदों पर 64 रन बनाकर नाबाद रहे और बाबर आजम 20 गेंद पर 15 रन बनाकर नाबाद रहे। बाबर ने छक्का लगाकर पाक टीम को जीत दिलायी। मो रिजवान की कप्तानी में ये पाक टीम की पहली जीत है।

इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया जो सही रहा। ऑस्ट्रेलियाई टीम 35 ओवर में 163 रन ही बना पायी। स्टीव स्मिथ के अलावा सभी खिलाड़ी विफल रहे। स्मिथ ने सबसे अधिक 35 रन बनाये। अन्य बल्लेबाज 20 रनों तक भी नहीं बना पाये। राउफ ने आठ ओवर में 29 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि शाहीन अफरीदी ने 8 ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए। नसीम को केवल एक विकेट मिला।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स : कोको गॉफ को हराकर क्रेजिसिकोवा सेमीफाइनल में, स्वियातेक बाहर

रियाद। बारबोरा क्रेजिसिकोवा ने कोको गॉफ को सीधे सेटों में 7-5, 6-4 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जिससे दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक जीत दर्ज करने के बावजूद वर्ष के इस अंतिम टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। क्रेजिसिकोवा सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली अंतिम खिलाड़ी है। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका, झेंग किनवेन और गॉफ पहले ही अंतिम चार में अपनी जगह सुरक्षित कर चुकी थी। विंबलडन चैंपियन क्रेजिसिकोवा ऑरेंज ग्रुप में शीर्ष पर रही और सेमीफाइनल में उनका मुकाबला झेंग से होगा। एक अन्य सेमीफाइनल में गॉफ पर्पल ग्रुप विजेता सबालेंका से भिड़ेंगी। स्वियातेक ने डारिया कसाटकिना को एक घंटे से भी कम समय में 6-1, 6-0 से हराया, लेकिन गॉफ की क्रेजिसिकोवा पर जीत से ही वह ऑरेंज ग्रुप से आगे बढ़ पाती।

ऑस्ट्रेलिया को हराते ही पाकिस्तान ने भारत को पछाड़ा, ये खास रिकॉर्ड तोड़ा

एडीलेड (एजेंसी)। वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया में कुल 75 वनडे इंटरनेशनल मैच जीते हैं, इसके बाद इंग्लैंड का नाम आता है, जिसने ऑस्ट्रेलिया में 53 मैच जीते हैं। पाकिस्तान तीसरे नंबर पर 41 मैचों मे जीत के साथ है। वहीं भारत ने ऑस्ट्रेलिया में कुल 40 मैच जीते हैं। एशियाई टीमों में अब पाकिस्तान ने भारत को पीछे छोड़ दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज का पहला मैच तीन विकेट से जीता था।

मैच की बात करें तो पाकिस्तान ने टॉस जीता और ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम 35 ओवर में ही 163 रनों पर ऑलराउंडर हो गई। हारिस राउफ ने पांच विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच भी चुने गए। हारिस राउफ ने पांच विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच भी चुने गए। वहीं शाहीन अफरीदी ने तीन विकेट निकाले। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टीव स्मिथ ने सबसे ज्यादा 35 रनों का योगदान दिया। स्मिथ के अलावा किसी और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने 20 रन तक नहीं बनाए। 13 से 19 रनों के बीच बाकी बल्लेबाज आउट होते गए।

इसके जवाब में पाकिस्तान ने 26.3 ओवर में ही एक विकेट पर 169 बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। सैम अयूब ने 82 रनों की पारी खेली, वहीं अब्दुल्ला शफीक ने 64 रन बनाए।

पूर्व पाक तेज गेंदबाज बोला, शफीक और अयूब किसी काम के नहीं

-पीसीबी की चयन प्रणाली पर उठे सवाल

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व पाक तेज गेंदबाज सिकंदर बख्त ने कहा है टीम में शामिल दो बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक और सैम अयूब किसी काम के नहीं हैं। बख्त ने कहा कि इस प्रकार के खिलाड़ियों को रखने से कोई लाभ नहीं जो टीम पर एक प्रकार से बोझ से अधिक कुछ नहीं हैं। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने टीम के खराब प्रदर्शन पर चिनता जतायी है और कहा कि अनभवी खिलाड़ी भी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे। पाक टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज के पहले ही मैच में हार का समना करना पड़ा था। बख्त ने वरिष्ठ और युवा दोनों खिलाड़ियों के खराबा फॉर्म पर नाराजगी जतायी है। इस पूर्व क्रिकेटर के बयान के बाद पाक टीम की चयन प्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

1976 और 1989 के बीच पाकिस्तान के लिए 26 टेस्ट मैच और 27 एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि अनुभवी होने के बाद भी बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान टीम को आगे नहीं ले जा पा रहे हैं। इससे इनकी नेतृत्व क्षमता पर भी सवाल उठ रहे हैं। बख्त ने कहा कि बाबर और रिजवान टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं, फिर भी वे कठिन समय में टीम को सही दिशा नहीं दे पा रहे। उन्होंने कहा कि मैच विजेता खिलाड़ी फखर जमान को टीम से बाहर किया जान भी एक गलत फैसला रहा। बख्त ने हालांकि गेंदबाज नसीम शाह के रवैये की प्रशंसा की। इस तेज गेंदबाज ने पहले एकदिवसीय में दबाव के बाद भी अच्छी गेंदबाजी की। नसीम की गेंदबाजी के कारण एक समय ऑस्ट्रेलियाई टीम के हाथ से मैच निकलने लगा था पर अंत में कप्तान पैट कमिंस ने अच्छी बल्लेबाजी कर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

प्रत्येक महीने ट्रेनिंग के लिए दक्षिण अफ्रीका जाएंगे नीरज चोपड़ा, इसलिए लिया फैसला

नई दिल्ली (एजेंसी)। स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा अगले साल होने वाली प्रतियोगिताओं की शुरुआती तैयारी शुरू करने की मुहिम में सत्र के इतर ट्रेनिंग के लिए इस महीने के अंत में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम जाएंगे। ओलंपिक में 2 बार के पदक विजेता 26 वर्षीय नीरज अंतिम बार सितंबर में डायमंड लीग फाइनल में खेले थे। वह दक्षिण अफ्रीका के इस शहर में ट्रेनिंग के लिए 31 दिन रहेंगे। चोपड़ा की ट्रेनिंग का खर्चा खेल मंत्रालय उठाएगा।

मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि वह अपनी ट्रेनिंग जल्दी शुरू करेंगे और 31 दिन के लिए पोटचेफस्ट्रूम में रहेंगे। इसके अनुसार- नीरज की ट्रेनिंग का खर्च खेल मंत्रालय उठाएगा जिसमें उनके और उनके फिजियोथेरेपिस्ट के दक्षिण अफ्रीका में रहने के दौरान रहने, खाने-पीने और ट्रेनिंग का खर्च शामिल होगा। चोपड़ा ने पहले भी तोक्यो और पेरिस ओलंपिक से पहले कई बार पोटचेफस्ट्रूम में ट्रेनिंग की है। उन्होंने जनवरी 2020 में भी वहां एक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जो दुनिया भर में कोविड-19 महामारी फैलने से ठीक पहले हुई थी।

चोपड़ा पूरे वर्ष जांघ की मांसपेशियों की परेशानी से जूझते रहे जिससे पेरिस ओलंपिक और डायमंड लीग फाइनल में उनका प्रदर्शन भी प्रभावित हुआ। उन्होंने सत्र के अंत में डॉक्टरों से परामर्श लेने की बात कही थी ताकि वह इस समस्या से निजात पाने के लिए सर्जरी कराने या नहीं कराने पर फैसला ले सकें। लेकिन 27 सितंबर को पीटीआई से बात करते हुए चोपड़ा ने चोट की चिंताओं को खारिज कर दिया था और कहा था कि वह अपनी तकनीक सुधारने की कोशिश करेंगे।

तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के 3 साल बाद पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले इस स्टार एथलीट ने कहा था कि यह चोटों से घिरा हुआ वर्ष रहा लेकिन अब चोट ठीक है। मैं नये सत्र के लिए पूरी तरह फिट रहूंगा। हाल में वह जर्मनी के कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज से अलग हो गये जिन्होंने पारिवारिक प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी के साथ अपनी पांच साल की साझेदारी समाप्त कर दी।

देश में महंगाई से ज्यादा, युद्ध और अपराधिक हिंसा की चिंता पहले नंबर पर

नई दिल्ली। भारत सहित दुनिया के सभी देशों में महंगाई बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। अभी तक महंगाई सबसे बड़ी चिंता बनी हुई थी। लेकिन अब महंगाई के स्थान पर युद्ध और अपराधिक घटनाओं में हिंसा बढ़ने की चिंता लोगों को सबसे ज्यादा हो गई है। वैश्विक मार्केट रिसर्च फॉर्म ईप्सोस ने जो सर्वे किया है। उसके अनुसार रूस यूक्रेन युद्ध के बाद जिस तरह की आशंका बनी है। भारत जैसे देशों में हिंसा और अपराध जिस तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। उसने लोगों की चिंताएं, महंगाई से हटाकर अपराध और हिंसा को लेकर चिंतित कर दिया है। भारत में किए गए सर्वे में 78त्न भारतीयों ने देश की मौजूदा आर्थिक स्थिति को बेहतर बताया है। दुनिया के अन्य देशों में 61 फ़ीसदी लोगों का मानना है,आर्थिक हालत खराब हो रही है। जापान में यह संख्या 86 फ़ीसदी पाई गई है। सारी दुनिया के देशों में सर्वे में एक बात नए रूप से सामने आई है। महंगाई से ज्यादा अब लोगों को अपराध,हिंसा और वैश्विक युद्ध की संभावना बनी हुई है। उसने चिंता में डाल दिया है। सर्वे में पहले नंबर पर युद्ध की आशंका अपराध और हिंसा माना गया है।दूसरे नंबर पर महंगाई को माना गया है।तीसरे नंबर पर गरीबी और असमानता को लेकर चिंता प्रकट की गई है। चौथे नंबर पर बेरोजगारी को लेकर चिंता जताई गई है। राजनीतिक भ्रष्टाचार को पांचवें नंबर पर सर्वे एजेंसी ने रखा है।

चुनाव से पहले महाराष्ट्र के मांडवी में पकड़ी गई 2.80 करोड़ रुपये से भरी एक वैन

मुंबई। मांडवी पुलिस ने कनेर चौकी चेक पोस्ट के पास एक वैन को रोका और उसमें से 2 करोड़ 80 लाख रुपये बरामद किए। बता दे कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव है और राजनैतिक दल चुनाव प्रचार में लगे हैं और वोटरों को प्रभावित करने में चुनावी वादे कर रहे हैं। बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग ने अक्टूबर में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की थी। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा, जबकि 23 नवंबर को मतगणना की जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के अनुसार, राज्य में कुल 9.63 करोड़ मतदाता हैं। पुलिस ने बताया कि वैन के कर्मचारियों से जब पूछताछ की गई, तो वे कैश के बारे में सही जानकारी देने में असमर्थ रहे, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत चुनाव आयोग की टीम को सूचित किया और कैश को जब्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि वैन में रखे गए इस कैश को लेकर कर्मचारियों ने दावा किया कि यह एटीएम में भरने के लिए ले जाया जा रहा था। कर्मचारियों के अनुसार, यह वैन सीएमएस कंपनी की थी, जो रोजाना विभिन्न बैंकों के एटीएम में कैश ट्रांसफर करती है। हालांकि, कर्मचारियों द्वारा सही जानकारी नहीं देने पर पुलिस ने मामले को गंभीर मानते हुए चुनाव आयोग को सूचित किया।

जोधपुर में ब्यूटीशियन का हत्यारा मुंबई से गिरफ्तार

जोधपुर। जोधपुर में ब्यूटीशियन अनीता चौधरी (50) की निर्मम हत्या के बाद शव के टुकड़े-टुकड़े कर उसे छिपाने के मामले में आरोपी गुलामुद्दीन फारूकी मुंबई से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, गुलामुद्दीन पिछले नौ दिनों से फरार था और उसे वीपी रोड पुलिस थाने के अधिकारियों और राजस्थान पुलिस की संयुक्त टीम ने दक्षिण मुंबई से गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि हत्या का मकसद अनीता के सोने के आभूषणों को लूटना था। गुलामुद्दीन ने अनीता को अक्टूबर के अंत में अपने घर बुलाकर उसकी हत्या की और फिर शव के टुकड़े कर उसे अपने घर के पास 10 फुट गहरे गड्ढे में छिपा दिया। इस दिल दहला देने वाली घटना का खुलासा 28 अक्टूबर को हुआ। पुलिस ने बताया कि अनीता के गायब होने के बाद जांच में यह जानकारी मिली कि वह आखिरी बार गुलामुद्दीन के घर गई थी। गुलामुद्दीन की पत्नी ने बताया था कि उसके पति ने ही हत्या को अंजाम दिया था। पुलिस ने उसकी पत्नी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। हत्या के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए गुलामुद्दीन मुंबई में छिपा हुआ था, लेकिन पुलिस ने उसकी जानकारी जुटाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। इस मामले से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

सीएम सुक्खू के लिए मंगाए समोसे स्टाफ में बांट दिए, हो गया विवाद

-बीजेपी ने कसा तंज-सरकार को खानपान की चिंता, विकासात्मक कार्यों की नहीं

शिमला। हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के लिए होटल से मंगवाए गए समोसे और केक को उनके स्टाफ में बांटने के बाद विवाद हो गया है। इस घटना पर बीजेपी ने प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी का कहना है कि राज्य की जनता परेशान है, लेकिन सरकार को केवल सीएम के खानपान की चिंता है, न कि विकासात्मक कार्यों की। यह घटना 21 अक्टूबर को सीआईडी दफ्तर में सीएम सुक्खू के दौरे के दौरान हुई, जब एक होटल से सीएम के लिए समोसे और केक मंगवाया गया था। गलती से ये समोसे सीएम के बजाय उनकी सुरक्षा टीम को बांट दिए गए। इस गड़बड़ी के बाद सीआईडी ने जांच शुरू की और इसको सरकार विरोधी कृत्य बताया। बीजेपी विधायक और मीडिया विभाग के प्रभारी रणधीर शर्मा ने इस घटना पर तंज कसते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता गंभीर समस्याओं से जूझ रही है और सरकार को केवल सीएम के समोसे की चिंता है। यह हास्यास्पद है कि सरकार का ध्यान विकास कार्यों पर नहीं, बल्कि छोटे से मुद्दे पर है। सीआईडी जांच में पता चला है कि समोसे और केक के तीन डिब्बे होटल से मंगवाए गए थे, लेकिन डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारी ने इस आदेश को सही तरीके से लागू नहीं किया। एसआई और एएसआई को नाश्ता लाने का काम सौंपा गया था, लेकिन उन्हें यह स्पष्ट नहीं था कि ये डिब्बे सीएम के लिए हैं। पर्यटन विभाग के कर्मचारियों से इस बारे में सलाह ली, लेकिन उन्हें बताया गया कि यह मेनू का हिस्सा नहीं है, जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हुई। जांच में यह भी सामने आया कि महिला इंस्पेक्टर ने वरिष्ठ अधिकारी से पुष्टि किए बिना इन डिब्बों को मैकेनिकल ट्रांसपोर्ट सेक्शन को भेज दिया।

भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने कनाडा को सबक सिखाने बनाया मास्टर प्लान

- फाइव-आइज देशों के सहयोग से पीएम ट्रूडो पर बनाया जाएगा दबाव

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और कनाडा के बीच तनाव बना हुआ है, जब कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भारत को अपने दुश्मन देशों की सूची में डाल दिया है। इस पर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा को सबक सिखाने मास्टर प्लान तैयार किया है। जयशंकर जो भारत की विदेश नीति के प्रमुख रणनीतिकार माने जाते हैं, इस समय वैश्विक कूटनीति में सक्रिय हैं और उनका मुख्य लक्ष्य कनाडा पर दबाव बनाना है।

जयशंकर की रणनीति में फाइव-आइज देशों का सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। फाइव-आइज एक खुफिया संगठन है, जिसमें अमेरिका, कनाडा, ऑस्?ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और यूनाइटेड किंगडम (यूके) शामिल हैं। इन देशों के बीच खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान होता है और जयशंकर का मानना है कि इन देशों के जरिए से कनाडा पर दबाव डाला जा सकता है।

विशेष रूप से अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच मजबूत रिश्ते को ध्यान में रखते हुए जयशंकर यह उम्मीद करते हैं कि ट्रंप के समर्थन से कनाडा पर प्रभाव डाला जा सकता है। कनाडा में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग की प्रेस कॉन्फ्रेंस का प्रसारण हुआ था। भारत ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और यह मामला कनाडा के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परेशानी का कारण बन सकता है। ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत के संबंध बेहद मजबूत हैं, और ऐसी घटनाएं कनाडा के लिए मुश्किलें पैदा कर सकती है।

ब्रिटेन जो कि फाइव-आइज का सदस्य है, कनाडा के रुख को लेकर पहले भारतीय पक्ष में नहीं था, लेकिन भारत के कड़े रुख के बाद ब्रिटेन ने कनाडा से हरदीप सिंह निज्जर हत्या की जांच में सहयोग की मांग की। भारत और ब्रिटेन के बीच अच्छे संबंध हैं, और यह स्थिति ब्रिटेन को भारत के पक्ष में लाने में मददगार साबित हो सकती है।

इस समय न्यूजीलैंड की स्थिति तटस्थ है और इसका भारत की कूटनीतिक रणनीति पर ज्यादा असर नहीं दिखता है। हालांकि, जयशंकर की प्राथमिकता फाइव-आइज के प्रमुख देशों के जरिए कनाडा पर दबाव बनाने की है ताकि भारत के हितों की रक्षा की जा सके। इस तरह जयशंकर की रणनीति कनाडा पर कूटनीतिक दबाव बनाने की ओर अग्रसर है, और भारत की विदेश नीति में यह एक अहम मोड़ साबित हो सकता है।

जगदंबिका पाल के कर्नाटक दौरे पर ओवैसी ने उठाए सवाल

हैदराबाद। एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल के कर्नाटक दौरे पर सवाल उठाए हैं। ओवैसी ने कहा कि समिति का काम केवल वक्फ विधेयक का अध्ययन करना है, न कि अन्य मसलों पर ध्यान देना। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा अध्यक्ष को इस मुद्दे का संज्ञान लेना चाहिए और समिति के एकपक्षीय रवैये पर कार्रवाई करनी चाहिए। ओवैसी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, वक्फ विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष ने हालही में कर्नाटक में कुछ स्थानीय मुद्दों के संबंध में दौरा किया। यह समिति का काम नहीं है। उनका कार्य केवल विधेयक का अध्ययन करना है। उन्होंने यह भी कहा कि समिति पहले ही कर्नाटक में परामर्श कर चुकी है और अब इस मुद्दे को उठाना अनुचित है।

किसानों की शिकायत- हमारी भूमि को बता रहे वक्फ की संपत्ति

जगदंबिका पाल को कर्नाटक के उत्तरी जिलों के किसानों से 500 से अधिक याचिकाएं मिलीं। किसानों ने आरोप लगाया कि उनकी निजी भूमि को वक्फ संपत्ति के रूप में चिह्नित किया गया है, जिससे उनकी संपत्तियों पर संकट मंडरा रहा है। इस पर सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि यह मामला किसानों के लिए गंभीर है और उनकी शिकायतों का सही तरीके से समाधान किया जाना चाहिए। यह विवाद उस समय सामने आया है जब वक्फ विधेयक 2024 पर संसद में चर्चा जारी है। अब देखना यह होगा कि लोकसभा अध्यक्ष इस मामले पर क्या कदम उठाते हैं।

'संडे मार्केट' ग्रेनेड हमला मामले में बड़ा एक्शन, लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी गिरफ्तार

श्रीनगर (एजेंसी)। लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े तीन आतंकी सहयोगियों को श्रीनगर में ग्रेनेड हमले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। इस हमले में सुरक्षा बलों को निशाना बनाया गया और 12 नागरिक घायल हो गए। पुलिस महानिरीक्षक कश्मीर जोन वीके बर्डी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान उसामा यासीन शेख, उमर फैयाज शेख और अफनान मंसूर शेख के रूप में की गई है। तीनों शहर के इखराजपोरा इलाके के हैं। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने तीन आतंकी सहयोगियों की गिरफ्तारी के साथ मामले को सुलझा लिया है।

बिरदी ने यह भी बताया कि यह हमला पाकिस्तान स्थित आतंकी आकाओं के इशारे पर किया गया था, जिनका उद्देश्य क्षेत्र में शांति और शांति को भंग करना था। तीनों आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ यूएपीए [गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम] के तहत मामला दर्ज किया गया है। आतंकवादियों ने क्षेत्र में तैनात सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के प्रयास में एक साप्ताहिक कबाड़ी बाजार में एक फ्लाईओवर से हथगोले फेंके। ग्रेनेड एक अर्धसैनिक वाहन के पास गिरे और फट गए, जिससे 12 नागरिक घायल हो गए।

रविवार का हमला जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों और मुठभेड़ों की एक श्रृंखला की पृष्ठभूमि में हुआ, जब 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद पहली निर्वाचित सरकार ने 16 अक्टूबर को शपथ ली थी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सुरक्षा बलों से क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादी संगठनों को जोरदार जवाब देने और उन्हें कुचलने के लिए कहा था।

एनसीपी नेता अजित पवार ने योगी के हिंदुत्ववादी बयानों से किया किनारा

-कहा-बीजेपी स्टार प्रचारकों से नहीं कराएंगे चुनाव प्रचार, मोदी-शाह की रैली भी नहीं

पुणे (एजेंसी)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर एनसीपी के अध्यक्ष अजित पवार ने चुनावी रणनीति को लेकर कुछ फैसले लिए हैं। उन्होंने बीजेपी के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ के हिंदुत्ववादी बयानों से किनारा कर लिया है और अब उन्होंने पीएम मोदी से भी अपनी विधानसभा बारामती में प्रचार करने की अपील नहीं की है। अजित पवार का कहना है कि बारामती में परिवार के बीच ही चुनावी लड़ाई है, क्योंकि वह अपने भतीजे युगेंद्र पवार के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं।

अजित पवार ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी ने बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं, जैसे अमित शाह को अपनी चुनावी सभाओं से दूर रखने का फैसला लिया है। उनका मानना है कि प्रचार के लिए समय की कमी और चुनाव खर्च की सीमा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। इसके अलावा उनका यह भी कहना है कि बारामती में बीजेपी नेताओं के हिंदूत्ववादी बयान से उनकी पार्टी के वोटर नाराज हो सकते है, इसलिए उन्होंने इसे टालने का फैसला लिया है।

पीएम मोदी का चुनावी अभियान शुक्रवार से शुरू हो गया है और वह 9 नवंबर को अकोला और नांदेड़ में रैलियां करेंगे। साथ ही बीजेपी के अन्य नेता जैसे अमित शाह भी चुनावी सभाओं में हिस्सा लेंगे, लेकिन अजित पवार की रणनीति के तहत इन नेताओं को उनकी पार्टी के चुनावी क्षेत्रों से दूर रखा जाएगा। अजित ने अपनी चुनावी स्थिति को लेकर आत्मविश्वास दिखाते हुए कहा कि वह बारामती में अपनी जीत को लेकर पूरी तरह से निश्चिंत हैं और उम्मीद जताई कि जीत का अंतर बड़ा होगा।

2019 के राज्य चुनावों में उन्होंने रिकॉर्ड 1.65 लाख वोटों से जीत हासिल की थी, लेकिन बीजेपी के साथ गठबंधन के बाद उन्हें कुछ परंपरागत वोटरों से नुकसान हुआ था। अब वह महायुति के साथ रणनीतिक रूप से हैं, लेकिन अपनी पारंपरिक वोट बैंक को नाराज नहीं करना चाहते हैं। अजित पवार की यह रणनीति आगामी चुनावों में उनके लिए कितनी फायदेमंद साबित होगी, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

मरियम के आह्वान के बाद 'जलवायु कूटनीति' पर पाकिस्तान से कोई संदेश नहीं मिला

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सीएम मरियम ने भारत के साथ मिलकर वायु प्रदूषण के मुद्दे को सुलझाने के लिए जलवायु कूटनीति का आह्वान करने कुछ दिन बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस मामले पर इस्लामाबाद की ओर से अभी तक कोई औपचारिक संदेश नहीं मिला है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सीएम मरियम नवाज ने हाल में भारत के साथ जलवायु कूटनीति का आह्वान किया और कहा कि वह जल्द ही भारत में पंजाब के सीएम भगवंत मान को संयुक्त रूप से धुंध के मुद्दे पर हल निकालने के लिए पत्र लिखेंगी। सीमा के दोनों तरफ के शहरों को प्रभावित करने वाले वायु प्रदूषण के मुद्दे से संबंधित प्रश्न का संदर्भ देते हुए जायसवाल ने कहा कि जलवायु कूटनीति पर आपके प्रश्न के संबंध में अभी तक हमें पाकिस्तान की ओर से कोई औपचारिक संदेश नहीं मिला है।

बिहार सीएम नीतीश के बेटे की सादगी और विनम्रता ने लोगों का दिल जीता

- वीडियो वायरल, लोगों बोले- निशांत, नीतीश कुमार की फोटो कॉपी

पटना (एजेंसी)। बिहार के सीएम नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार इन दिनों सुर्खियों में हैं। निशांत का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक दुकान पर स्पीकर खरीदते नजर आ रहे हैं। जब मीडिया ने उन्हें घेर लिया और सवाल-जवाब शुरू किए, तो निशांत ने अपनी सादगी और विनम्रता से लोगों का दिल जीत लिया।

यह वीडियो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है और सोशल मीडिया पर उनकी सादगी की खूब तारीफ हो रही है। एक यूजर ने लिखा- ये है रियल सुपुत्र, तो वहीं दूसरे ने कहा कि मां कसम दिल जीत लिया राधे-राधे। एक ने निशांत को अति सुंदर और अच्छे विचारों वाला बताया। सिद्धार्थ जैन ने कमेंट करते हुए लिखा- इस बेटे का बहुत बड़ा योगदान है, क्योंकि उनके कारण कभी भी नीतीश कुमार के राजनीतिक जीवन पर परिवारवाद का सवाल नहीं उठा।

निशांत के बारे में कहा जा रहा है कि वह राजनीति से दूर हैं और कभी भी कोई राजनीतिक बयानबाजी नहीं करते हैं। वह बचपन से पढ़ाई में तेज हैं और अपनी सादगी के लिए पहचाने जाते हैं। एक यूजर ने टिप्पणी की हमें तो लगता है कि उन्हें राजनीति में आना चाहिए। तेजस्वी यादव और निशांत के बीच राजनीति में टक्कर हो सकती है। वहीं कुछ लोगों ने निशांत को नीतीश कुमार की फोटो कॉपी बताया है। इससे पहले यह खबरें आई थीं कि निशांत राजनीति में एंट्री कर सकते हैं, लेकिन उन्होंने इन अटकलों को सिरे से खारिज कर कहा था कि उनकी राजनीति में रुचि नहीं हैं। उनका ज्यादा समय धर्म और अध्यात्म में गुजरता है। निशांत कुमार का यह वीडियो यह साबित करता है कि वह अपनी सादगी और नेक विचारों के कारण लोगों के दिलों में खास स्थान रखते हैं, और उनके पिता के राजनीतिक करियर पर भी उनका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

रुपया डॉलर के मुकाबले कमजोर, यह नोटबंदी की असफलता का नतीजा : अखिलेश

-नोटबंदी के 8 साल पूरे होने पर सपा प्रमुख ने बीजेपी सरकार को घेरा

लखनऊ (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नोटबंदी के 8 साल पूरे होने पर बीजेपी सरकार को घेरा। अखिलेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा- नोटबंदी को भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में एक काला अध्याय है। उन्होंने कहा कि नोटबंदी की नाकामयाबी का असर अब तक महसूस किया जा रहा है, और एक दिन पहले ही रुपया डॉलर के मुकाबले अपनी सबसे कमजोर स्थिति में पहुंच गया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या यह नोटबंदी की असफलता का नतीजा है, या फिर बीजेपी की नकारात्मक नीतियों का परिणाम?

सपा प्रमुख ने पूछा कि क्या अब बीजेपी यह कहेगी कि रुपया डॉलर के मुकाबले गिरा नहीं है, बल्कि डॉलर ऊपर उठ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को अनर्थव्यवस्था में बदल दिया है। उन्होंने आगे कहा कि रुपया कहे, आज का, नहीं चाहिए बीजेपी।

गौरतलब है कि 8 नवंबर 2016 को पीएम नरेंद्र मोदी ने 500 और 1000 रुपए के पुराने नोटों को चलन से बाहर कर दिया था, जिससे पूरे देश में बैंकों और एटीएम के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग गई थीं। इसका मुख्य उद्देश्य कालाधन पर नियंत्रण और डिजिटल इकोनॉमी को बढ़ावा देना बताया था लेकिन नोटबंदी के फैसले की व्यापक आलोचना हुई और इसका असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप कई लोगों को रोजगार से हाथ धोना पड़ा और व्यापार में नुकसान उठाना पड़ा था।

तीन करोड़ लोगों ने एक दिन में किया ट्रेन में सफर, रेलवे ने रचा इतिहास

-त्योहारी सीजन के चलते रेल यात्रियों की संख्या में भारी बढ़ोतरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में ट्रेनों में रोज लाखों यात्री सफर करते हैं और इसमें आए दिन इजाफा हो रहा है। भारतीय रेलवे ने 4 नवंबर 2024 को एक नया रिकॉर्ड बनाया है, जिसमें तीन करोड़ से ज्यादा यात्री ट्रेन से यात्रा करने के लिए बोर्डिंग करते थे। यह भारतीय रेल के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और रेल मंत्रालय ने इसे देश के रेल परिवहन के इतिहास में मील का पत्थर बताया है।

रेल मंत्रालय के मुताबिक 4 नवंबर को कुल 120.72 लाख नॉन-सबअर्बन यात्रियों ने यात्रा की। इसमें 19.43 लाख यात्री आरक्षित और 101.29 लाख यात्रियों ने अनारक्षित श्रेणी में सफर किया। इसके अलावा 180 लाख सबअर्बन यात्रियों को भी सफर कराया गया, जिससे कुल संख्या तीन करोड़ के आंकड़े को पार हो गई। इस उपलब्धि को हासिल करने का समय विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह भारतीय रेल के व्यस्ततम महीनों में से एक था, जब त्योहारी सीजन के चलते यात्रियों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा जैसे त्योहारों के दौरान लाखों लोग एक राज्य से दूसरे राज्य की यात्रा करते हैं और ऐसे में ट्रेन यात्रा का सबसे लोकप्रिय विकल्प है।

भारतीय रेलवे ने यात्रियों की भारी संख्या को संभालने के लिए विशेष उपाय किए। खासकर त्योहारी सीजन में। रेलवे बोर्ड ने 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक 7,663 स्पेशल ट्रेन सेवाएं चलाई हैं, जो पिछले साल की तुलना में 73 फीसदी ज्यादा हैं। यह कदम यात्रियों की बढ़ती संख्या को व्यवस्थित करने और उन्हें बेहतर सुविधा देने के लिए उठाया है। भारतीय रेलवे का यह रिकॉर्ड और प्रयास उसकी परिचालन कुशलता और यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह* प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह** (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**